समृद्धि न्यूज़

संसेक्स 59,463.93
निफ्टी 17,465.80

तापमान
अधिकतम 28 °c
न्यूनतम 13 °c

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



यूपी की कानून व्यवस्था लोगों की मिसाल : खन्ना पेज-02

उत्तर प्रदेश विधानसभा में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की... पेज-03

वर्ष 10 अंक 188 लखनऊ, 25 फरवरी, शनिवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 2.00 www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

पीएम की नगालैंड-मेघालय में तीन चुनावी सभाएं : कहा- कुछ लोग कहते हैं- मोदी तेरी कब्र खुदेगी

# देश कह रहा- मोदी तेरा कमल खिलेगा

एजेंसी

**शिलांग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नगालैंड और मेघालय में तीन चुनावी सभाओं में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने मेघालय के शिलॉन्ग में कहा कि कुछ लोग जिनको देश ने नकार दिया है, जो निराशा के गर्त में डूब चुके हैं, वो आजकल माला जपते हैं और कह रहे हैं कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी, लेकिन देश कह रहा है, देश का कोना कोना कह रहा है, मोदी तेरा कमल खिलेगा।

पीएम ने कहा- आज जिस प्रकार से शानदार और जानदार रोड शो आपने किया है, आपका यह प्यार, आपका यह आशीर्वाद, मैं आपके इस कर्ज को जरूर चुकाऊंगा। आपके इस प्यार और आशीर्वाद का कर्ज मैं मेघालय का विकास कर चुकाऊंगा, आपके कल्याण के काम को गति देकर चुकाऊंगा। आपके इस प्यार को मैं बेकार नहीं जाने दूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा- जब मैं मेघालय के बारे में सोचता हूं तो मैं प्रतिभाशाली लोगों, जीवंत परंपराओं के बारे में सोचता हूं, अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य के बारे में भी सोचता हूं। मेघालय का संगीत जीवंत है। फुटबॉल के लिए जुनून है। मेघालय के हर कोने में रचनात्मकता है। प्रधानमंत्री ने कहा- मेघालय में चारों तरफ बीजेपी ही बीजेपी दिख रही है। पर्वतीय हो या मैदानी इलाका, गांव हो या शहर हर तरफ कमल खिलता दिख रहा है।



## गुरुजी ने बोल दिया, बस हम तो धन्य हो गए

**दिमापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को नगालैंड के दिमापुर में थे। वे यहां चुनावी रैली को संबोधित करने आए थे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान नगालैंड भाजपा के अध्यक्ष और राज्य के हायर एजुकेशन और ट्राइबल मिनिस्टर तेमजेन इमना अलॉन्ग की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, तेमजेन की बातें पूरा देश सुनता है और मजे लेता है। मैं भी उनको हमेशा देखने की कोशिश करता हूं। प्रधानमंत्री से मिली तारीफ के बाद तेमजेन इमना अलॉन्ग ने सोशल मीडिया पर रिएक्शन दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री की बातें शेयर करते हुए लिखा, गुरुजी ने बोल दिया बस, हम तो धन्य हो गए! बता दें कि तेमजेन इमना बहुत अच्छी हिन्दी बोलते हैं। इसके अलावा वे अपने मजेदार बयानों को लेकर भी सोशल मीडिया पर छाए रहते हैं। तेमजेन नगालैंड के हैं।

### फर्जी वोटिंग नगालैंड में बड़ी समस्या

नगालैंड देश का इकलौता ऐसा राज्य है, जहां साल 2013 में 90 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग हुई थी। हालांकि, बाद में सामने आया कि राज्य में बड़ी संख्या में फर्जी वोटिंग होती रही है। इलेक्शन कमीशन ने यहां सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में वोटिंग और कड़ी मॉनिटरिंग के इंतजाम भी किए हैं।

### सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है भाजपा

मेघालय में भाजपा ने सभी 60 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। 2018 में पार्टी ने 60 सीटों में से 48 पर उम्मीदवार उतारे, इनमें 2 जीते भी। एनपीपी के साथ भाजपा सरकार में शामिल रही। इस बार भाजपा सभी सीटों पर लड़ रही है। उसकी रणनीति प्रत्येक वोटर के साथ जुड़ने की है, क्योंकि वोटर उम्मीदवार के साथ संपर्क चाहता है। इससे पहले भाजपा ने 17 फरवरी को त्रिपुरा में 55 सीटों पर चुनाव लड़ा था।

बाबा रामदेव ने सीएम योगी से की मुलाकात
मेट्रो में बैठकर यात्रियों संग खिंचवाई फोटो, कहा-




# विदेश जैसी सुविधा अब लखनऊ में

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

योग गुरु बाबा रामदेव शुक्रवार को एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सुबह में लखनऊ पहुंचे। एयरपोर्ट से उतरने के बाद बाबा रामदेव मेट्रो में बैठ गए। उनके साथ मेट्रो के एमडी सुनील कुमार भी थे।रामदेव ने बापू भवन तक का सफर मेट्रो से किया। बाबा रामदेव ने इस दौरान यात्रियों से बात की और साथ में फोटो भी खिंचवाएं। बाबा रामदेव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भारत में पहली बार मैंने किसी मेट्रो में सफर किया है, जिस तरह से विदेशों में व्यवस्था है उसी तरह लखनऊ में भी मेट्रो व्यवस्था शुरू हो गई है। इसका सफर लोगों को करके शहर को प्रदूषण मुक्त बनाना चाहिए। बाबा रामदेव दोपहर में अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास पहुंचे। उन्होंने सीएम से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें ओडीओपी प्रोडक्ट भेंट किया।

## संक्षिप्त समाचार

### उपराज्यपाल के आदेशों का ना करें पालन

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की दिल्ली सरकार ने अधिकारियों को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के सीधे आदेशों को ना मानने का निर्देश दिया है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि लंबे समय से सरकार और उपराज्यपाल के बीच कई मुद्दों को लेकर चल रही खींचतान के बाद यह आदेश दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि नया मामला सरकारी स्कूल के शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड भेजने के प्रस्ताव का है। आप नेता पहले भी कई मौकों पर एलजी पर दिल्ली की चुनी हुई सरकार को दरकिनार कर अधिकारियों को आदेश जारी करने का आरोप लगा चुके हैं।

### महाराष्ट्र के दो जिलों के नाम बदले

**मुंबई।** महाराष्ट्र के औरंगाबाद का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर और उस्मानाबाद का नाम धाराशिव कर दिया गया है। महाराष्ट्र सरकार ने पहले ही इसका ऐलान कर दिया था। अब इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार ने भी मंजूरी दे दी है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है।

### अज्ञात लोगों ने एक नागरिक को गोली मारी, हालत गंभीर

**श्रीनगर।** कश्मीर के अनंतनाग जिले के बिजबहेरा गांव में अज्ञात लोगों ने एक नागरिक को गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान हसन पोरा तवेला के रहने वाले आसिफ अली गनई के रूप में हुई है।

### राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल को घर में घुसकर मारी गोली

**प्रयागराज।** यूपी के प्रयागराज में बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की गोली दी गई। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, उमेश पर सुलेम सराय स्थित उसके घर में घुसकर हमला किया गया है। वह साल 2005 में हुए बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड का गवाह था। राजू पाल हत्याकांड का मुख्य आरोपी माफिया अतीक अहमद और उसका भाई अशरफ है।

छत्तीसगढ़ में पिकअप वैन और ट्रक में भिड़ंत

# 11 लोगों की मौत, 12 घायल

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में एक पिकअप वैन और ट्रक के बीच हुई टक्कर में चार बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई है और 12 अन्य घायल हो गये। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को केंद्र और राज्य सरकार ने कुल छह लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा ने बताया कि सिमगा क्षेत्र के खिलोरा गांव के रहने वाले ग्रामीण अर्जुनी इलाके में एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे कि इसी दौरान खमरिया गांव के निकट वैन की ट्रक से टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे में चार बच्चों सहित 11 लोगों की मौत हो गई है जबकि 12 अन्य घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

## ट्रक चालक मौके से फरार

पुलिस अधीक्षक झा ने बताया कि गंभीर रूप से घायल दो लोगों को राजधानी रायपुर के एक अस्पताल में ले जाया गया है जबकि दस अन्य को बलौदाबाजार जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक अपने वाहन को छोड़कर मौके से फ़रार हो गया। उन्होंने बताया कि चालक की तलाश की जा रही है। इस बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस हादसे पर दुख जताया और जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता और घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए। बघेल ने एक ट्वीट में कहा, श्बलौदाबाजार-भाटापारा में सड़क हादसे में मारे गये लोगों के परिवारों को चार-चार लाख रुपये और घायलों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि की घोषणा करता हूं। दु:ख की इस घड़ी में हम सब आपके साथ हैं।श् वहीं प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

# स्थायी समिति के चुनाव में नतीजों को लेकर हंगामा

फिर से मतगणना के आदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली एमसीडी में स्टैंडिंग कमेटी (स्थायी समिति) के चुनावों के नतीजों को लेकर हंगामा शुरू हो गया है। सूत्रों का दावा है कि राज्य चुनाव से आए अधिकारियों ने तीन-तीन सीट पर भाजपा और आप को जीतने का रिजल्ट बनाकर दिया है, लेकिन महापौर ने रिजल्ट के बाद एक वोट को रद् घोषित कर दिया है। जिस पर निगम सचिव और चुनाव आयोग के अधिकारी ने हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है। अब महापौर ने दोबारा गिनती के आदेश दिए हैं, लेकिन अधिकारी भी तैयार नहीं है। एक वोट रद होने से आप को चौथै प्रत्याशी को जीतने में मदद होगी।

### ये है विवाद

भाजपा के किसी पार्षद ने जो वोट दिया वह पहली प्राथमिकता पर पंकज लूथरा को वोट दिया है जबकि गजेंद्र सिंह दराल और कमलजीत सहरावत के सामने 2-2 लिख दिया है। सूत्रों का दावा है कि चुनाव आयोग के अधिकारियों ने पहली प्राथमिकता पर पंकज लूथरा के वोट को सही माना है जबकि कमलजीत सहरावत और गजेंद्र दरार को दूसरी दूसरी प्राथमिकता पर वोट देने को रद किया है।

# मोदी सरकार आदिवासियों, दलितों पिछड़ों और गरीबों की सरकार : शाह

## सबके विकास के लिए करते हैं काम

**भोपाल (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज मध्य प्रदेश के दौरे पर हैं। सतना में उन्होंने शबरी माता जन्म जयंती के अवसर पर कोल जनजाति महाकुंभ को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में कोल जनजाति का योगदान स्वर्णाक्षरों में अंकित है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय... समाज के गरीब से गरीब व्यक्ति के लिए समाज में सम्मान के साथ जीने का रास्ता बनाना, यही भाजपा सरकारों की पहचान है। उन्होंने कहा कि एक जमाना था जब कांग्रेस की सरकार थी, गरीबों के घर में शौचालय नहीं था। उन्होंने दावा किया कि नरेंद्र मोदी ने 10 करोड़ गरीबों के घर में शौचालय बनवाए और इसमें से भी सबसे ज्यादा मेरे आदिवासी भाई-बहनों के घर में बने। शाह ने कहा कि हम सबके विकास के लिए काम करते हैं। अंत्योदय भाजपा का आदर्श वाक्य है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के गरीब लोगों को सम्मानित जीवन प्रदान करना हमारा लक्ष्य और प्रतिबद्धता है। मोदी जी ने कहा था कि उनकी सरकार आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और गरीबों की सरकार है। उन्होंने अपनी सरकार के प्राथमिक उद्देश्यों का संदेश भेजा था। और आज 9 साल बाद हम जमीन पर उनकी प्रतिबद्धताओं को पूर्ण रूप से साकार होते देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोल समाज के सभी भाइयों-बहनों, मैं आपको 1831 का कोल विद्रोह भी याद दिलाना चाहता हूं। यह भाजपा की ही सरकार है जिसने जनजातियों द्वारा किए विद्रोह को स्थान देते हुए स्वतंत्रता संग्राम समारक बनाने का निर्णय लिया।



कांग्रेस का 85वां अधिवेशन : सब्जेक्ट समिति की बैठक में राहुल-सोनिया मौजूद

# नहीं होगा सीडब्ल्यूसी का चुनाव

● सोनिया आज और राहुल 26 फरवरी को करेंगे संबोधित

**रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर में कांग्रेस का 85वां राष्ट्रीय अधिवेशन हो रहा है। इसमें शामिल होने देशभर से कांग्रेस नेता पहुंचे हैं। राहुल गांधी और सोनिया गांधी भी अधिवेशन में शामिल हो गए हैं।

इस बीच, सब्जेक्ट समिति की बैठक शुरू हो गई है। स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में तय हुआ है कि सीडब्ल्यूसी का चुनाव नहीं होगा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सदस्य नॉमिनेट करने का अधिकार सर्वसम्मति से दिया गया है। अधिवेशन में कांग्रेस पार्टी के संविधान में संशोधन पर भी विचार किया जाएगा। सब्जेक्ट समिति की बैठक में राजनीतिक, आर्थिक और विदेशी मामले, कृषि, युवा शिक्षा, रोजगार, सामाजिक कल्याण, सशक्तिकरण के विषयों पर बात होगी। इस पर राजनीतिक प्रस्ताव भी लाया जा सकता है। शुक्रवार सुबह से चल रही अनिश्चितता की खबरों के बाद दोपहर करीब 3 बजे सोनिया गांधी और राहुल गांधी विशेष विमान से रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर चरणदास महंत, एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित अन्य नेताओं ने किया।



अन्ना आंदोलन के कारण यूपीए सरकार सत्ता से बाहर हुई

# फिर भी देश से भ्रष्टाचार खत्म नहीं हुआ : प्रशांत किशोर

**सिवान (एजेंसी)।** चर्चित चुनावी रणनीतिकारप्रशांत किशोर ने शुक्रवार को दावा करते हुए कहा कि अन्ना आंदोलन के कारण यूपीए सरकार सत्ता से जरूर बाहर हुई, लेकिन फिर भी देश से भ्रष्टाचार खत्म नहीं हुआ। जनसुराज पदयात्रा से बिहार की राजनीति में अपनी पहचान बनाने में जुटे किशोर ने यात्रा के 146 वें दिन की शुरूआत सिवान के दोन बुजुर्ग पंचायत स्थित द्रोणाचार्य स्टेडियम में सर्वधर्म प्रार्थना से हुई। प्रशांत किशोर ने इसके बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि लोगों के मन में एक घबराहट है कि कल कोई मंगल ग्रह से आएगा और परसों आंदोलन करके 3 दिनों मे बिहार को सुधार देगा। सबसे पहले लोगों को इस मानसिकता से निकलना होगा, जन सुराज कोई सामाजिक आंदोलन नहीं है और ना ही दल बनाकर वोट लेने का अभियान है। उन्होंने कहा कि आंदोलन और क्रांति तेज हथियार की तरह है, इससे आप किसी सत्ता को उखाड़ सकते हैं, तेज हथियार से बड़े-बड़े पेड़ को काटा जा सकता है, लेकिन तेज हथियार से आप पौधे को पेड़ नहीं बना सकते हैं।



मेरठ में कोल्ड स्टोरेज में फटा बॉयलर

# सात लोगों की मौत

## 10 से अधिक मलबे में दबे

**लखनऊ (समृद्धि न्यूज़)।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में कोल्ड स्टोरेज का बॉयलर फटने से बड़ा हादसा हो गया। बॉयलर फटने से कोल्ड स्टोरेज का लेंटर गिर गया है। मलबे के नीचे 10 से ज्यादा लोग दबे हुए हैं। इस हादसे में 7 लोगों के मौत हो गई है। मेरठ के दौराला थाना क्षेत्र का मामला है।

पुलिस और लोग रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं। एनडीआरएफ की टीम भी राहत व बचाव कार्य में जुटी हुई है। यह कोल्ड स्टोरेज सरधना से पूर्व विधायक चंद्रवीर सिंह का है। यह बीएसपी से पूर्व विधायक थे। कुछ मजदूर मलबे में दबे तो कुछ रिसाव से बेहोश हो गए हैं।मलबे से निकाले गए घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।



### जेसीबी से हटाया गया मलबा


जेसीबी के जरिए मलबे को हटाया जा रहा है। मौके पर फायर ब्रिगेड की भी गाड़ी मौजूद है। एनडीआरएफऔर एसडीआरएफ की टीम राहत कार्य में जुटी हुई है।घटना की जानकारी मिलते ही मेरठ एडीजी जोन राजीव सभरवाल, मेरठ कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे, डीएम, एसएसपी, सीओ, एसडीएम समेत कई अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी भी घटनास्थल पर हैं।

अखिलेश का भाजपा पर कटाक्ष | हमें भाजपा के बहकावे में नहीं आना चाहिए, लगातार जनता का ध्यान बुनियादी मुद्दों से भटकाने की कर रही कोशिश

# सपा की सरकार बनी तो जाति आधारित जनगणना कराएंगे : अखिलेश यादव

नोएडा, समृद्धि न्यूज़

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकार बनने पर जाति आधारित जनगणना कराई जाएगी। उन्होंने यहां सेक्टर-63 स्थित हजरतपुर-वाजितपुर गांव में पार्टी नेता दिवंगत राजपाल यादव की प्रतिमा का अनावरण किया। सपा प्रमुख ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जनता का ध्यान बुनियादी मुद्दों से भटकाने की लगातार कोशिश कर रही है। अखिलेश ने कहा, ''हमें उनके (भाजपा) बहकावे में नहीं आना है। वर्तमान शासन काल में महंगाई चरम पर है। बेरोजगारी की दर बढ़ती जा रही है। भ्रष्टाचार बेलगाम है। किसान, नौजवान सहित समाज का हर वर्ग परेशान है।'' उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा देती है, लेकिन जातिगत जनगणना नहीं कराना चाहती। अखिलेश ने कहा कि बिना जातिगत जनगणना के भाजपा का यह नारा अधूरा है। अखिलेश ने कहा, ''जब बिहार में जाति आधारित जनगणना हो सकती है तो उप्र में क्यों नहीं हो सकती। यदि सपा की सरकार बनी तो तीन महीने के अंदर जातीय जनगणना कराएंगे।'' उन्होंने कहा कि भले ही भाजपा ने दुबारा सरकार बना ली, पर न तो उसकी राजनीतिक विश्वसनीयता रह गई है और न ही वित्तीय विश्वसनीयता रह गई है क्योंकि सरकार वादे पूरे नहीं कर पा रही है।



जातीय जनगणना, संजय निषाद पर अखिलेश यादव का जोरदार हमला, कहा-

# इस पर छुट भैया नेता न बोलें

**नोएडा।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव शुक्रवार को नोएडा पहुंचे। यहां उन्होंने सेक्टर-63 स्थित हजरतपुर वाजिदपुर गांव में प्रतिमा राज पाल सिंह यादव की प्रतिमा का अनावरण किया। यहां एक जनसभा को भी संबोधित किया। इस दौरान अखिलेश यादव ने बीजेपी पर जोरदान निशाना साधा। अखिलेश ने कहा कि बीजेपी केशव प्रसाद मौर्य को हमेशा आगे करती है। जातीय जनगणना आखिरी बार अंग्रेजों के शासन काल 1931 में हुई थी। इसके बाद जनता की मांग पर मुलायम सिंह यादव (नेता जी) और शरद यादव ने कांग्रेस सरकार में प्रयास किया था, आज सबसे जरूरी जातीय जनगणना है। अखिलेश ने कहा कि जाति जनगणना पर छुट भैया नेता न बोलें, इस पर सिर्फपीएम और सीएम बोलें। अखिलेश यादव ने संजय निषाद और आशीष पटेल को छुट भैया नेता कहा। संजय निषाद से पूछा, क्या वो आउटसोर्सिंग का समर्थन करते हैं। नीतीश कुमार ने जातीय जनगणना का समर्थन किया है। क्या संजय निषाद उनसे बड़े नेता हैं। उन्होंने कहा कि वह बार नोएडा नहीं आए। उन्होंने कहा कि अगर बीजेपी इस बात को कहती है कि सबका साथ,सबका विकास और सबका विश्वास तो कम-कम हर जाति में ये विश्वास पैदा हो कि उनको भी योजना से जोड़ा गया है। बीजेपी की जिम्मेदारी है कि वो इसे करे, अगर वो नहीं करते तो जब कभी सपा को मौका मिलेगा तब जाति जनगणना होगी।

# यूपी की कानून-व्यवस्था लोगों के लिए मिसालः खन्ना

- बसपा के उमाशंकर सिंह और सपा के लालजी वर्मा ने किया घटनाओं का जिक्र
- संसदीय कार्य मंत्री का आश्वासन, करायेंगे निष्पक्ष जांच



**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश विधानसभा में शुक्रवार को संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था हर तरह से लोगों के लिए मिसाल है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के दोबारा सत्ता में आने की सबसे बड़ी वजह यही है।उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को प्रश्न काल के बाद नियम-56 यानि सदन की कार्यवाही रोक कर चर्चा कराने की मांग के तहत बहुजन समाज पार्टी के नेता उमाशंकर सिंह और समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य लालजी वर्मा की ओर से कानून-व्यवस्था को लेकर उठाये गये अलग-अलग मामलों पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने यूपी की कानून व्यवस्था को बेहतर कानून-व्यवस्था कहा और इस दुनिया के लिए मिसाल बताया। बसपा के उमाशंकर सिंह ने उन्नाव जिले के असोहा और सफीपुर थाना क्षेत्र की अलग-अलग घटनाओं में किशोरी के अपहरण, हत्या और दुष्कर्म का मामला उठाते हुए कानून-व्यवस्था पर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। वहीं सपा सदस्य लालजी वर्मा ने अंबेडकरनगर जिले में एक दलित की हत्या का मामला उठाते हुए अलग से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। संसदीय कार्य मंत्री ने इन घटनाओं में त्वरित कार्रवाई की दलील देते हुए सदस्यों के आरोपों को खारिज किया और आश्वासन दिया कि सरकार मामलों में दूध का दूध और पानी का पानी करेगी। इसके पहले श्री खन्ना ने कहा कि पूरे देश-प्रदेश में अगर सबसे ज्यादा उप्र की वर्तमान सरकार की कोई उपलब्धि है, तो सबसे ज्यादा कानून-व्यवस्था दुरुस्त करने में है। उन्होंने कहा, आज देश दुनिया में लोग इस बात की सराहना करते हैं और जनता की धारणा यही है कि उप्र में सख्ती और सुरक्षा का माहौल सबसे ज्यादा है। हर वर्ग के लिए बराबरी की स्थिति है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि अपराधों में हर तरह से कमी आयी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 के मुकाबले 2022 में डकैती में 82, लूट में 68, हत्या में 37, बलवा में 55 और फिरौती के लिए अपहरण में 51 प्रतिशत की कमी आयी है। परसेप्शन बदला है इसी का परिणाम है कि योगी सरकार दोबारा सत्ता में आई है।



# सशस्त्र सीमा बल की 10वीं वाहिनी श्रीनगर (कश्मीर) यूनिट के बच्चों ने राज्यपाल से की मुलाकात

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से राजभवन में सशस्त्र सीमा बल की 10वीं वाहिनी श्रीनगर (कश्मीर) यूनिट के शैक्षिक भ्रमण पर आये 23 बच्चों ने 10वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के द्वितीय कमान अधिकारी राजदर्शन सिंह रावत एवं डिप्टी कमाण्डेन्ट ओम प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन के माध्यम से संचालित विभिन्न कार्यों तथा राजभवन में हुये नवाचारों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है और युवाओं में संस्कार शिक्षा से ही आते हैं। इसलिये आप सभी अपने इस शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में अपने देश के बारे में जानिये, ऐतिहासिक स्थलों को देखिये, वहां की संस्कृति शिक्षा एवं संस्कारों को जानिये और वापसी में अपने अनुभव, अपने मित्रों, सहपाठियों, परिजनों के साथ अवश्य बाटें। समाज कल्याण के विभिन्न कार्यक्रम जैसे खेलकूद, रक्तदान, निःशुल्क चिकित्सा शिविर जैसे कार्यक्रम में अवश्य अपनी सहभागिता करें। भेंट के दौरान भ्रमण पर आये बच्चों ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर आईजी रत्न संजय, डीआईजी महेश कुमार, डिप्टी कमिश्नर पुलिस नवीन शर्मा तथा सहायक कमिश्नर पुलिस दुर्गाशंकर मीणा उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में सुंदरकांड की मांग

लखनऊ । लखनऊ यूनिवर्सिटी के सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास में आधी रात को घुंघरू की आवाज आती है। प्रॉक्टरियल बोर्ड में शिकायत पहुंचने के बाद सीसीटीवी लगाने का आश्वासन दिया गया है। बोर्ड इसको छात्रों की शरारत मान रहा है। छात्रावास के छात्रों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि आधी रात 12 बजे के बाद हॉस्टल में घुंघरू की आवाज आती है। इसके बाद भूल भुलैया फिल्म का गाना बजने लगता हैं। ऐसा लगता है जैसे कोई शैतानी ताकत गुजर रही हो। छात्रों ने बताया कि हॉस्टल में रात को दहशत के माहौल के कारण कोई कमरे से बाहर निकलने की हिम्मत भी नहीं जुटा पा रहा है। प्रॉक्टर को दी गयी शिकायत में छात्रों ने बताया कि छात्रावास में डरावनी आवाजें भी आती हैं। पूरे प्रकरण को लेकर विश्वविद्यालय के चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी का कहना है कि प्रकरण को अभिरक्षक व मुख्य अभिरक्षक को सौंपा गया है। जैसे ही रिपोर्ट आ जाती है। सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया जाएगा। इससे सारी चीजें साफहो जाएंगी। छात्रावासों में रह रहे करीब 120 से अधिक छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से हॉस्टल में सुंदर कांड पाठ कराने की मांग की है। छात्रों का कहना है कि हॉस्टल का भवन 100 साल से भी अधिक पुराना है।

### लखनऊ जिला यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप 27 फरवरी को

**लखनऊ ।** लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 27 फरवरी को लखनऊ जिला यूथ एथलेटिक्स चौंपियनशिप केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होगी। लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण के अनुसार चौंपियनशिप में भाग लेने के इच्छुक एथलीटों का जन्म साल 2006 से 2007 के मध्य होना चाहिए। इच्छुक एथलीटों को चौंपियनशिप में भाग लेने के लिए अपने आधार कार्ड के साथ चौंपियनशिप के दिन सुबह 7 बजे संपर्क करना होगा। उन्होंने बताया कि इस चौंपियनशिप के माध्यम से से चयनित लखनऊ जिला टीम आगामी छठी यूपी स्टेट यूथ (पुरुष व महिला अंडर-18) एथलेटिक्स चौंपियनशिप-2023 में भाग लेगी। यूपी स्टेट यूथ एथलेटिक्स चौंपियनशिप के अंतर्गत गाजियाबाद में 1 व 2 मार्च को सभी ट्रैक इवेंट और होरिजेंटल जंप की स्पर्धाएं होंगी। इसके अलावा 2 मार्च को प्रयागराज में हाई जंप एवं पोलवाल्ट की स्पर्धाएं और 2 मार्च को ही कौशांबी में सभी थ्रो की स्पर्धाएं होंगी। चौंपियनशिप के बारे में अधिक जानकारी के लिए बीआर वरुण (9415027942) से संपर्क कर सकते है।

### लखनऊ मेट्रो में बाबा रामदेव ने किया सफर

**लखनऊ।** योग गुरु बाबा रामदेव ने शुक्रवार को लखनऊ मेट्रो में यात्रा की 7 वह सुबह हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पहुंचे । यूपी एमआरसी के एमडी सुशील कुमार ने उनका स्वागत किया । उन्होंने बाबा रामदेव को लखनऊ मेट्रो की खूबियों से अवगत कराया । हजरतगंज मेट्रो स्टेशन की खूबसूरती से भी परिचित कराया । बाबा रामदेव ने कहा कि उन्होंने भारत में पहली बार किसी भी मेट्रो में यात्रा की है । उन्होंने कहा कि दुनिया की मेट्रो की तुलना में लखनऊ मेट्रो काफी खूबसूरत है । लखनऊ मेट्रो सबसे तेज गति से बनने वाली मेट्रो रेल परियोजना है । उन्होंने हजरतगंज से सचिवालय तक मेट्रो ट्रेन में यात्रा की । सचिवालय में उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को समर्पित वॉल का भी अवलोकन किया । इस दौरान यूपी मेट्रो के कई जिम्मेदार अधिकारी भी मौजूद रहे ।


### काकोरी में फैक्ट्री में अचानक लगी आग कुछ ही घंटों में सब जलाकर राख

**लखनऊ।** लखनऊ पश्चिम जोन के थाना काकोरी क्षेत्र के पान खेड़ा के पास अचानक एक फैक्टरी में आग लग गयी। आग की लपटें इतनी तेज थी कि कुछ ही घंटों में सब जलाकर राख कर दिया। पास के खेत मे काम कर रहे किसान की बाइक भी इस आग में चलकर रख हो गयी। काकोरी थाना क्षेत्र के पान खेड़ा के पास एक फैक्ट्री आग लगने से आसपास के लोगो मे हड़कम्प मच गया। आनन फानन में पुलिस व फायर ब्रिगेड के टीम को इसकी सूचना दी गयी। फायर ब्रिगेड की टीम के आने से पहले ही सारा सामान जलकर राख हो गया। आग की लपटें इतनी तेज कि कुछ ही घंटों में राख हो गया। आग किन कारणों के से लगी यह अभी तक पता नही चल सका। फिलहाल आग लगने से किसी की घायल होने की जानकारी नहीं मिली है। आग पर काबू पा लिया गया। अवैध तरीके से तारपीन के तेल की फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था। पुलिस मामले कहना आग किन कारणों से लगी पता लगाया। इसकी जांच की जा रही है।

### ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा ने लखनऊ एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के ग्रुप कमांडर का पदभार ग्रहण किया

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा ने 24 फरवरी 2023 को लखनऊ एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के ग्रुप कमांडर का पदभार ग्रहण किया। वर्तमान पदभार ग्रहण करने से पहले ब्रिगेडियर पुनेठा मध्य प्रदेश के महू स्थित आर्मी वार कॉलेज में प्रशिक्षक के रूप में तैनात थे। पैराशूट रेजीमेंट में 15 दिसंबर 1990 को कमीशन प्राप्त ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा ने इंडियन मिलट्री अकादमी देहरादून से स्थाई कमीशन प्राप्त किया है। ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा ने भारतीय थल सेना के सभी अनिवार्य कोर्स के साथ-साथ स्टाफकालेज और हायर डिफेंस मैनेजमेंट कोर्स सिकंदराबाद से किए हैं। ब्रिगेडियर पुनेठा ने जम्मू-कश्मीर और उत्तर-पूर्वी राज्यों के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में स्टाफड्यूटी में सफलता पूर्वक कार्य किया है। इसके अलावा वे सेना मुख्यालय सहित अन्य सैन्य फॉर्मेशन में महत्वपूर्ण पदों में सराहनीय योगदान दे चुके है। तीन दशकों से अधिक, राष्ट्र के विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों और स्पेशल ऑपरेशनों में सफलता प्राप्त कर चुके ब्रिगेडियर नीरज को उनके विशेष कौशल और रणकुशलता के लिए सेनाध्यक्ष प्रशंसा पत्र, दो बार जनरल ऑफिसर कमांडिंग प्रशंसा पत्र और संयुक्त डिफेंस सेकेट्ररी प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया है।

# यूपी की जेलों में स्मार्ट वॉच और स्मार्ट बैंड के इस्तेमाल पर लगा प्रतिबंध




**समृद्धि न्यूज।लखनऊ**

उत्तर प्रदेश जेल मुख्यालय ने बड़ा कदम उठाया है। दरअसल, यूपी की जेलों में स्मार्ट वॉच और स्मार्ट बैंड के इस्तेमाल पर पूर्णतया प्रतिबंध लगा दिया गया है। कारागार मुख्यालय की तरफसे शुक्रवार को इस बाबत निर्देश जारी किया गया। इसमें कहा गया है की जेल के भीतर किसी भी सूरत में स्मार्ट वॉच या स्मार्ट बैंड का प्रयोग नहीं किया जाएगा। बंदियों से मुलाकात करने वाले स्मार्ट वॉच पहनकर भीतर न जाएं या सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबधित जेल प्रशासन की होगी। ऐसा पाए जाने पर जेल के जिम्मेदार अफसरों के खिलाफकड़ी कार्रवाई होगी। गौरतलब है कि माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की चित्रकूट जेल में पत्नी निकहत से प्राइवेट मुलाकात की घटना ने जेल मुख्यालय को चौकन्ना कर दिया है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जेल प्रशासन ने यह कड़ा कदम उठाया है। बता दें कि जेल मुख्यालय के संज्ञान में आया है कि जेल अधिकारी एवं कर्मचारी सामान्य मैनुअल घड़ी की जगह स्मार्ट वाच और स्मार्ट बैंड का इस्तेमाल कर रहे हैं। ये डिवाइस मोबाइल से जुड़ने के बाद उसी की तरह काम करने लगते है। इसलिए इनका मोबाइल की तरह इस्तेमाल किए जाने की संभावना रहती है। जिसके बाद कारागार मुख्यालय ने प्रदेश की समस्त जेलों में स्मार्ट वाच और स्मार्ट बैंड के इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। मोबाइल की तरह इनका इस्तेमाल होने की आशंका के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। डीजी जेल आनंद कुमार ने यह आदेश जारी किया है। आनंद कुमार की तरफ से जारी निर्देश में कहा गया है कि सामान्य घड़ी की बजाय अब स्मार्ट वॉच का चलन आ गया है।

समय देखने के लिए अकसर लोग अब स्मार्ट वॉच पहन रहे हैं। जेल अधीक्षक की जिम्मेदारी है की अपनी जेल में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को स्मार्ट वॉच पहनकर ड्यूटी पर अंदर न जाने दें। निरीक्षण करने गए किसी भी पुलिस या प्रशासनिक अधिकारी को भी इसे पहनकर भीतर जाने की इजाजत नहीं होगी। डीजी जेल ने समस्त डीआईजी कारागार को आदेश का सख्ती से अनुपालन कराने को कहा है।

### रोडवेज बस में लगी आग, यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

लखनऊ। एटा में जीटी रोड रोडवेज बस स्टैंड पर आज शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे दिल्ली से फर्रुखाबाद जा रही रोडवेज बस में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। इंजन में धुंआ निकलने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। चालक ने सूझबूझ का परिचय दिया और यात्रियों को बिना हड़बड़ाहट बस से उतरने के लिए कहा। चालक ने अग्निशमन सिलिंडर और आसपास के लोगों ने मिट्टी व पानी का प्रयोग कर आग को बुझाया। एआरएम राजेश यादव ने बताया कि चालक की सूझबूझ के चलते बड़ा हादसा बचा है। शार्ट सर्किट से डीजल पाइप फट गया और इंजन में आग लग गई। बस दिल्ली से फर्रुखाबाद के लिए 54 यात्रियों को लेकर जा रही थी, जिन्हें अन्य बस से गंतव्य के लिए रवाना किया गया। दुर्घटनाग्रस्त बस की मरम्मत डिपो में कराई गई है।

### पीजीआई का हेपेटोलॉजी विभाग मनाएगा 25 फरवरी को दूसरा स्थापना दिवस

लखनऊ। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के हेपेटोलॉजी विभाग ने 16 फरवरी को अपना दूसरा वर्ष पूरा किया। इस विभाग का उद्घाटन 16 फरवरी (2021) को सुरेश खन्ना तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया गया था। एसजीपीजीआई में हेपेटोलॉजी विभाग होना एक बड़ी उपलब्धि थी। क्योंकि यह उत्तर प्रदेश राज्य में पहला ऐसा विभाग है। विभाग द्वारा 25 फरवरी को अपना दूसरा स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर संस्थान के लेक्चर थियेटर कॉम्प्लेक्स, के प्रेक्षागृह में

यकृत रोगों में वर्तमान परिप्रेक्ष्य पर डेढ़ दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में लिवर रोग के क्षेत्र के विभिन्न विशेषज्ञ भाग लेंगे। सम्मेलन के लिए देश भर से 300 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। बैठक में समाज में आम यकृत रोगों जैसे फैटी लिवर रोग, शराब से संबंधित लिवर रोग और वायरल हेपेटाइटिस जैसी व्याधियों पर चर्चा होगी।

### सपा के अभय सिंह ने उठाया राशनकार्डो का मुद्दा


समृद्धि न्यूज। लखनऊ, उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने शुक्रवार को सरकार को निर्देश दिया कि जिन अपात्र लोगों को राशन कार्ड मिला है, उनके राशन कार्ड जांच कराकर निरस्त कर दें। विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी के सदस्य अभय सिंह ने प्रश्न किया, लेकिन राज्य सरकार के मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी के जवाब से उनके संतुष्ट न होने पर अध्यक्ष ने यह व्यवस्था दी।सपा सदस्य ने पूछा था कि प्रदेश में नवीन राशन कार्ड जारी करने में खाद्य रसद विभाग के अधिकारियों द्वारा की जा रही देरी क्या सरकार के संज्ञान में है। क्या सरकार यह भी बताएं कि वर्ष 2018 से 22 दिसंबर 2022 तक प्रदेश सहित अयोध्या जिले में राशन कार्ड जारी करने के आवेदन के सापेक्ष वर्तमान में कितने नवीन राशन कार्ड जारी हुए तथा कितने शेष हैं? इस पर मुख्यमंत्री की ओर से लिखित जवाब आया जिसमें कहा गया कि कि प्रदेश में एक अप्रैल 2018 से दिसम्बर,2022 के मध्य प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष कुल 1,33,03,625 राशन कार्ड जारी किये गये हैं। अयोध्या में इस अवधि में प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष कुल 1,44,628 राशन कार्ड जारी किये गये हैं तथा वर्तमान में मात्र 658 राशन कार्ड आवेदन शेष हैं। प्रदेश स्तर पर लंबित राशन कार्ड की संख्या 13,31,130 है। इसी जवाब में प्रक्रिया भी बताई गई। अभय सिंह ने पूरक प्रश्न करते हुए कहा कि बहुत से अपात्र राशन कार्ड बनवाकर इसका दुरुपयोग कर रहे हैं, जबकि जरूरतमंदों के पास राशन कार्ड नहीं है। उन्होंने पूछा कि क्या सरकार इसकी जांच कराएगी। सदस्य के इस प्रश्न के उत्तर में मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने कहा कि यदि आपकी कहीं शिकायत है तो उसकी जांच करा दी जाएगी। इस पर अभय सिंह ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रदेश व्यापी समस्या है। विधानसभा अध्यक्ष ने मंत्री से कहा कि आप सामान्य रूप से जांच करा लें और जिन अपात्रों को राशन कार्ड मिला है, उन्हें निरस्त कर दें।

# ‘ओशो की समाधि पर जाने के लिए 970 रुपये वसूला जा रहा हैः स्वामी चैतन्य कीर्ति’

**ओशो के शिष्यों का बजाज ग्रुप के मालिक पर बड़ा आरोप कहा 107 करोड़ की राशि ली**

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

पुणे के कोरेगांव पार्क में ओशो का आश्रम एक विश्वस्तरीय ध्यान केंद्र है, हमेशा श्री रजनीश आश्रम के नाम से प्रसिद्ध रहा यह आश्रम गत बीस वर्षों से ओशो इंटरनेशनल मैडिटेशन रिसोर्ट के नाम से जाना जाता है जहाँ लगभग 100 देशों के लोग हजारों की संख्या में आते रहे हैं। इस केंद्र का संचालन ओशो इंटरनेशनल फाउंडेशन नाम से भारतीय ट्रस्टी करते रहे हैं जो की सिर्फ दिखावे मात्र के लिए है, इसी नाम का एक दूसरा ट्रस्ट करीब 25 वर्ष पहले जूरिख में रजिस्टर्ड किया गया, जूरिख में इस ट्रस्ट के 5 सदस्य हैं, जिन्होंने मिलकर इस ट्रस्ट को ओशो का मुख्यालय घोषित करके ओशो की समूची बौद्धिक सम्पदा पर एकाधिकार कर लिया और भारत में



स्थित ओशो इंटरनेशनल फाउंडेशन को भी अपने अधीन कर लिया है, जूरिख वालों ने ओशो का एक फर्जी वसीयतनामा भी बनवा लिया, जिसकी फॉरेंसिक क्राइम ब्रांच में जांच हुई और पता चल गया था कि ओशो के हस्ताक्षर नकली हैं। गत 25 वर्षों से ओशो की 650 पुस्तकों की 60-70 भाषाओँ में अनुवादित पुस्तकों की बिक्री का धन विदेश में इन ट्रस्टियों की निजी कंपनियों में रख लिया जाता है और भारत में ओशो का आश्रम इससे वंचित रह जाता है। इसलिए प्रचारित किया गया कि चूँकि अब बहुत लोग आश्रम नहीं आते, आश्रम घाटे में चल पा रहा है, अतः इसके एक हिस्से को बेचना जरूरी हो गया है। बजाज ग्रुप के मालिक श्री राजीव नयन बजाज से सौदा कर लिया गया 107 करोड़ रुपये का. जिसमें से 50 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि भी ले ली गयी। भारत में रहने वाले ओशो शिष्यों को इस बात से बहुत चोट लगी है कि उनके गुरु के आश्रम के एक हिस्से को बेचा जा रहा है। भारत में कहीं भी ऐसा नहीं होता कि जहाँ गुरु की समाधि के दर्शन करने के लिए अथवा वहां मौन ध्यान में आधा घंटा बैठने के लिए इतना शुल्क देना पड़े. लेकिन ओशो की समाधि पर जाने के लिए प्रतिदिन का शुल्क 970 रुपया वसूला जा रहा है। हम जन साधारण और मीडिया से निवेदन करते हैं कि वे भारत सरकार को इस पर ध्यान देने के लिए हमारा सहयोग करें। ओशो के आश्रम को राष्ट्रीय धरोहर बनाएं, उसका संरक्षण करें और ओशो की समूची बौद्धिक सम्पदा को भारत में लाएं। पहले की भांति विश्वभर से ध्यानी पर्यटक पुणे में आएं और ओशो के आश्रम में जीवंतता लौटे। आज के तनावग्रस्त विश्व में शान्ति और ध्यान बढ़ाने में भारत की भूमिका बहुत सकारात्मक हो सकती है-यही ओशो का स्वप्न था. इसी सन्दर्भ में शुक्रवार 24 फरवरी को लखनऊ में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमे ओशो प्रेमी संलग्न हुए। ध्यान और उत्सव के द्वारा ओशो की देशना को आत्मसात किया।

### एलयू मे मानसिक स्वास्थ्य पर योग अभ्यास का हुआ आयोजन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू के भूगोल विभाग के सेमिनार हॉल में हैप्पी थिंकिंग लेबोरेटरी और भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में योग और मानसिक स्वास्थ्य पर एक योग अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें बेंगलुरु की शशिप्रभा द्विवेदी मौजूद रहीं। जिसमें प्रमुख आसन सर्वांगासन, शीर्षासन, चक्रासन का अभ्यास भी कराकर जानकारी भी दी गईं। सत्र में डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन, हैप्पी थिंकिंग लैब की निदेशक, प्रो. मधुरिमा प्रधान, भूगोल विभाग की समन्वयक प्रो. रोली मिश्रा, काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल की डिप्टी निदेशक डॉ. वैशाली, भूगोल विभाग से डॉ.अरुण द्विवेदी, डॉ. अनूप सिंह, डॉ. रितिका प्रसाद, मयंक भारद्वाज मौजूद रहीं।

## लखनऊ में खुला आर ए के सेरामिक्स का पहला शोरूम

### लखनऊ में आर ए सिरेमिक्स के शोरूम का उद्घाटन

लखनऊ । दुनिया की प्रसिद्ध सिरेमिक्स ब्रांड कंपनी, आर ए के सेरामिक्स ने लखनऊ में अपना पहला लक्जरी एक्सपीरियंस सेण्टर खोला। आर ए के सेरामिक्स के इस एक्सपीरियंस सेण्टर पर भारतीय उपभोक्ताओं के लिए प्रतिस्पर्धी मूल्य पर शानदार सिरेमिक टाइल्स और बाथ वेयर उत्पादों की अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला मौजूद होगी। नए तरह से डिजाईन किये गए 3500 वर्ग फुट के लक्जरी स्टोर में आधुनिक एवं सौंदर्यीकरण का अनुभव महसूस होगा। आर ए के सेरामिक्स भारत में तेजी से बढ़ता हुआ सिरेमिक्स ब्रांड में से एक है, पिछले साल 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1 करोड़ के करीब पहुंच गया है जो वार्षिक वृद्धि अनुमान से अधिक है। कंपनी के भारत में पहले से ही 10 फ्लैगशिप शोरूम है। वर्तमान में लखनऊ का यह फ्लैगशिप शोरूम इस कड़ी में 11वां शोरूम होगा। आर ए के सेरामिक्स इंडिया के सीईओ अनिल के बीजावत ने एक्सपीरियंस सेण्टर का उद्घाटन करते हुए कहा कि लखनऊ एक तेजी से उभरता हुआ बी2बी और बी2सी मार्किट है जहां कंपनी के लिए काफी सम्भावनाएं हैं। आर ए के सेरामिक्स के एक्सपीरियंस सेण्टर का मुख्य आकर्षण केंद्र एसयूटी (सुपर यूटिलिटी टाइल्स) है जिसे भारत में पहली बार पेश किया जा रहा है। एसयूटी टाइल्सो (सुपर यूटिलिटी टाइल्स) के संग्रह की एक ऐसी श्रृंखला है जो इस वर्ग के उच्च बिंदु पर एलयूसीई के साथ तकनीकी रूप से बेहतर और एक्स्क्लूसिव टाइल्स है, एलयूसीई एक विशेष परिभासी स्लैब है जो कच्चे माल की बहुत उच्च गुणवत्ता के साथ बनाया जाता है ।

## कृष्णा अवतार, प्रह्लाद चरित्र कथा सुनाकर भावविभोर हुए भक्त’

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिन कथावाचक नीरज कृष्ण शास्त्री जी ने प्रहलाद चरित्र वामनजी का प्रादुर्भाव एवं श्री कृष्ण जन्म उत्सव पर कथा का सुमिरन कराया। कृष्णा अवतार की कथा का वृत्तांत सुनाकर श्रोताओं को भक्ति भाव से भर दिया। कृष्ण जन्मोत्सव का वृतांत सुनाते हुए उन्होंने कहा कि जब पृथ्वी पर कंश के अत्याचार पराकाष्ठा पर पहुंच गए तब भगवान श्रीकृष्ण ने जेल के अंदर प्रकट होकर वासुदेव देवकी को दर्शन दिए तत्पश्चात उनके आग्रह पर कृष्ण के बाल रूप धारण कर लिया। कथावाचक ने बताया कि भगवान कृष्ण के प्रकट होते ही जेल के सारे बंधन टूट गए। तथा जेल में दिव्य प्रकाश फैल गया तत्पश्चात वासुदेव बालकृष्ण को लेकर नंदगांव गया। भक्त प्रहलाद चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि प्रहलाद चरित्र पुत्र एवं पिता के संबंध को प्रदर्शित करता है उन्होंने कहा कि यदि भक्त सच्चा हो तो विपरीत परिस्थितियां भी उसे भगवान की भक्ति से विमुख नहीं कर सकती। राक्षस प्रवृत्ति के हिरण्यकश्यप जैसे पिता को प्राप्त करने के बावजूद भी प्रहलाद ने ईश्वर भक्ति नहीं छोड़ी। सच्चे अर्थो में कहा जाए तो प्रहलाद ने पुत्र होने का दायित्व भी निभाया। उन्होंने कहा कि पुत्र का यह सर्वोपरि दायित्व है कि यदि उसका पिता दुष्ट प्रवृत्ति का हो तो उसे भी सुमार्ग पर लाने के लिए सदैव प्रयास करने चाहिए, प्रहलाद ने बिना भय के हिरण्यकश्यप के यहां रहते हुए ईश्वर की सत्ता को स्वीकार किया और पिता को भी उसकी ओर आने के लिए प्रेरित किया।

### सुरक्षित परिवहन व्यवस्था को परिवहन निगम कृतसंकल्पितः दयाशंकर

लखनऊ, । प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने कहा कि प्रदेश की जनता को सुरक्षित एवं साफ-सुथरी परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए उ0प्र0 परिवहन निगम कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि बसों की सफाई के लिए प्रदेश के सभी डिपोज में आउटसोर्सिंग के माध्यम से आटोमोटिक वाशिंग प्लान्ट एवं मैनुअल व्यवस्था स्थापित की जा चुकी है। साथ ही मुख्यालय स्तर के नोडल अधिकारियों, अपर प्रबन्ध निदेशक एवं स्वयं प्रबन्ध निदेशक द्वारा व्यक्तिगत रूप से बसों की सफई के सम्बन्ध में स्वयं नियमित निरीक्षण करेंगे। इसके भी निर्देश दिये गये हैं।परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि निगम की बसें व्यवस्थित सफई के साथ ही संचालित हो, इसके लिए उच्च प्रबंधन प्रयास कर रहा है।

# उप्र विधानसभा में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की टिप्पणी पर सपा सदस्यों का हंगामा



**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को राज्य की मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने स्वास्थ्य विभाग की बदहाली के मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा की गई एक टिप्पणी के विरोध में अध्यक्ष के आसन के सामने (वेल में) आकर जमकर नारेबाजी की। सपा के सदस्यों ने स्वास्थ्य महकमा संभाल रहे उपमुख्यमंत्री के विरोध में नारे भी लगाये। विधानसभा में प्रश्नकाल के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ सदस्य शिवपाल सिंह यादव ने नियम-56 के तहत स्वास्थ्य विभाग का मामला उठाते हुए कहा कि उप्र की स्वास्थ्य व्यवस्था खराब हालत में है और स्वास्थ्य महकमा वेंटिलेटर पर है। यादव के जवाब में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादियों पर निशाना साधते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि समाजवाद से इनका कोई लेना देना नहीं है, ये नकली समाजवादी हैं, ये ढोंगी समाजवादी हैं, ये अराजकता फैलाते हैं। पाठक के इतना कहते ही सपा सदस्य नारेबाजी करते हुए वेल (अध्यक्ष के आसन के सामने) में आ गये और उपमुख्यमंत्री और सरकार के विरोध में नारे लगाने लगे। इस बीच उपमुख्यमंत्री ने भी सपा के खिलाफ बोलना जारी रखा। हंगामा बढ़ते देख विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उप मुख्यमंत्री को बोलने से रोकते हुए बैठने का अनुरोध किया तो वह (पाठक) अपनी सीट पर बैठ गये। इसके बाद भी कुछ देर तक सपा सदस्य नारेबाजी करते रहे। अध्यक्ष ने चेतावनी के साथ वरिष्ठ सदस्यों से अनुरोध किया तो सपा सदस्य अपनी सीट पर वापस लौट आये। इसके पहले अपने संबोधन की शुरुआत में ही शिवपाल यादव ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पर तंज कसते हुए कहा कि ये पहले कांग्रेस में थे, फिर बहुजन समाज पार्टी से लोकसभा सदस्य और राज्यसभा सदस्य बने और फिर भाजपा में आकर उपमुख्यमंत्री हो गये। यादव ने बृहस्पतिवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान समाजवादियों पर पाठक द्वारा की गयी टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा के लोगों आप अटल बिहारी वाजपेयी और दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलना सीखो, उन्होंने कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। यादव ने पाठक को छापामार मंत्री करार देते हुए कहा कि कोई इनकी सुनता नहीं है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का पूरा बजट खर्च हो गया होता तो बहुत सी समस्या हल हो गयी होती। बृहस्पतिवार को पाठक ने कहा था समाजवाद की परंपरा को जिन लोगों ने आगे बढ़ाया वे दुनिया छोड़कर गये तो उनके पास एक फटी धोती भी नहीं थी, लेकिन आज नकली समाजवादी जो लाल टोपी लगाकर अपने को समाजवादी कहते हैं। पाठक ने कहा कि उनसे पूछिए कि ऐसा कौन सा काम किये कि 10 रुपये से खाता खोलकर आज लाखों-करोड़ों में पहुंच गये हैं। शिवपाल के आरोपों पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में अस्पतालों को लूट का अड्डा बना दिया गया था और चिकित्सकों से आधा पैसा लेकर उन्हें अस्पताल में नहीं आने की छूट दी जाती थी। पाठक ने कहा कि अब स्थिति बदली है और प्रतिदिन एक लाख 70 हजार मरीज आते हैं और प्रतिदिन पांच हजार मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन होता है। इस बीच शिवपाल के बयान पर हस्तक्षेप करते हुए संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि लोहिया ने हमेशा जाति तोड़ने की बात की, लेकिन आप लोग जाति की बात करते हैं। इस पर शिवपाल ने कहा कि लोहिया जी का नारा था-'पिछड़े पावें सौ में साठ'' और हम सपा के लोग इसके लिए लड़ाई लड़ेंगे।



कैंट विधानसभा छेत्र में होने वाले विभिन्न कार्यों का शिलान्यास करते डिप्टी सी एम ब्रजेश पाठक

## खबरें एक नजर में

### जांच कराकर अपात्रों का राशन कार्ड निरस्त कर दें, विधानसभा अध्यक्ष का सरकार को निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने शुक्रवार को सरकार को निर्देश दिया कि जिन अपात्र लोगों को राशन कार्ड मिला है, उनके राशन कार्ड जांच कराकर निरस्त कर दें। विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्य अभय सिंह ने प्रश्न किया, लेकिन राज्य्य सरकार के मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी के जवाब से उनके संतुष्ट न होने पर अध्यक्ष ने यह व्यवस्था दी। सपा सदस्य ने पूछा था कि प्रदेश में नवीन राशन कार्ड जारी करने में खाद्य रसद विभाग के अधिकारियों द्वारा की जा रही देरी क्य्या सरकार के संज्ञान में है। क्या सरकार यह भी बताएगी कि वर्ष 2018 से 22 दिसंबर 2022 तक प्रदेश सहित अयोध्या जिले में राशन कार्ड जारी करने के आवेदन के सापेक्ष वर्तमान में कितने नवीन राशन कार्ड जारी हुए तथा कितने शेष हैं? इस पर मुख्यमंत्री की ओर से लिखित जवाब आया जिसमें कहा गया कि कि प्रदेश में एक अप्रैल 2018 से दिसम्बर,2022 के मध्य प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष कुल 1,33,03,625 राशन कार्ड जारी किये गये हैं। अयोध्या में इस अवधि में प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष कुल 1,44,628 राशन कार्ड जारी किये गये हैं तथा वर्तमान में मात्र 658 राशन कार्ड आवेदन शेष हैं। प्रदेश स्तर पर लंबित राशन कार्ड की संख्या 13,31,130 है। इसी जवाब में प्रक्रिया भी बताई गयी। अभय सिंह ने पूरक प्रश्न करते हुए कहा कि बहुत से अपात्र राशन कार्ड बनवाकर इसका दुरुपयोग कर रहे हैं, जबकि जरूरतमंदों के पास राशन कार्ड नहीं है। उन्होंने पूछा कि क्या सरकार इसकी जांच कराएगी। सदस्य के इस प्रश्न के उत्तर में मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने कहा कि यदि आपकी कहीं शिकायत है तो उसकी जांच करा दी जाएगी। इस पर अभय सिंह ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रदेश व्यापी समस्या है। विधानसभा अध्यक्ष ने मंत्री से कहा कि आप सामान्य्य रूप से जांच करा लें और जिन अपात्रों को राशन कार्ड मिला है, उन्हें निरस्त कर दें।

### सामाजिक कार्यों के लिए समाज कल्याण विभाग लखनऊ विविद्यालय व टाटा इंस्टिट्यूट जैसे संस्थानों से लेगा सहायता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने और शिक्षा के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा हुई। इस मौके पर समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि भारत एक लोक कल्याणकारी राष्ट्र है। समाज कल्याण राज्यमंत्रीअसीम अरुण ने बताया कि समाज कल्याण विभाग समाज के अंतिम पायदान पर खड़े नागरिकों तक समाज कल्याण विभाग योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य करता है। योजनाओं का लाभ सभी को बिना भेदभाव के मिल सके। सामाजिक कार्य के क्षेत्र में योगदान देने वाले विशेषज्ञों से मदद ली जा रही है।जिसके तहत लखनऊ विश्वविद्यालय और टाटा इंस्टीट्यूट्स ऑफ सोशल साइंस जैसे संस्थानों के विशेषज्ञ जमीनी सत्यता तलाशने, शोधपत्र तैयार करने और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में समाज कल्याण विभाग की मदद करेंगे। साथ ही कहा कि प्रशिक्षित समाज सेवक एक प्रोजेक्ट के रूप में समाज की बुनियादी समस्याओं की पहचान कर उचित समाधान सोचकर उन्हें क्रियान्वित कर सकता है। शिक्षा के साथ साथ प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना में उद्यमिता विकास के कार्यों में समाज कार्य संकाय का सहयोग लिया जाएगा। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सर्वोदय विद्यालयों में शिक्षा को और कैसे बेहतर किया जाए, इसमें भी समाज कार्य संकाय का योगदान लिया जाएगा। इस बात पर विचार हो रहा है कि विभागीय नौकरियों में समाज कार्य की डिग्री अनिवार्य की जाए।

### महर्षि सुपंच सुदर्शन महाराज जी की शोभा यात्रा आज

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** ।विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 25-02-2023 को महर्षि सुपंच सुदर्शन जी महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ विजय नगर, चारबाग, यात्री होटल के पास, लखनऊ में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री भारत सरकार एवं सांसद लखनऊ, बृजेश पाठक, उपमुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, सुरेश चन्द्र तिवारी, पूर्व विधायक, संयुक्ता भाटिया महापौर, लखनऊ, मुकेश शर्मा, एम0एल0सी0, मुन्ना सिंह धानुक, उपाध्यक्ष, सफाई कर्मचारी आयोग, उ0प्र0सरकार सहित विभिन्न वार्डों के पार्षदगण उपस्थित होंगे। महर्षि सुपंच सुदर्शन महाराज जी की शोभा यात्रा दोपहर 12 बजे स्थान बापू नगर, क्लार्क अवध परिवर्तन चौक से कैसरबाग, ओडियन सिनेमा, बर्लिंग्टन चौराहा, महाराणा प्रताप चौराहा, बाँसमण्डी चौराहा से होते हुए विजय नगर, चारबाग, लखनऊ पर पहुंचेगी जिसके पश्चात भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया। तत्पश्चात शोभा यात्रा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में परिवर्तित हो जाएगी। जिसमें वर्ष 2022 के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के उत्तीर्ण छात्रध्छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। जिसमें सैकड़ों की संख्या में धानुक समाज के गणमान्य एवं बुद्धिजीवी लोग शामिल होंगे। इस अवसर पर धानुक समाज उत्थान हितकारी समिति के इतवारी चौधरी व मुख्य संरक्षक श्री रामकुमार आजाद, अध्यक्ष सोनू कुमार धानुक, महामंत्री चन्दन धानुक, महामंत्री गोविन्द धानुक, उपाध्यक्ष मनोज कुमार धानुक उर्फमोनू, उपाध्यक्ष दयाशंकर धानुक, उपाध्यक्ष शिवपाल धानुक, उपाध्यक्ष जयराज धानुक, उपाध्यक्ष दुर्गेश धानुक तथा प्रचार मंत्री सोनू धानुक, भाईलाल धानुक, मुकेश धानुक, शंकर धानुक, अशोक धानुक, सरोज कुमार धानुक (कोषाध्यक्ष), सन्तोष धानुक, अनुज धानुक, उपस्थित रहे।

# उप्र में 14 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मामलों के मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता में 14 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। विधानसभा में बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को प्रश्घ्न काल के दौरान समाजवादी पार्टी की सदस्य डॉक्टर रागिनी सोनकर के एक प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने यह जानकारी दी। सपा सदस्य ने "सखी सैंया तो खूब कमात है, महंगाई डायन खाये जात है" का जिक्र करते हुए पूरक प्रश्न किया कि गैस सिलेंडर के दाम आसमान छू रहे हैं, क्या सरकार महिलाओं को मुफ्त गैस सिलेंडर देगी। मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्वला योजना के अंतर्गत प्रदेश में 13 फरवरी, 2023 तक कुल 1,75,02,198 मुफ्त गैस कनेक्शन लाभार्थियों को प्रदान किये गये हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 235.39 रुपये प्रति सिलेंडर सब्सिडी (आर्थिक सहायता) प्रदान की जा रही है। सपा की सदस्य पिंकी सिंह यादव ने एक प्रश्न में कहा कि महंगाई इतनी ज्यादा है कि गैस कनेक्शन कबाड़ में बिक रहे हैं, जो महिलाएं गैस सिलेंडर नहीं भरवा पा रहीं क्या उनके लिए सरकार सोचेगी। इसके जवाब में मंत्री ने कहा कि कहीं से इस तरह की सूचना नहीं आयी है कि लोग अक्षम हैं और गैस भरवा नहीं पा रहे हैं।

# सदन में राजभर की बातों पर लगे ठहाके समाजवादी पार्टी पर साधा निशाना

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

यूपी विधानसभा के बजट सत्र का आज पांचवां दिन है। सदन की कार्यवाही के दौरान यूपी विधानसभा में ओमप्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मुख्यमंत्री से प्रोफेसर रामगोपाल मिलने जाते हैं तो कोई बात नहीं, अगर मुख्यमंत्री से ओमप्रकाश राजभर मिलते हैं यह कहां जाता है भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं। हम मुख्यमंत्री के साथ दलित ओबीसी पिछड़ों के आरक्षण को लेकर गए थे। उसके बाद मुझे तलाक दे दिया गया हमने कबूल कर लिया। सपा ने अपनी सरकार में जाति जनगणना क्यों नहीं करवाई है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के एम्बुलेंस सेवा को इन्होंने समाजवादी एम्बुलेंस सेवा बना दिया था,इनका समाजवाद से कोई लेना देना नही, ये नकली ढोंगी समाजवादी हैं,ये लाल टोपी वाले लोग गुंडई अराजकता फैलाते हैं। अराजकतावादी हैं, कानून व्यवस्था तोड़ने वाले लोग हैं,ये सच्चाई नही सुन सकते, इन्होंने पूरे प्रदेश को अराजकता की आग में झोंक दिया था। शिवपाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वाले गमछा, टोपी तिलक भी लगाते हैं,हमने कभी कमेंट नही किया। आपको जानना चाहिए हमारे टोपी के बारे में। स्वास्थ्य विभाग को बहुत बजट मिला,अगर आपने



खर्च किया होता तो बहुत कुछ सुधर जाता। जिला अस्पताल के गेट पर दलाल बैठे हैं,छापा मंत्री जी ने छापे बहुत मारे, बजट आधा भी खर्च कर लिया होता तो बहुत बदल जाता। सदन को संबोधित करते हुए शिवपाल ने कहा कि सरकार के विज्ञापनों में लगता है कि स्वास्थ्य महकमा बिल्कुल चमक गया है,लेकिन असलियत है कि स्वास्थ्य विभाग वेंटिलेटर पर है। एक्सरे के नाम पर समय दिया जाता है, वसूली होती है,हमारे ब्लॉक में सीएचसी बनी है,6 साल हो चुके बने हुए, अभी तक वहां स्टॉफ नर्स,डॉक्टर ,वार्डब्यॉय की नियुक्ति नही हैं। हमने कई बार चिट्ठी लिखी, माननीय मंत्री जी छापा बहुत मारते है, दरबार भी लगा लेते हैं, अधिकारियों को भी बुला लेते हैं, लेकिन इसका कोई असर अधिकारियों पर दिखाई नही पड़ता। शिवपाल ने कहा कि मंत्री जी ने कल समाजवादियों के बारे में भी बहुत बोला, हम विपक्ष में हैं तो विपक्षी धर्म निभाएंगे ही, मैं आपसे उम्र में भी बड़े हैं। मंत्री जी पहले कांग्रेस में थे, फिर बहुजन पार्टी में गए,सांसद भी हो गए, आज डिप्टी सीएम भी बन गए। मैं भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों से कहना चाहता हूं कि कम से कम अटल बिहारी वाजपेयी जी, दीनदयाल उपाध्याय जी के आदर्शों पर चलना सीखें। लोहिया जी पिछड़ी जाति के नही थे,वैश्य समाज से थे,वो कहते थे कि पिछड़े पावें 100 में 60।।

# आज नेता प्रतिपक्ष के सवालों का जवाब देंगे योगी

## जातीय जनगणना को लेकर विपक्ष का हंगामा

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को सुबह 11 बजे विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश करेंगे। इसके साथ ही वह कल (गुरुवार) को नेता प्रतिपक्ष के द्वारा सरकार से पूछे गए सवालों पर जवाब देंगे। बता दें कि आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सदन में शामिल न होने के कारण वह कल जवाब देंगे। बता दें कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कल सदन में सरकार के खिलाफ जमकर निशाना साधते हुए अपनी जातिगत जनगणना की मांग को दोहराया था। उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 20 फरवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से शुरू हुआ। यूपी में दूसरी बार बीजेपी की सरकार बनने के बाद उनका यह दूसरा विधानसभा सत्र है। जिसके बाद योगी सरकार ने 22 फरवरी को सदन में बजट पेश किया और यह अब तक के उत्तर प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा बजट 6 लाख 90 हजार 242 करोड़ का पेश किया। सरकार ने कहा है कि इस बजट में शिक्षा स्वास्थ्य, महिलाओं और युवाओं को ध्यान में रखते हुए कई बड़े एलान किये गए। वहीं आज इस सत्र के पांचवें दिन बजट और राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हो गई है। सदन में जातीय जनगणना की मांग को लेकर आज का दिन भी हंगामेदार होने की आशंका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल सदन में महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद पेश करेंगे। इसके साथ ही वह समाजवादी पार्टी के प्रमुख व नेता प्रतिपक्ष के सवालों का जवाब देंगे। आपको बता दें कि कल सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए सपा प्रमुख ने सरकार और उसकी नीतियों पर जमकर निशाना साधा था। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का प्रदेश के अधिकारियों पर कोई नियंत्रण नहीं है। अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे है। प्रदेश की जनता सरकार के तानाशाही रवैया से परेशान है और न्याय मांग रही है। बजट सत्र पर चर्चा करने के दौरान सपा प्रमुख ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि आखिर ऐसा क्या कारण है कि सरकार जातिगत जनगणना से क्यों भाग रही है? जब बिहार जैसे राज्य में जातीय जनगणना शुरू हो सकता है तो हमारे राज्य में क्यों नहीं हो सकता है? इनका नारा है सबका साथ सबका विकास लेकिन माननीय अध्यक्ष जी मैं जानना चाहता हूं कि जब सरकार को यह पता ही नहीं होगा कि समाज में किस वर्ग की कितनी हिस्सेदारी है तो सबका विकास कैसे हो सकता है? सपा प्रमुख के द्वारा इसे मुद्दे बनाने पर आज विधानसभा के अंदर सपा के विधायकों ने इस मांग को लेकर जमकर नारेबाजी किया।

# रकाबगंज में पूजन भंडार में लगी आग, लाखों का माल जला

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**



राजधानी चौक में रकाबगंज स्थित एक पूजन भंडार में शुक्रवार सुबह आग लग गई। दुकान से धुआं निकलता देख आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर स्टेशन को सूचना दी। चौक फायर स्टेशन की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया। आग से गोदाम में रखी पूजन सामग्री जलकर राख हो गई। राजाजीपुरम निवासी रजत अग्रवाल की रकाबगंज किराना मार्केट आगे दुकान और पीछे गोदाम है। रजत ने बताया कि सुबह आठ बजे के करीब पड़ोसियों ने दुकान में आग लगने की सूचना दी। आकर देखा तो गोदाम में रखी लाखों का पूजन सामग्री जल गई थी। आसपास लोगों से पूछने पर जानकारी हुई कि दुकान के पास ही कूड़ा जल रहा था। जिसकी चिंगारी से दुकान में रखी हवन सामग्री और धूप बत्ती ने आग पकड़ ली। चौक फायर स्टेशन से पहुंचे दमकल कर्मीयों ने करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों के मुताबिक गोदाम में धुआं होने और शटर बाहर से बंद होने के चलते आग पर काबू पाने में दिक्कत हुई। हालांकि दुकान मालिक रजत के आने के बाद शटर खुलते ही आग को जल्द बुझा लिया गया।

### बिना अधिकार भेजा नेहा राठौर को नोटिस, कार्यवाही की मांग

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** । अधिकार सेना के लीगल विंग ने कानपुर देहात पुलिस द्वारा कवयित्री नेहा सिंह राठौर को धारा 160 सीआरपीसी में भेजे गए नोटिस को गैर-कानूनी बताते हुए इस सम्बन्ध में कार्यवाही की मांग की है. लीगल विंग अध्यक्ष डॉ नूतन ठाकुर द्वारा डीजीपी, यूपी को भेजी शिकायत में कहा गया है कि धारा 160 सीआरपीसी किसी पुलिस अफसर को विवेचना के दौरान किसी गवाह को बुलाए जाने की शक्ति से संबंधित है. इस नोटिस में किसी भी एफआईआर का उल्लेख नहीं है जिससे स्पष्ट है कि यह नोटिस किसी विवेचना के संबंध में नहीं है बल्कि इसमें एक वीडियो के संदर्भ में तमाम प्रश्न पूछे गए है। उन्होंने कहा कि यह नोटिस घोर प्रशासनिक दुराचार व आपराधिक कृत्य दिखता है. अत: उन्होंने नोटिस भेजने वाले इंस्पेक्टर अकबरपुर प्रमोद कुमार शुक्ला के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की

### यूपी के हर विधानसभा क्षेत्र में रोजगार मेले का आयोजन करेगी सरकारः अनिल राजभर

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** । उत्तर प्रदेश विधानसभा में शुक्रवार को श्रम और सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि सरकार प्रदेश में बेरोजगारी दूर करने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में रोजगार मेले का आयोजन करेगी। विधानसभा में बजट सत्र के पांचवें दिन प्रश्न काल में समाजवादी पार्टी के सदस्य डॉक्टर आरके वर्मा और डॉक्टर संग्राम यादव के एक प्रश्न के उत्तर में मंत्री राजभर ने कहा कि आज यूपी की सरकार बेरोजगारी दूर करने के लिए जो प्रयास कर रही है, उसकी प्रशंसा पूरे देश में हो रही है। उन्होंने सरकार द्वारा इस क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों का ब्योरा देते हुए कहा कि प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा और इसके जरिये रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।राष्ट्रीय लोकदल के सदस्य अजय कुमार ने पूछा कि प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़ती मंहगाई के दृष्टिगत न्यूनतम मजदूरी दर का पुनरीक्षण करने पर क्या सरकार विचार करेगी।इसके जवाब में श्रम मंत्री राजभर ने कहा कि विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में नियोजित कर्मकारों को देय न्यूनतम मजदूरी का निर्धारण,पुनरीक्षण न्यूनतम मजदूरी सलाहकार बोर्ड की सलाह पर किया जाता है।

### सरकार महिला और पुरुष में कोई भेद नहीं करती

लखनऊ। श्रम और सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि उत्तर प्रदेश न्यूनतम मजदूरी सलाहकार बोर्ड के पुनर्गठन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। राजभर ने कहा कि जल्द ही बोर्ड का पुनर्गठन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि न्यूनतम मजदूरी की दर निर्धारित करने के लिए सरकार की मंशा साफहै। सपा की सदस्य पूजा पाल के एक प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने कहा कि सरकार महिला और पुरुष में कोई भेद नहीं करती है और सभी बेरोजगारों के लिए सरकार ने योजना शुरू की है। उन्होंने बताया कि साल 2017 से 2023 तक निजी क्षेत्रों में 42,279 महिलाओं को समायोजित किया गया।

# अवैध संबंधों में हुई थी होमगार्ड के बेटे की हत्या

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

> पुलिस पूछताछ में जितेंद्र के आरोपी दोस्त रंजीत ने बताया कि जितेन्द्र की परिचित महिला से उसके अवैध संबंध थे

लखनऊ में बुधवार को शादी समारोह में शामिल होने आए होमगार्ड के बेटे जितेंद्र सिंह (32) की अवैध संबंधों में चाकू से गला रेतकर हत्या की गई थी। पुलिस आरोपी के दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उसका शव कुकरैल बंधे के पास गुरुवार सुबह मिला था।

पुलिस पूछताछ में जितेंद्र के आरोपी दोस्त रंजीत ने बताया कि जितेन्द्र की परिचित महिला से उसके अवैध संबंध थे। इसको लेकर ही दोनों में अक्सर झगड़ा होता था। इसके चलते प्लान के तहत उसने जितेंद्र को पैसे देने के बहाने बुलाया। जहां दोनों ने साथ में शराब पी। इसके बाद अरोपी रुपए देने के बहाने से जितेंद्र को अपने साथ ले गया। कुकरेल नाले के पास पहुंच कर रंजीत ने जितेंद्र का गला घोंटने का प्रयास किया। असफल होने पर चाकू से गला रेत दिया। सतरिख निवासी रंजीत एक प्राइवेट हॉस्पिटल में चालक है। पुलिस ने उसको कॉल डिटेल के आधार पर पकड़ा है। आखिरी फोन पर बातचीत जितेंद्र की उससे ही हुई थी। डीसीपी उत्तरी कासिम आब्दी ने बताया कि बुधवार रात साढ़े तीन बजे शक्तिनगर ढाल के पास एक युवक के शव मिलने की सूचना मिली थी। शव के पास खड़ी बाइक के नंबर के आधार पर जानकारी जुटाई गई। जिसके बाद गाड़ी मालिक टिंकू से संपर्क किया गया। टिंकू ने बताया कि गाड़ी बाराबंकी सफेदाबाद निवासी साला जितेंद्र सिंह लेकर गया था। जो दोपहर बाद से लापता है। मौके पर पहुंचे टिंकू ने शव की शिनाख्त जितेंद्र के रूप में की। ई-रिक्शा चालक जितेंद्र बुधवार दोपहर को पत्नी और बच्चों के साथ चचेरी बुआ के लड़के की शादी में शामिल होने आया था। जीतेंद्र के पिता राजकुमार होमगार्ड हैं और आजकल उनकी ड्यूटी सीएम आवास पर है। बहनोई टिंकू ने बताया कि जितेंद्र डंडहिया स्थित एक गेस्ट हाउस में शादी में शामिल होने आया था। जहां से पत्नी से पॉलीटेक्निक पर किसी से मिलने की बात कह कर निकला था। उसके बाद से ही लापता था। पुलिस के देर रात फोन आने पर हत्या की जानकारी हुई। जितेंद्र की गांव में किसी से दुश्मनी नहीं थी।

# मीडिया को संवैधानिक रूप से मिले चतुर्थ स्तंभ का दर्जा

- राष्ट्रीय पत्रकार महाधिवेशन में सम्मानित हुई गोंडा जिले के अध्यक्ष की टीम

**गोंडा, समृद्धि न्यूजद्ध**

राजकीय औद्योगिक एवम कृषि प्रदर्शनी अलीगढ़ के कृष्णांजलि नाट्यशाला मे गुरुवार को पत्रकार समाज कल्याण समिति का राष्ट्रीय महाअधिवेशन व सम्मान सम्मान समारोह आयोजित हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र शर्मा के द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित दिल्ली से वरिष्ठ पत्रकार आशीष चित्रांशी,विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ जेल अधीक्षक विजेंद्र कुमार सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव जज दिनेश नागर, सीओ 112 मोहसिन खान, वरिष्ठ पत्रकार डॉ पंकज धीरज तथा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजभान बघेल ने दीप प्रज्वलन कर अधिवेशन का शुभारंभ किया। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा, प्रदेश महासचिव विनोद वर्मा, जितेंद्र श्रीवास, विजय सिंह, नितिन अग्रवाल,बाबू लाल गुप्ता, कृष्णा सूर्यवंशी सहित अन्य पत्रकारों ने गोंडा व विभिन्न प्रदेशों से आए पत्रकारों का स्वागत कर सम्मानित किया। संचालन अनिल वर्मा व तलत जावेद के द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि आशीष चित्रांशी ने कहा कि आज पत्रकारिता के मायने बदल गए हैं,सदन मे आज नेता समाचार पत्रों की खबरों को रिपोर्ट के तौर पर प्रस्तुत करते हैं।लेकिन




पत्रकारों की सुरक्षा पर सरकार का ध्यान नहीं है।आए दिन घटित घटनाएं चिंता का विषय हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ पंकज धीरज ने कहा कि लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ के तौर पर पत्रकारिता को गिना जाता है,लेकिन देश मे संवैधानिक रूप मे अभी तक कोई मान्यता न दिया जाना सवाल खड़े करता है।इसके लिए राष्ट्रपति स्तर पर कदम उठाया जाना स्वस्थ्य लोकतंत्र का परिचायक होगा।

वहीं, समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज भान बघेल ने सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की।साथ ही कहा कि संगठन निस्वार्थ भाव से पत्रकार हित की लडाई लड रहा है और हमेशा लडता रहेगा।हमें आपसी द्वेष भावना को मिटाकर पत्रकार हित की बात करनी चाहिए और पत्रकारों के लिए संघर्ष करने चाहिए ।आज समिति ने तमाम राज्यों मे अपनी पहचान बनाई है जिसका कारण केवल पत्रकार एकता पर काम करना और पत्रकारों के हित की लडाई लड़ना है। गोंडा जिले की टीम में पत्रकार नरेंद्र लाल गुप्ता जिला अध्यक्ष ,राकेश कुमार गुप्ता महासचिव ,एवं किशन राजपाल सचिव की टीम ने अलीगढ़ पहुंच कर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष के हाथों सम्मान प्राप्त किया ।

समिति के जिला अध्यक्ष अमित कुमार ,गभाना तहसील अध्यक्ष, खैर तहसील अध्यक्ष, इगलास तहसील अध्यक्ष, अतरौली तहसील अध्यक्ष व महानगर इकाई अध्यक्ष सहित पत्रकारों ने सभी अतिथियों को फूल माला पहनाकर अंग वस्त्र उड़ा कर सभी का सम्मान किया। तदुपरांत पत्रकार सम्मेलन में पहुंचे शहर व ग्रामीण क्षेत्र व अन्य जनपद व प्रदेश के पत्रकारों ने मंच पर पहुंचकर अपने

# मंडलायुक्त ने किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित अपर जिलाधिकारी न्यायालय, मुख्य राजस्व अधिकारी न्यायालय, डीडीसी न्यायालय, एसओसी न्यायालय, संग्रह कार्यालय, राजस्व अभिलेखागार, रिकॉर्ड रूम, भूलेख कार्यालय आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों की नकल लेने के लिए प्रतिदिन आने वाले आवेदन वाले बाक्स को चेक किया। साथ ही संबंधित बाबू से पुराने अभिलेखों के रख-रखाव से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आवेदकों को नकल जारी करने में किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी ना होने पाए। उन्होंने नए सिरे से बस्ता सूची बनाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि जो अभिलेख काफी पुराने हो गए हैं उन्हें अभियान चलाकर हटा दिया जाए जो अभिलेख जरूरी हो उन्हें ही संभाल कर रखा जाए। उनके साथ अपर आयुक्त राकेश चंद्र शर्मा, डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार, एडीएम, एसडीएम, नगर मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

# प्रसव के बाद इंजेक्शन लगने से अपाहिज हुई महिला

- डॉक्टर के खिलाफ दी तहरीर

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

नगर कोतवाली क्षेत्र में एक प्राइवेट नर्सिंग होम में प्रसव के बाद एक महिला को गलत तरीके से इंजेक्शन लगा देने से महिला अपाहिज हो गई। नगर कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा लिखाने की मांग किया है। कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के सोनहारा पंडित पुरवा निवासी श्याम जी मिश्रा ने अपने पत्नी रमा पाठक को प्रसव के लिए बीते 16 दिसम्बर को एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। ऑपरेशन से उस को बच्चा पैदा हुआ। 30 दिसम्बर तक उस का इलाज चला और पेट मे लगी पाइप जो गन्दा पानी निकल रहा था। उस को बिना निकाले ही डिस्जार्ज कर दिया गया। श्याम जी मिश्रा ने बताया



कि हर पांच वे दिन उस को लाकर चेकप कराना है।उस ने बताया कि बीते 5 जनवरी को फिर ले गए। डॉक्टर साहब की देखरेख में उस को दवाई दी गई। दवा लेकर चला आया।बीते 9 जनवरी को फिर लेकर गया। डॉक्टर साहब की देख रेख में दवा दी गई और उस को गलत तरीके से इंजेक्शन लगा दिया गया। जिस से उस का एक हाथ काला हो गया। दूसरे दिन ही फिर दिखाने लेकर आई तब डॉक्टर ने कहा कि दो तीन दिन में हाथ ठीक हो जायेगा। हाथ मे सूजन आ गई । उस को एक दूसरे नर्सिंग होम में दिखाया वहाँ के चिकित्सक ने बताया कि गलत तरीके से इंजेक्शन लगा दिया गया। इस से इस का हाथ खराब हो गया। जान बचाने के लिए उस का हाथ काटना पड़ेगा । इस पर लखनऊ ले गया। वहाँ के डॉक्टरों ने बताया कि हाथ काटना पड़ेगा। इस पर वह अपने पत्नी को दिल्ली ले गया। राम मनोहर लोहिया में भर्ती कराया। बीते 15 फरवरी को डॉक्टर ने ऑपरेशन कर के उस के एक हाथ को काट दिया। तहरीर देकर मुकदमा लिखाने की मांग किया है। प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि कृष्ण केयर सेंटर नर्सिंग होम के खिलाफ में तहरीर मिली है। जांच के बाद मुकदमा लिखा जायेगा।

# बालश्रम निषेध अभियान में छः नियोजकों को नोटिस

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद गोण्डा के बेलसर बाजार एवं तरबगंज बाजार में उत्तर प्रदेश शासन और जिलाधिकारी महोदय गोण्डा एवम पुलिस अधीक्षक महोदय गोण्डा के निर्देश के क्रम में श्रम विभाग के नेतृत्व में , चाइल्ड लाइन और एन्टी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट एवम विशेष किशोर पुलिस इकाई की संयुक्त टीम द्वारा जनपद गोंडा के बेलसर बाजार एवं तरबगंज बाजार में सघन रुप से बालश्रम उन्मूलन अभियान का संचालन किया गया। उन्होंने बताया है कि जनपद के छः प्रतिष्ठानों के नियोजको को बाल श्रम कराते हुए पाए जाने पर श्रम विभाग द्वारा नोटिस दिया गया, जिसके बाद संबंधित प्रतिष्ठानों के नियोजको के विरुद्ध बाल श्रम अधिनियम 1986 के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है अभियान का संचालन श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित श्रम प्रवर्तन सत्येन्द्र प्रताप,एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट से उपनिरीक्षक राम प्रसादटेक्निकल रिसोर्स पर्सन चंद्रेश यादव व चाइल्ड लाइन प्रभारी आशीष मिश्रा तथा विशेष किशोर पुलिस इकाई से महिला आरक्षी बबिता सिंह कांस्टेबल अरविंद राय एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट से हेड कांस्टेबल गौचरनकांस्टेबल महिला आरक्षी प्रियंका चौहान अमिता पटेल श्रम विभाग से अनूप के साथ किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद को बाल श्रम से मुक्त कराना है और लोगों को जागरूक करना है।

# भाग रहे बदमाशों की गोलीबारी में दो घायल

**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

- डकैती की घटना को दिखाया चोरी किया प्राथमिकी दर्ज
- कोतवाल कर्नलगंज सुधीर सिंह की बेलगाम कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में लूट की घटना को अंजाम देकर भाग रहे बदमाशों ने ग्रामीणों की घेराबंदी में फंसने पर ताबड़तोड़ फायरिंग करना शुरू कर दिया। गोली लगने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें लखनऊ रेफर किया गया है। वहीं कोतवाल कर्नलगंज की बेलगाम कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक घटना कोतवाली कर्नलगंज अन्तर्गत ग्राम धमसड़ा की है,जहां के निवासी हरित मिश्रा व रजनीश मिश्रा के घर रात्रि में हथियार से लैस बदमाशों ने पहुंचकर डकैती की घटना को अंजाम देते हुऐ काफी तबाही मचायी। बदमाशों ने घर में घुसकर जिसमें लोग सो रहे थे उन कमरों में कुंडी बंद करके जमकर लूटपाट किया और घर में रखा पच्चीस हजार रूपये नकद व जेवर सहित अन्य सामान लेकर बदमाश फरार होने लगे। इतने में हल्ला गुहार पर गांव के लोग भी पहुंच गए और पीड़ित परिवार के साथ मिलकर बदमाशों का विरोध करने लगे। अपने को घिरता देखकर बदमाश गोलीबारी करते हुये फरार हो गए। घटना में सुशील मिश्रा उम्र 40 वर्ष सिद्धांत पाण्डेय 15 वर्ष को गोली लग गई,जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उन्हें गोण्डा भेज दिया। बताया जाता है कि जहां सिद्धांत की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। मालूम हो कि एक माह पूर्व इसी घर में चोर चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। वहीं सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी विनय कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह फ़ोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और एसओजी प्रभारी संतोष कुमार सिंह भी अपनी टीम के साथ पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल में जुट गये। ऐसे में कोतवाल कर्नलगंज की बेलगाम कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। जब इस प्रकरण पर प्रभारी निरीक्षक करनैलगंज सुधीर सिंह से दूरभाष पर जानकारी मांगा गया तो उन्होंने बताया प्राथमिकी दर्ज की गई है किंतु गिरफ्तारी कोई नहीं है।

# गोंडा में पूर्ति अधिकारी नियम कानून नहीं रसूख से चलाते हैं विभाग

- जनता का मुख्यमंत्री से सवाल कब होगी जिला पूर्ति अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही

**पं. बागीश तिवारी**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** योगी सरकार जन्हा एक तरफ़ सबका साथ सबका विकास का दावा कर रही है, ठीक उसके विपरीत जिला पूर्ति अधिकारी गोंडा कृष्ण गोपाल पांडे के सर चढ़कर बोल रहा गोरखपुर का सुरूर। वो अलग बात है कि जनपद गोंडा में जिला पूर्ति अधिकारी के पद पर तैनात हैं।लेकिन रसूख इस कदर हावी है कि कोटेदारों का शोषण करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है। यहां निजी स्वार्थों की पूर्ति न होने से महज घटतौली के आरोप में निलंबित राशन की दुकानों की जांच चार चार महीने तक होती है। और अन्त में परिणामतः दुकान निरस्त कर दी जाती। जब कि ठीक इसके विपरीत गम्भीर आरोप सिद्ध दुकानों पर जिला पूर्ति अधिकारी चुप्पी साध लेते हैं। जनपद में जिलापूर्ति अधिकारी अपने आप को गोरखपुर का मुख्य मंत्री के नजदीकी मानते जनपद में पूर्ति विभाग की इस कदर हवा निकालने में लगे हैं जिसका कुछ जवाब नहीं। कन्ही मिलावटी चावल की सप्लाई तो कभी नियम कानूनों के विरुद्ध आरक्षण नियमों को ताख पर रख कर कोटे की दुकानों का गठन, तो कभी, दुकानों को निजी स्वार्थों में संलिप्त होते हुए मनमाने ढंग से निर्धारित स्थानों से अलग चलवाना आदि जिला पूर्ति अधिकारी की मुख्य कार्य शैली बन गई है। सूत्रों का मानना है कि जिला पूर्ति अधिकारी



कृष्ण गोपाल पांडे, जिला पूर्ति अधिकारी

के जी पांडेय मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ से अपने आप को नजदीकी मानते हैं, और गृह जनपद गोरखपुर का होने के कारण उच्च अधिकारीयों के कार्यवाही का इन्हे बिल्कुल डर नहीं है। ऐसे में सरकार के नियम कानूनों को धता बताते हुए दुकानों के निलंबन और बहाली को लेकर रसूख के बल पर मोटी रकम ऐंठने में लगे हैं। इस विषय पर जब कोटेदारों से बात की गई तो लोगों ने बताया कि निजी स्वार्थों के बगैर पूर्ति क्या पूर्ति विभाग का कार्य सम्भव है।अधिकारी के विरुद्ध बोलना ठीक नहीं होगा मेरा नाम मत लिखना। कोटेदार ने यह भी कहा कि जनपद से खाद्यान्न कितना और कैसा मिलता है। यह पूरा विभाग जानता है। लेकिन मुझे बचाइए। कोटेदार के ऐसे उत्तरों से चूहों वाली कहानी मे ÷कौन गले में बांधे घंटी बिल्ली के÷ पूरा चरित्रार्थ हो रही है। और सरकार से जिम्मेदार अधिकारी तक ऐसे डी एस ओ पर कार्यवाही करते डर रहे हैं। जिससे सरकार सहित जनता के हितों को गोंडा में अच्छा खासा पलीता लग रहा है। तथा जनपद में खाद्य एवं रसद विभाग कटघरे में खड़ा दिखाई पड़ रहा है। इस सम्बंध में जब मंडलायुक्त देवी पाटन मण्डल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि ऐसी कोई शिकायत मुझे नहीं मिली है।

# सीएचसी में नहीं मिला स्ट्रेचर

## बेटी को गोद में लेकर पहुंची मां, अस्पताल प्रशासन की संवेदनहीनता आई सामने

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

राजुवापुर गांव निवासी एक महिला एंबुलेंस से बेटी को लेकर सीएचसी पहुंची। यहां पर स्ट्रेचर नहीं मिला। जिस पर महिला बेटी को गोद में लेकर इलाज के लिए अस्पताल गई। काफी देर बाद इलाज शुरू हो सका। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम राजुवापुर निवासी ननकना देवी पत्नी ननके की 10 वर्षीय बेटी सुमन बुखार से ग्रसित है। गुरुवार को बेटी को बुखार अधिक परेशान करने लगा। जिस पर महिला ने 108 एंबुलेंस को फोन किया। इसके बेटी को इलाज के लिए सीएचसी पयागपुर लेकर पहुंची। यहां पर काफी देर तक स्ट्रेचर नहीं मिला। जिस पर बेबस मां ने बेटी को गोद में लिया और




सीएचसी के अंदर इलाज के लिए जाने लगी। जबकि अस्पताल में फार्मासिस्ट ठाकुर प्रसाद यादव, वार्ड बॉय रमेश चंद्र मौजूद रहे। डॉक्टर अब्दुल वहीद भी पहुंच गए थे। इसके बाद भी महिला अपनी बेटी को गोद में लेकर अस्पताल में गई। इस मामले में सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर विकास वर्मा को फोन लगाया गया,लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं किया। महिला द्वारा अपनी बेटी को गोद में लेकर अस्पताल पहुंचाया गया। काफी देर बाद डॉक्टर पहुंचे। इस पर डॉक्टर से सवाल करते हुए वीडियो बनाया गया। वीडियो बनता देख डॉक्टर नाराज हो गए। वह बोले कि वीडियो बनाकर क्या कर सकते हो, सिर्फ ट्रांसफर ही करा सकते हो। मैं खुद यहां से जाना चाहता हूं। कोई मेरी नौकरी नहीं ले सकता है।

# अनियंत्रित ट्रक ने ई रिक्शा को ठोका, वृद्ध महिला की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पयागपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत वैनी रन्ना पत्नी गजन धोबी निवासिनी वैनी जो किसी कार्य से बाजार आई थी और वापस अपने परिवार राजित राम ननकना व सनी के साथ बैटरी रिक्शे पर बैठकर अपने घर बैनी जा रही थी जैसे नेजाभार पहुंची इकौना की तरफ से आ रही ट्रक अनियंत्रित होकर पीछे से बैटरी रिक्शा यूपी 46, 4165 पर टक्कर मार दी। जिससे मौके पर रन्ना पत्नी गजेंद्र की मृत्यु हो गई। मृतक की उम्र करीब 60 वर्ष और साथ में राजेश रामधन एवं चालक दुर्गेश घायल हो गए। इसकी सूचना पर पयागपुर थानाध्यक्ष राज कुमार पांडेय ने पुलिस बल के साथ सहित मौके पर पहुंचकर कर सभी घायल को 108 एंबुलेंस द्वारा सीएचसी पयागपुर भेजा गया और रन्ना का पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। ट्रक चालक की खोज की जा रही है।

# दुकानों का शटर काटकर लाखों की चोरी

- शहर के गुलाम अली पुरा में बर्तन के चार दुकानों के काटे गए शटर



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

बर्तन बाजार में चार दुकानों का चोरों ने शटर काट दिया। चोरों ने नगदी और बर्तन समेत लाखों की संपत्ति पार कर दी। घटना की जानकारी होने पर शुक्रवार को व्यापारियों ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला गुलाम अली पुरा में बर्तन बाजार संचालित है। मोहल्ला निवासी उमेश चंद्र गुप्ता की दुकान का गुरुवार रात चोरों ने शटर काट दिया। यहां से चोर बिक्री का 50 हजार रूपये नगदी व बर्तन चोरी की। इसके बाद चोर पड़ोस में स्थित ओम प्रकाश, धीरू और वीरू की दुकान का शटर काट दिया। चोरों ने दुकान के अंदर रखी बिक्री की नगदी और बर्तन चोरी कर लिए।चार दुकानों से तीन लाख से अधिक की चोरी हुई है। सुबह चोरी की जानकारी होने पर व्यापारियों की भीड़ एकत्रित हो गई। पीड़ित व्यापारियों ने कोतवाली नगर में तहरीर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। प्रभारी निरीक्षक राम दावन ने बताया कि जांच पड़ताल चल रही है। जल्द ही चोरियों का खुलासा किया जायेगा। वहीं एक साथ शहर में चोरियां होने से व्यापारियों में हड़कंप मच गया है।

# दुष्कर्म और पाक्सो के दो आरोपी गिरफ्तार

- नाबालिक का अपहरण कर दुष्कर्म की वारदात को दिया था अंजाम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

पयागपुर पुलिस ने नाबालिग के साथ अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों ने पखवारे भर पूर्व एक नाबालिक के साथ दुष्कर्म किया था। पयागपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिक का 15 दिन पूर्व अपहरण कर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। शुक्रवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार और प्रभारी निरीक्षक राज कुमार पांडेय ने उप




निरीक्षक हरीश सिंह, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र बहादुर सिंह, अर्जुन कुमार की टीम गठित की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना क्षेत्र के खुटेहना गांव निवासी धनंजय पुत्र मोहन लाल और देवानंद पुत्र प्रेम नारायन को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों के विरुद्ध दुष्कर्म, अपहरण और पॉस्को एक्ट में मुकदमा दर्ज था। दोनों फरार चल रहे थे।

# अधूरा पड़ा है आरसीसी सड़क मार्ग, प्रदर्शन

- ग्रामीणों ने मानक का विरोध किया तो ठेकेदार ने रुकवा दिया काम, डीएम को भेजा पत्र

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

बरदहा बाजार में क्षेत्र पंचायत निधि से आरसीसी सड़क निर्माण कार्य अधूरा ही छोड़ दिया गया है। इससे नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार को नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी ने डीएम को पत्र भेजकर निर्माण कार्य पूरा कराए जाने की मांग की।

सभी का कहना है कि सुनवाई न होने पर सभी आमरण अनशन शुरू कर देंगे। शिवपुर विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरदहा कला



गांव के वार्ड नंबर एक बरदहा बाजार में सड़क काफी खराब थी। बाजार वासियों की मांग पर ब्लॉक प्रमुख ने क्षेत्र पंचायत निधि से आरसीसी सड़क निर्माण के लिए बजट आवंटित कराया था। सड़क निर्माण राम जानकी मन्दिर से राम लोचन गुप्ता के मकान तक होना था। आरसीसी सड़क निर्माण का ठेका राजकुमार मिला। गांव के लोगों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा सड़क का निर्माण शुरू कराया गया था। दो माह पूर्व ग्रामीणों ने मानक विहीन सड़क निर्माण होने की शिकायत की। इस पर ठेकेदार भड़क गया। उन्होंने निर्माण कार्य ही रुकवा दिया। अब ग्रामीण ऊबड़ खाबड़ मार्ग से आवागमन कर रहे हैं। इससे समस्या हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ब्लॉक प्रमुख और ग्राम प्रधान से शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हुई है। इससे नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार को नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी ने हस्ताक्षरित पत्र जिलाधिकारी को भेजा। बंद पड़े सड़क निर्माण को पूरा कराए जाने की मांग की। सभी का कहना है कि यदि सड़क निर्माण पूरा न किया गया तो सभी अनिश्चित कालीन धरना देंगे। इस दौरान आशीष, रवि गुप्ता, शिवम, दिनेश, शिव गोपाल, दीपांशु गुप्ता और अभिषेक समेत अन्य शामिल रहे।

# बाइक सवार फेंकते रहे पैकेट-लूटते रहे कार सवार, डिवाइडर से टकराकर दो घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- मिट्टी भरा थैला और नोटों के आकार की कतरन लगी पुलिस के हाथ

बहराइच-लखनऊ हाईवे पर बाइक पर सवार दो लोग पीछा कर रहे कार सवारों पर पैकेट फेंकते रहे और कार सवार लूटते रहे, ढाबे के निकट बाइक के दुर्घटनाग्रस्त होने पर बाइक सवार लोग खेत की तरफ भागे। कार सवारों ने पीछा किया तो एक बाइक सवार लहूलुहान हालत में खेत की मेड़ पर मिला। एक बाइक सवार का पता नहीं है। जरवल रोड पुलिस ने क्षेत्र को अपनी घेराबंदी में ले लिया है। पुलिस के हाथ मिट्टी भरा थैला और नोटों के आकार की कतरन लगी है। प्रथम दृष्टया मामला टप्पेबाजी का लग रहा है पुलिस जांच में जुटी हुई है। बहराइच लखनऊ मार्ग पर शुक्रवार सुबह 11:00 बजे के आसपास एक बाइक सवार का कार सवार लोग पीछा कर रहे थे। बाइक सवार जब बहराइच लखनऊ मार्ग पर जरवल रोड थाना अंतर्गत भया पुरवा मोड़ के निकट पहुंचे तो कार सवारों की तरफ पैकेट उछलने लगे। यह खेल बमुश्किल आधा किलोमीटर तक चला, इसके बाद बाइक सवार दो युवक चलती हुई बाइक को छोड़कर सड़क किनारे खड्ड में कूद




गए, लेकिन कूदते समय युवक डिवाइडर के खम्भे से टकरा गए। घायल होने के बावजूद दोनों युवक पास में लगे गन्ने और सरसों के खेत की ओर भागे। लेकिन एक युवक गंभीर रूप से घायल होने के चलते बमुश्किल 300 मीटर दूर पहुंचने पर खेत की मेड़ पर गिरकर बेहोश हो गया। उधर बाइक सवार युवकों के द्वारा फेंके गए दो पैकेट को कार सवारों ने उठाया जबकि एक पैकेट पीछे से आ रहे बाइक सवार उठाकर भाग गए। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर घायल युवक को बरामद किया है। जबकि दूसरे युवक का पता नहीं है। गंभीर रूप से घायल युवक अपना नाम बदल बदल कर बता रहा है। पुलिस पूंछतांछ में पांचवी बार घायल युवक ने अपना नाम राजू अहमद निवासी बशीर गंज बहराइच बताया है। जरवल रोड पुलिस के मुताबिक पुलिस टीम के पहुंचने पर बाइक सवारों का पीछा कर रहे कार सवार भाग खड़े हुए। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि वह अवकाश पर है फिर भी क्षेत्र के घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं। एसओ ने बताया कि फरार कार सवारों की खोजबीन की जा रही है। पूरा मामला टप्पेबाजो का लग रहा है जांच की जा रही है। जरवलरोड थाने की पुलिस टीम ने बताया कि दो पैकेट मौके पर पहुंची पुलिस को मिले हैं। एक पैकेट पीली मिट्टी और उसमें चमकीली वस्तु भरी हुई है। जबकि एक पैकेट में नोटों के आकार की कतरन भरी हुई है। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि पूरा मामला टप्पेबाजी का लग रहा है। जांच की जा रही है।बाइक सवार पैकेट फेंकते हुए चल रहे थे और कार सवार पैकेट उठा रहे थे, इसे देख प्रत्यक्षदर्शियों ने ही पुलिस को फोन किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि जरवल रोड से घाघरा घाट के मध्य लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच हो तो पूरा मामला खुल सकता है।



# पावन नदी सरयू का विधि विधान से पूजन-अर्चन कर भरा गया जल

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** विकासखंड जरवल कस्बा के अंतर्गत ग्राम सभा नत्थनपुर में चंद्र नारायण पाठक की आवास के समीप मंदिर पर सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया। जिसमें कथा व्यास पंडित दीपक कुमार शास्त्री हेतमापुर रामनगर बाराबंकी के मुखारविंद से सात दिवसीय कथा का मधुर गान किया गया। भागवत कथा पंडित दीपक कुमार शास्त्री अपने मधुर वचनों से नित सात दिवस तक लोगों को पावन पवित्र भागवत कथा का श्रवण कराएंगे। उक्त कथा का विधि विधान से संपन्न करने के लिए मां सरयू का पूजन अर्चन कर कलश में जल भरा गया, इस पावन अवसर पर ग्राम सभा के सम्मानित संभ्रांत व्यक्ति पंडित श्रीधर पाठक, ग्राम प्रधान मुन्नी देवी ,प्रधान प्रतिनिधि पंकज पाठक, दिनेश कुमार यादव, डॉ विजय कुमार वर्मा, अमित कुमार मिश्रा सहित सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे।

### महराजगंज बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कमेटी के शपथ ग्रहण के पहले आया भूचाल

# आठ पदाधिकारियों ने सौंपे इस्तीफे

**महराजगंज/रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



महराजगंज बार एसोसिएशन महराजगंज की नवनिर्वाचित कमेटी के आगामी सोमवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम से पहले उस समय खलबली मच गई, जबकि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की समिति में से 8 लोगों ने एल्डर कमेटी तहसील बार एसोसिएशन महराजगंज जिला रायबरेली को एक पत्र सौप कर अपने-अपने पदों से त्यागपत्र दिए जाने और शपथ ग्रहण लेने में असमर्थता जताई है। जिससे नवनिर्वाचित कमेटी के पदाधिकारियों में हड़कंप मच गया है। हालांकि नवनिर्वाचित कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि, मामले को सुलझा लिया जाएगा। और शपथ ग्रहण आगामी सोमवार को नियत समय पर होगा।

शुक्रवार को नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष कनिष्क शैलेंद्र सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में प्रेम सिंह, अमित प्रताप सिंह, विजय सिंह, भगवती प्रसाद मौर्य, केदारनाथ यादव, अंकुर सिंह, बिंदेश कुमार, कृष्ण कुमार यादव और देवी प्रसाद ने संयुक्त हस्ताक्षरित पत्र निर्वाचन कमेटी के मुखिया पंडित देवी प्रसाद एडवोकेट को सौंपते हुए आरोप लगाया है कि, आगामी शपथ ग्रहण समारोह में मनमाने ढंग से निर्णय लिए गए हैं। पूरी कमेटी से विचार-विमर्श नहीं किया गया है। इस कारण वह लोग न केवल शपथ ग्रहण कार्यक्रम में अनुपस्थित रहेंगे, बल्कि अपने अपने पदों से त्यागपत्र दे रहे हैं। इसे स्वीकार करने का अनुरोध किया गया है। उधर नवनिर्वाचित कमेटी के अध्यक्ष विद्यासागर अवस्थी ने बताया कि, आपस में जो थोड़ी बहुत गलतफहमियां है उन्हें दूर कर मामला निपटा लिया जाएगा, और शपथ ग्रहण पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सोमवार को होगा, जिसकी अध्यक्षता उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के वरिष्ठ पदाधिकारी राकेश पाठक करेंगे तथा मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह के भाग लेने की स्वीकृति मिल गई है।

# तीन दिवसीय प्रदर्शनी का हुआ शुभारम्भ

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज**



- प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश की लाभपरक योजनाओं व कल्याणकारी कार्यक्रमों का हुआ प्रदर्शन
- डीएम ने दो एलईडी प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण नीतियों, निर्णयों, उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा 24 से 26 फरवरी तक तहसील सदर के परिसर में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी सुबह 09 बजे से सायं 06 बजे तक आमजन मानस के लिए खुली रहेगी।

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा तहसील सदर के परिसर में आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा इसी अवसर पर दो एलईडी प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना भी किया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश की लाभपरक योजनाओं व कल्याणकारी कार्यक्रमों का भी प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें आम जनमानस आकर जानकारी प्राप्त कर सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी से सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार होता है और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं का आम जनमानस जानकारी प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार जनपद में शहरी व ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों में सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभ पर योजनाओं का एलईडी वैन के माध्यम से प्रचार - प्रसार कराया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा अपराध नियंत्रण एव वांछित,ईनामिया अभियुक्तो की गिरफ्तारी एवं अवैध असलहो की तस्करी तथा अवैध मादक पदार्थ द्रव्यों की बिक्री व तश्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत शुक्रवार को लालगंज पुलिस टीम द्वारा फतेहपुर रोड अम्बार पश्चिम मोड के पास से एक अभियुक्त अजय कुमार मिश्रा पुत्र जगत नारायण मिश्रा निवासी पूरे मगहरन मजरे लालूमऊ को एक देशी तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर स्थानीय थाना पर आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

### राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत दुकानों पर की गई छापेमारी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव के निर्देशानुसार राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत नायब तहसीलदार के नेतृत्व में सचल/प्रवर्तन दल द्वारा कोटपा अधिनियम–2003 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला अस्पताल (पुरुष एवं महिला) आस–पास के परिसर मे बाहर खाने–पीने की दुकानों व जनरल स्टोर पर धारा–04 के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान/तम्बाकू उत्पादों की बिक्री कर रहे दुकानों पर सचल दल में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 श्री कृष्णा, हरेन्द्र सिंह खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग से सब इन्स्पेक्टर वर्षा तंवर पुलिस विभाग द्वारा सघन छापेमारी करते हुए चेतावनी व न्यूनतम जुर्माने की कार्यवाही की गयी। साथ ही धारा–06 के अन्तर्गत 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा तम्बाकू उत्पादों के क्रय/विक्रय व उपयोग न किये जाने हेतु भी चेतावनी दी गयी, कि आगे भी इस प्रकार की छापेमारी समय–समय पर की जाती रहेगी एवं उल्लंघन करने पर दोषियों के विरूध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी ताकि जनपद रायबरेली को तम्बाकू मुक्त एवं जनपद वासियों को तम्बाकू/धूम्रपान से होने वाले स्वास्थ्य हानि से बचाया जा सके।

### पार्कों के जीर्णोद्धार में चल रहा भ्रष्टाचार का खेल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका परिषद गंगाघाट के अंतर्गत कई वार्डों के पार्क आदि में जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। वही रेलवे क्रासिंग के निकट तिकोनिया पार्क में ठेकेदार ने जो कार्य किया है। पूरे पार्क में शायद ही कोई हिस्सा हो, जहां पर ठेकेदार ने नई ईंट और मौरंग से काम किया हो। उसने पार्क के जीर्णोद्धार में पुरानी ईट और डस्ट का जमकर प्रयोग किया है, यही नहीं नगर के मिश्रा कालोनी स्थित अंत्येष्टि घाट काफी दिनों से जर्जर स्थिति में है, जहां पर जीर्णोद्धार का काम तो शुरू हो गया है लेकिन निर्माण में पुरानी ईंट और डस्ट का इस्तेमाल धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिम्मेदार भी अपनी आँख में पट्टी बांधे शांत हो कर बैठे है। इसी तरह इंदिरा नगर स्थित रविदास पार्क में पुरानी ईटो का ठेकेदार ने जमकर प्रयोग किया है पुरानी ईटों से एक हॉल बनाकर तैयार किया है। उक्त संबंध में कई समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हुई जिसके बात सदर एसडीएम नूपुर गोयल ने मामले को संज्ञान में लेकर तेरा लेखपालों की टीम जांच के लिए गठित की है और उन्होंने 7 दिन के अंदर जांच की रिपोर्ट भी मांगी है। जब उक्त संबंध में लेखपाल मनोज यादव से वार्ता की गई तो उन्होंने कहा कि रविदास पार्क की जांच का जिम्मा दिया गया है लेकिन गुणवत्ता कि जब बात पालिका जेई घनश्याम मौर्य से की तो उन्होंने कहा यह काम आपका नहीं है यह जांच किसी टेक्निकल से करवाई जाएगी।

### आवारा मवेशी से टकराई बाइक युवक की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीमार पिता की दवाई लेने जा रहे बेटे की बाइक के सामने अचानक आवारा मवेशी आने से टकरा गई। दुर्घटना में युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना बारासगवर अंतर्गत त्रिलोकपुर का रहने वाले रामशंकर का स्वास्थ्य खराब चल रहा था। उनका छोटा बेटा महेंद्र प्रताप (29) पिता की दवाई लेने धानीखेड़ा जाने के लिए गतदिवस शाम को बाइक से जा रहा था। अंधेरे में निहालखेड़ा गांव के पास अचानक उसकी बाइक के सामने आवारा मवेशी आ गया। जब तक वह बाइक रोकने का प्रयास करता तब तक बाइक मवेशी से टकराकर पलट गई। दुर्घटना में महेंद्र बुरी तरह घायल हो गया। परिजन उसे स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्वास्थ्य केंद्र के मेमो पर पहुँची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। जहाँ शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया गया। महेंद्र की मौत की खबर सुनकर पत्नी शालिनी व बार–बार बेसुध हो रही थी। वही दो अबोध बच्चों सौम्या (3) व मयंक डेढ़ वर्ष को तो यह पता भी नही की उसके पिता अब इस दुनिया मे नही है। बड़े सर्वेश के अनुसार महेंद्र प्राइवेट नौकरी करता था।

### दस रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** जय बाबा फाउंडेशन द्वारा जिला अस्पताल के रक्त कोष में स्वैच्छिक रक्तदान एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। स्वैच्छिक दस रक्त दाताओं के रक्त दान से यह शिविर संपन्न हुआ। लोगों में रक्तदान के प्रति फैली भ्रांतियों को मिटा कर जन जागरूकता के उद्देश्य से जय बाबा फाउंडेशन द्वारा इस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पंजीकृत रक्त दाताओं में 10 लोगों का रक्त जरूरतमंदों के लिए रक्त कोष में जमा कर लिया गया। रक्तदान एवं जागरूकता शिविर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने सभी रक्तदाताओं को इस कार्य के लिए सराहना की और अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करने की सलाह दी। पंजीकृत रक्त दाताओं में महेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, सोनी, शशि प्रभा, वीरेंद्र कुमार सिंह, शिव सिंह आदि ने रक्तदान किया।सभी रक्तदाताओं को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुशील कुमार श्रीवास्तव के कर कमलों से जय बाबा फाउंडेशन द्वारा प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिंन्ह देकर सम्मानित करवाया गया। इस अवसर पर रक्त केंद्र प्रभारी डॉ. अनुराग ,डॉ. अजीत सिंह, संजय बहादुर सिंह, निमेष पटेल, पंकज कुमार, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।



### विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सेमराहा गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा संपन्न होने के बाद शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में गांव व क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने प्रसाद चखा। भंडारे के पूर्व कन्याभोज के बाद ब्राह्मणों को भोजन कराया गया। श्रीमद्भागवत कथा के आयोजक व यजमान दयाशंकर अवस्थी ने भोजन के बाद ब्राह्मणों को वस्त्र व दक्षिणा भेंट किया। श्रीमद्भागवत के व्यास एवं कथा वाचक कालिंदी चरण दास ने कहा कि भागवत कथा सुनने एवं अंत में प्रसाद ग्रहण करने मात्र से मानव जीवन का कल्याण हो जाता है। उन्होंने कहा कि 7 दिनों तक श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करने और प्रसाद ग्रहण करने का अलग महत्व है। भंडारे का आयोजन सुबह 10 बजे बजे से शुरू होकर देर रात तक चलता रहा।

# भाजपा बूथ सशक्तिकरण अभियान की बैठक सम्पन्न

**रायबरेली,समृद्धि न्यूज**




भारतीय जनता पार्टी सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी, सर्वग्राही व सर्वसमावेशी संगठन है, जिसका कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से निष्ठा, लगन, ईमानदारी, समर्पित, राष्ट्र सेवा भाव से परिश्रम के साथ समाज में कार्य करता है और उन्ही कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा चुनाव लड़ती है, यही कार्य पद्धति भाजपा को अन्य दलों से पृथक करती है।

उक्त बातें आज यूपी0सी0एल0डी0एफ0 के राज्यमंत्री स्तर के चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने ÷अटल भवन÷ भाजपा जिला कार्यालय रायबरेली में जिला अध्यक्ष रामदेव पाल की अध्यक्षता में आयोजित भाजपा जिला पदाधिकारियों, बूथ सशक्तिकरण टोली प्रमुख, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, मीडिया, आई0टी0 प्रमुख के साथ बैठक में कही उन्होंने कहा की बूथ सशक्तिकरण संगठन की सर्व प्रथम प्राथमिकता पर तभी हम हर बूथ पर विजय प्राप्त कर पायेंगे। श्री तिवारी ने कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान का सबसे महत्वपूर्ण कार्य बूथ पर हमारी विचारधारा से जुड़े हुए प्रत्येक व्यक्ति को बूथ समिति से जोड़कर उन्हें संगठनात्मक कार्यो में सक्रिय करना है, मजबूत बूथ संरचना से ही बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफलता होगी।

# शादी के बंधन में बंधे 40 जोड़े

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वैवाहिक समारोह का कराया गया था आयोजन
- नव दंपतियों को दहेज़ के रूप 51 हज़ार रूपये का दिया गया दहेज



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत कस्बे के विकासखंड परिसर में 40 जोड़ों ने साथ जीने मरने की कसमें खाई और सातों जन्मो तक साथ रहने की वादा किया द्य वैवाहिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने आई मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव द्वारा सभी दंपति जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र दिया गया द्य इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सरकार की ये पहल बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही है जिस तरह एक पिता अपनी बेटी का कन्यादान करता है और कहीं ना कहीं दहेज को लेकर आए दिन घटनाये प्रकाश में आती हैं,उससे कही न कही निजात मिल गई है द्य आगे उन्होंने कहा कि वैवाहिक योजना बेटियों के कन्यादान के लिए वरदान साबित हो रही है। वैवाहिक समारोह खंड विकास अधिकारी के अथक परिश्रम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन विकासखंड लिपिक अरविंद बाजपेई ने किया द्य इस मौके पर प्रधान संघ के अध्यक्ष अरुण नारायण चौधरी, विनायकपुर प्रधान, तथा प्रधान प्रतिनिधि टोडरपुर अवध नेता सहित भारी संख्या में भारी संख्या में प्रधान और वर वधु के परिजन मौजूद रहे।

### खाना बनाते समय लगी आग से रसोइयां झुलसी टला बाद हादसा

### विद्यालय प्रभारी शकुंतला पर लगाया लापरवाही का आरोप

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि।** शुक्रवार कंपोजिट विद्यालय जमुरावां में 11 बजे उस समय हड़कम्प मच गया जब खाना बनाते समय रेगुलेटर खराब होने के कारण आग लग गई जिसमें रसोइयां ममता गंभीर रूप से झुलस गयी रसोइयां ने बताया की महीनों से गैस का रेगुलेटर खराब था जिसके बारे में इंचार्ज प्रधानाध्यापक शकुंतला को बताए थे फिर भी रेगुलेटर नही बादला गया वहीं जब इस बाबत खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादब से बात की गई तो उनका कहना था कि उनको इस विषय मे कोई जानकारी नही हुई।

# पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार अवैध रूप से जमीन पर कर रहे कब्जा

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




पीड़ित ने लगाई कोतवाली प्रभारी से न्याय की गुहार सत्यकेत सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी दौतरा थाना महराजगंज कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि राम सुमिरन पुत्र गंगादीन निवासी ग्राम दौतरा थाना महराजगंज दोनों एक ही गांव के निवासी हैं। प्रार्थी की गांव में विपक्षी के घर के सामने जमीन है जिसमें प्रार्थी के टेयवेल पहले लगा था और वर्तमान समय में बोरिंग है। जिसमें प्रार्थी व विपक्षी के द्वारा पिछले वर्ष कब्जे को लेकर विवाद हुआ था जिसमें प्रशासन के द्वारा दोनों पक्षों को रोका गया था कि कोई उस भूमि पर कब्जा नहीं करेगा लेकिन विपक्षी गढ़ को जमीन के पास देखा गया तो विपक्षी लकड़ी रखकर अवैध तरीके से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बारे में जब विपक्षी से पूछताछ किया तो विपक्षी गाली व लड़ाई झगड़ा करने पर आमदा हो गया सत्यकेत सिंह ने कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाई ।

# ससुराल में प्रताड़ित महिला ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



ससुराल जनों की बार-बार यातना से परेशान होकर पीड़ित महिला ने कोतवाली पहुंची। जहां प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।दरसअल मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के खतियारा मजरे पूरे जोधी का है।जहां के निवासी अल्ताफ पुत्र शरीफ के साथ रेशमा बानो की करीब दो वर्ष

पूर्व शादी हुई थी। जहां ससुराल जनों ने महिला को लगातार आए दिन प्रताड़ित कर मारपीट करता हैं।पीड़िता रेशमा बानो ने बताया ससुराल वाले मुझे परिवार के साथ एक राय होकर मारते पीटते हैं।मेरे पिता गरीब हैं गांव में फेरी करके कबाड़ इकट्ठा करके परिवार का जीवन यापन करते हैं।ससुरालजन सहरग व दबंगई के बल पर तलाक देने का दबाव बनाते हैं। विरोध करने पर मारपीट करते हैं।जिसको लेकर पूर्व में भी थाने में शिकायत की गई थी लेकिन किसी प्रकार की कार्यवाही ना होने की दशा में पति व उसका परिवार अनावश्यक रूप से मारता पीटता है और जान से मारने की धमकी दिया करता है।जिससे दर दर की ठोकर खाने को मजबूर है।वहीं पीड़िता ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई हैं।

### अनियंत्रित होकर पलटा पिकअप, चालक घायल

**सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को सरेनी कोतवाली क्षेत्र के पंडित पुरवा के पास उस समय हड़कंप मच गया जब लालगंज से सरेनी की ओर आ रहा तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर रोड किनारे पलट गया जिससे चालक गंभीर रूप घायल हो गया जानकारी के अनुसार पिकअप लालगंज से सरेनी शादी का सामान लेकर जा रहा है था तभी पंडित के पुरवा के पास अचानक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया तत्काल वहा मौजूद लोगों ने 108 एम्बुलेंस को दी सूचना मौके पर पहुंची 108 द्वारा घायल को नजदीकी सीएचसी पहुंचाया गया जहाँ डाक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।




# न्याय न मिलने से क्षुब्ध वृद्धा ने एसपी आफिस में किया आत्मदाह का प्रयास

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



आसीवन थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली वृद्धा अपने बेटे के साथ एसपी कार्यालय पहुंची। जहां उसने प्रार्थनापत्र देने से पहले खुद पर केरोसिन छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास किया। हालांकि वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे बचा लिया। पूंछताछ में बताया कि पड़ोसी से उसका जमीन को लेकर विवाद है। सीएम आवास योजना के तहत वह निर्माण कराना चाहती है लेकिन हर बार विवाद होता स्थानीय थाने पर प्रार्थनापत्र देने के बाद भी कोई न्याय नहीं मिला। एसपी ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

आसीवन थाना क्षेत्र के बरौकी गांव के रहने वाले ब्रजकिशोर मिश्रा अपनी मां के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। प्रवेश करते ही मां ने खुद पर केरोसिन छिड़क लिया और आग लगाने का प्रयास किया। गेट पर ही लगे पुलिस के सुरक्षाकर्मियों ने वृद्धा को पकड़ लिया। अफरा-तफरी का माहौल देख जन सुनवाई कर रहे पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने वृद्धा की बात सुनी। पीड़िता ने बताया कि उसके घर के पड़ोस में रहने वाली विंदेश्वरी पत्नी स्व. श्रीनारायण से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्य के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। आरोप है कि स्थानीय थाने पर प्रार्थनापत्र देने के बाद दोनों पक्षों में सुलह समझौता भी हुआ था। वही विंदेश्वरी का कहना है कि कई साल पहले जमीन को लेकर आपसे समझौता हुआ था जिसपर सहमति नहीं है। एसपी ने मामले की गंभीरता से लेते हुए आसीवन थानाध्यक्ष अखिलेश तिवारी को तत्काल मौके पर बुलाया और निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए है। दही थाने पर अभियोग पंजीकृत कर पुलिस ने कार्यवाही की।

# चोरी की चार बाइकों सहित दो शातिर गिरफ्तार



### पकड़े गये आरोपियों पर दर्ज है कई मुकदमें

लूट, चोरी की घटनाओं में वांछित आरोपियों पर कई मुकदमे दर्ज है जिसमें अभियुक्त आकाश पर जनपद के अलग–अलग थाना में कुल 19 मुकदमें पंजीकृत है। वहीं मोहन पर सात मुकदमें दर्ज है।

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा के निर्देश पर सिटी सर्किल के सीओ आशुतोष कुमार के नेतृत्व में दही थानाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह ने सर्विलांस टीम की मदद से सदर कोतवाली क्षेत्र के आकाश उर्फ करिया पुत्र सुनील निवासी ग्राम अकरमपुर, मोहन यादव पुत्र सुखराम यादव निवासी पालीखेडा थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया। पकड़े गये अरोपियों से तलाशी के दौरान दो नाजायज तमंचे, आकाश उर्फकरिया के पास से 2260 रुपये, मोहन से 800 रुपये बरामद किया। निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की चार बाइकों को बरामद किया। जो हाल की में अलग अलग थाना क्षेंत्रो से चोरी हुई थी। पुलिस का दावा है कि सदर कोतवाली में महिला के साथ हुई चैन लूट की घटना में शामिल थे। पीली धातु का टुकड़ा बरामद हुआ है। 5 नवम्बर को अचलगंज थाना क्षेत्र करौन्दी में एक लूट की घटना को अंजाम दिया था जिसमें आकाश 15 हजार रुपये का वांछित ईनामिया था। थाना क्षेत्र अजगैन में चमरौली राजकीय इंटर कालेज के पास से एक आदमी का बैग चोरी कर लिया था इसके साथ ही कई घटनाओं को खुलासा किया है।

# गले की हड्डी बनने पर प्रेमी ने की थी सोनी की हत्या

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

- तीन दिन पूर्व महिला का घर के अन्दर मिला था शव

पुरवा कोतवाली पुलिस ने भदनांग मोड़ के पास से तीन दिन पहले अगनुवाखेड़ा गांव में हुए महिला हत्याकांड के हत्यारोपित को गिरफ्तार किए जाने का दावा किया है। हत्यारोपित ने बताया कि महिला से उसके संबंध थे। उसने आपस में विवाद होने पर महिला के सिर पर डंडा से हमला कर गला घोंटकर मारने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

बता दें कि बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के अटवट गांव की रहने वाली 25 साल की संतोष कुमारी उर्फ सोनी की पुरवा कोतवाली क्षेत्र के अगनुवाखेड़ा के रहने वाले महेश चंद्र लोधी के साथ तीन साल पहले शादी हुई थी। शादी के करीब डेढ़ साल बाद पति दुबई में नौकरी करने चला गया था। बीते मंगलवार रात सोनी की आठ माह की बेटी आयुषी के रोने पर परिजन कमरे में पहुंचे थे। जहां उनको सोनी का मृत अवस्था में शव पड़ा मिला था। मृतका सोनी की विधवा दादी गेंदाना ने पुलिस में तहरीर देकर अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज कराया था। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस हत्याकांड की छानबीन कर रही थी तभी पुलिस ने भदनांग मोड़ के पास से रायबरेली थाना हरचंद्रपुर के हरनी मजरा अंगूरी गांव के रहने वाले सतीश कुमार पुत्र सूबेदार को पकड़ा और उससे पूछताछ की। तब उसने बताया कि मृतका सोनी से उसके संबंध थे। मृतका उस पर अलग किराए के मकान में साथ रहने का दबाव बना रही थी। इसका प्रेमी ने कई बार विरोध भी किया। घटना की रात भी कई बार फोन कर उसने दबाव बनाया। जिसके बाद प्रेमी ने मौके पर पहुंचकर प्रेमिका की हत्या कर दी। प्रेमी ने हत्या किए जाने की बात कबूल की है। पुलिस ने हत्यारोपित को कोर्ट के समक्ष पेश किया। जहां कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।



# पाक को अख्तर का आईना

पाकिस्तान के लाहौर में आयोजित फैज फेस्टिवल में भाग लेने गये मशहूर गीतकार व लेखक जावेद अख्तर के बयान का वह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वे पाकिस्तानियों को बता रहे हैं कि मुंबई हमले के दोषी पाक में खुलेआम घूम रहे हैं। जिसका मलाल हर भारतीय के दिल में है। निःसंदेह, पाकिस्तान जाकर ऐसी बेबाक बात कहने का साहस करने वाले जावेद अख्तर की सराहना की जानी चाहिए। जावेद ने यह जवाब कार्यक्रम में एक पाकिस्तानी की उस सलाह के जवाब में दिया, जिसमें वह कह रहा था कि भारतीयों को बताना कि सीमा पार के लोग उनका ख्याल करते हैं और प्यार करते हैं। निःसंदेह, सत्ता के समीकरणों व सत्ता प्रतिष्ठानों की संकीर्ण कूटनीतियों के चलते दोनों देशों के अवाम के मन में गहरी कटुता पैदा होती है। किसी भी देश के सारे धर्मों के सभी लोग तंग नजरिये हों, ऐसा नहीं होता। लेकिन दोनों देशों के संबंधों के पुल को मजबूत करने के प्रयास लगातार जारी रहने चाहिए। बहरहाल, वर्ग विशेष की राष्ट्र के प्रति निष्ठा को लेकर सवाल खड़े करने वालों को जावेद अख्तर का पाकिस्तान में साहसिक ढंग से दिया गया जवाब एक नसीहत है। यह भी कि मौके पर सही बात को कहने का साहस होना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि फ्लां देश ने मुझे बुलाया है तो उसके ही सुरों में बात की जाये। यद्यपि दोनों देशों में अतिवादी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। हालांकि, कार्यक्रम में जावेद अख्तर के बयान पर खूब तालियां बजी थीं, लेकिन अब तमाम लोग उनके बयान का विरोध भी कर रहे हैं। कुछ लोग कह रहे हैं कि उन्हें नहीं बुलाया जाना चाहिए था। वहीं भारत में भी अतिवादियों की कमी नहीं है जो कह रहे हैं कि पाक को घर में घुसकर मारा। वास्तव में दोनों देशों के अवाम में परिपक्व सोच का विकास होना चाहिए ताकि सत्तातंत्र की गढ़ी गई गुत्थियों की हकीकत का पता चल सके। यही वक्त की दरकार भी है जब धर्म-संप्रदाय की राजनीति के जरिये दूरियां बनाने को कोशिश हो रही है। वैसे फैज अहमद फैज की बेटी मुनीजा हाशमी द्वारा संचालित फैज फाउंडेशन ट्रस्ट के कार्यक्रम में जावेद अख्तर को पाकिस्तानियों ने धैर्य व संयम के साथ सुना। जावेद ने पाकिस्तानियों को बताया है कि जब भारत में फैज अहमद फैज आते थे तो उन्हें ऐसा सम्मान मिलता था जैसे कि कोई दूसरे देश का राष्ट्राध्यक्ष आया हो। उन्होंने आगे कहा कि हमने भारत में नुसरत फतेह अली खान और मेहदी हसन के बड़े-बड़े कार्यक्रम आयोजित किये, लेकिन पाकिस्तान ने कभी लता मंगेशकर का कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया। साथ ही जावेद ने यह भी कहा कि हम एक-दूसरे पर आरोप लगाने के बजाय समस्या के समाधान की ओर बढ़ें। इसी कार्यक्रम में एक महिला ने जावेद अख्तर से कहा कि भारतीयों को यह भी बताइएगा कि पाकिस्तानी बुरे नहीं हैं, वे बम ही नहीं मारते, फूलों की माला भी पहनाते हैं और प्यार भी करते हैं। हम चाहते हैं कि इस इलाके में मोहब्बत फैले और लोग प्यार से रहें। यह तार्किक है कि दोनों देशों के अवाम को कट्टरपंथियों को अलग-थलग करके अपने दिल के दरवाजे खुले रखने होंगे। खुले दिमाग से चीजों को देखना होगा। निःसंदेह, दोनों देशों में तंत्र द्वारा जो बंदिशें लगायी गई हैं, उसके कारण दोनों तरफ के लोग एक-दूसरे को समझ नहीं पाते। ऐसे में दोनों देशों में सांस्कृतिक कार्यक्रम व संगीत-कविता के जरिये संवाद के रास्ते ही खुलते हैं। लेकिन एक हकीकत यह भी कि कोई भारतीय 26 नवंबर, 2008 के उस भयावह आतंकी हमले को नहीं भूल सकता, जिसमें चार दिनों में 160 से अधिक लोग मारे गये थे। जिस हमले को लश्कर-ए-तैयबा ने पाक सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से अंजाम दिया था। जिसकी टीस हर भारतीय को सालों साल सालती ही रहेगी। जन दबाव ही सत्ता प्रतिष्ठानों की ऐसी साजिशों के खिलाफ दबाव बना सकता है, जिसकी पहल पाक जाकर जावेद अख्तर ने की है।

# अहम और विस्तारवाद की सनक, युद्ध में सिसकती मानवता

संजीव ठाकुर

**यूक्रेन के राष्ट्रपति जानते हैं कि रूस एक ताकतवर देश है ऐसे में उसे लगातार विचलित करने का प्रयास उनके लिए आत्मघाती होगा और वहां की जनता के लिए मौत का आव्हान ही होगा, इसके बावजूद उन्होंने रूस से युद्ध लड़ने की अपनी जिद को रोक नहीं पाए। दूसरी तरफअमेरिका के राष्ट्रपति विस्तारवादी नीति,अपरिपक्व निर्णय और यूक्रेन को झूठा समर्थन देकर उसे युद्ध के लिए लगातार भड़का कर अब सहयोग देने के नाम पर हाथ ऊपर खड़े कर दिए हैं। वैसे इस युद्ध में यूक्रेन की जनता का जितना नुकसान हुआ है वह किसी भी हालात में पूरा नहीं किया जा सकता, जिन सैनिकों,भोले नागरिकों की जान चली गई उन्हें फिर से जिंदा नहीं किया जा सकता है। इसका बड़ा कारण यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की युद्ध लगातार जारी रखने की जिद ही है। पुतिन का सदैव मकसद रहा है की यूक्रेन के राष्ट्रपति को बदलकर उनके समर्थित पूर्व राष्ट्रपति को यूक्रेन का राष्ट्रपति बनाया जाए, इस तरह वर्तमान राष्ट्रपति का तख्ता पलट कर शासन तंत्र किसी उनके अपने समर्थित व्यक्ति को दिया जाए। दूसरा यह कि अमेरिका की मदद से यूक्रेन परमाणु बम बनाने के लगातार प्रयास कर रूस की शांति को भंग करना चाहता है। तीसरा यह कि यूक्रेन रूस की हर तरह की गतिविधियों का लगातार विरोध करता है। पर इन सब की प्रक्रिया के फलस्वरुप यूक्रेन की जनता युद्ध की विभीषिका के नीचे सिसक रही है रो रही है एवं पलायन करने को मजबूर है।**

यह रूस के राष्ट्रपति पुतिन की विस्तारवादी आकांक्षा, सनक और व्यक्तिगत अहम के कारण पूरा विश्व अशांति की कगार पर आ गया है। रूस यूक्रेन युद्ध को पूरे 1 वर्ष होने जा रहे हैं पर युद्ध थमता नहीं दिखाई दे रहा है। दोनों देशों के लाखों सैनिक, नागरिक हलकान परेशान हैं और मृत्यु को प्राप्त हो चुके हैं। यूक्रेन के बच्चे, नागरिक दूसरे देशों में शरणार्थी बनकर रह रहे हैं मानवता सिसक रही है संवेदना करा रही है पर रूस और यूक्रेन के के हुक्मरानों को मानवता से कोई लेना-देना ना होकर केवल अपने अहम पर टिके रहने की कवायद जारी है। अमेरिका ब्रिटेन फ्रांस और यूरोप के अन्य देश रूस और यूक्रेन की इस लड़ाई की आग में अपना हाथ सेकने में व्यस्त। इस लड़ाई से वैश्विक शांति की स्थिति अत्यंत सोचनीय है और चिंतनीय भी हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादीमीर जेलेंस्की की अपरिपक्वता और जिद के कारण ही यूक्रेन के निर्दोष नागरिक युद्ध की विभीषिका को बुरी तरह से झेल कर अपनी जान गवा रहे हैं। यह तो सारा विश्व जानता है कि पुतिन बहुत ही शक्तिशाली एवं परमाणु शक्ति संपन्न देश के राष्ट्रपति हैं, वे अपने पड़ोसियों की नाफरमानी को बर्दाश्त करने वालों में से नहीं है। सोवियत रूस से अलग होने के बाद जब से जेलेंस्की राष्ट्रपति बने वह अपनी नैटो देश के सदस्य बनने की जिद और यूरोपीय देशों से कंधे से कंधा मिलाकर रूस के विरोध में हमेशा आवाज उठाने वाले व्यक्ति रहे हैं।



यूक्रेन के राष्ट्रपति जानते हैं कि रूस एक ताकतवर देश है ऐसे में उसे लगातार विचलित करने का प्रयास उनके लिए आत्मघाती होगा और वहां की जनता के लिए मौत का आव्हान ही होगा, इसके बावजूद उन्होंने रूस से युद्ध लड़ने की अपनी जिद को रोक नहीं पाए। दूसरी तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति विस्तारवादी नीति,अपरिपक्व निर्णय और यूक्रेन को झूठा समर्थन देकर उसे युद्ध के लिए लगातार भड़का कर अब सहयोग देने के नाम पर हाथ ऊपर खड़े कर दिए हैं। वैसे इस युद्ध में यूक्रेन की जनता का जितना नुकसान हुआ है वह किसी भी हालात में पूरा नहीं किया जा सकता, जिन सैनिकों,भोले नागरिकों की जान चली गई उन्हें फिर से जिंदा नहीं किया जा सकता है। इसका बड़ा कारण यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की युद्ध लगातार जारी रखने की जिद ही है। पुतिन का सदैव मकसद रहा है की यूक्रेन के राष्ट्रपति को बदलकर उनके समर्थित पूर्व राष्ट्रपति को यूक्रेन का राष्ट्रपति बनाया जाए, इस तरह वर्तमान राष्ट्रपति का तख्ता पलट कर शासन तंत्र किसी उनके अपने समर्थित व्यक्ति को दिया जाए। दूसरा यह कि अमेरिका की मदद से यूक्रेन परमाणु बम बनाने के लगातार प्रयास कर रूस की शांति को भंग करना चाहता है। तीसरा यह कि यूक्रेन रूस की हर तरह की गतिविधियों का लगातार विरोध करता है। पर इन सब की प्रक्रिया के फलस्वरुप यूक्रेन की जनता युद्ध की विभीषिका के नीचे सिसक रही है रो रही है एवं पलायन करने को मजबूर है।

न्यूज एजेंसियों के अनुसार यूक्रेन से लगभग 10 लाख नागरिक पोलैंड, रोमानिया और अन्य राज्यों में शरणार्थियों की तरह देश छोड़ चुके हैं, एवं दूसरे देश में कष्टकर जीवन बिताने को मजबूर हुए हैं। यह अमेरिका, रूस तथा यूक्रेन की अकड़ का परिणाम है कि लाखों लोग युद्ध की भयानक कठिन परिस्थितियों के बीच अपनी जान बचाने के लिए मोहताज हैं। आज मानवता रो रही है सिसक रही है, कराह रही है, ऐसे में न तो संयुक्त राष्ट्र संघ और ना ही नेटो देश के सदस्य और ना ही यूरोपियन कमेटी के तमाम देश ही इन निर्दोष नागरिकों की मदद कर पा रहे हैं। युद्ध किसी भी समस्या का स्थाई हल नहीं होता है अनेक देशों के राष्ट्रपतियों के अकारण गुरुर, क्रोध और जिद के कारण लाखों लोग बेघर हो गए हैं और हजारों की जान भी चली गई है। इसकी भरपाई भला कौन कर सकता है। जिद और क्रोध की परिणति सदैव ही पश्चाताप में ही होती है। भारत ने भी स्वतंत्रता के समय भारत विभाजन के समय यह विभीषिका झेली थी और युद्ध के परिणामों को भारतीय जनमानस अच्छी तरह समझता हैं। ऐसा नहीं है कि यह पहला ही युद्ध हुआ है, इतिहास में ऐसे अनेक युद्ध हुए हैं जिसमें वहां की जनता एवं वहां का नागरिक युद्ध की त्रासदी हिंसा की विभीषिका और परमाणु युद्ध के परिणामों को बुरी तरह अनुभव कर चुका है। क्या यह बात तो रूस के राष्ट्रपति, अमेरिकी राष्ट्रपति और यूक्रेन के राष्ट्रपति नहीं जानते हैं, किंतु अपनी विस्तार वादी नीतियों एवं अनावश्यक जिद, गुरुर के कारण लाखों नागरिकों को मौत के मुंह में धकेल दिया है। युद्ध में यदि यूरोपियन देश और नैटो देश के सदस्य यूक्रेन की सेना को किसी भी तरह की मदद करते हैं तो विश्व युद्ध की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसी परिस्थिति में पूरे विश्व में मानवता के लिए बहुत भीषण संकट आन पड़ेगा और भविष्य में शांति, सौहार्द और सामंजस्य की बातों पर कोई भी देश या नागरिक विश्वास नहीं करेगा ।इसीलिए युद्ध की तमाम बातों को छोड़कर शांति स्थापना के लिए पूरे विश्व के देशों को प्रयास कर मानवता की रक्षा की ओर अग्रसर होना चाहिए।


विचार

# किताबों की दुनिया अनन्त है

*डॉ. नन्दकिशोर साह*

पुस्तक प्रेमियों की लिए खुश खबरी है। लगभग तीन साल के बाद विश्व पुस्तक मेले का आयोजन 25 फरवरी से 5 मार्च, 2023 तक प्रगति मैदान में होने जा रहा है। मेले का प्रमुख थीम आजादी के अमृत महोत्सव पर आधारित है। इस विश्व पुस्तक मेले का 50 साल का सफर भी इस वर्ष पूरा होने जा रहा है। इससे पहले कोरोना संकट की वजह से दो साल तक इसका आयोजन नहीं हो सका था, जबकि 2021 में वर्चुअल मोड में इस विश्व पुस्तक मेले का आयोजन किया गया था।

आज एक बड़ी विडंबना ही है कि युवा पीढ़ी मोबाइल में मस्त है और किताबें उनकी इंतजार कर रही हैं। मेले में अधिक से अधिक युवाओं को भ्रमण और किताब की खरीदारी करनी चाहिए। इससे लेखकों और प्रकाशकों का मनोबल बढ़ेगा। साथ ही नई पीढ़ी को नहीं दिशा मिलेगी। क्योंकि किताबों की दुनिया अनन्त है। वे कभी आपको निराश नहीं करती। हर पुस्तक आपसे संवाद स्थापित करती है। बातें करती हैं, बीते जमाने की, दुनिया की, इंसानों की, आज की, कल की, एक-एक पल की। वे किसी न किसी रूप में आपके जहन का हिस्सा बन जाती है और आपके व्यक्तित्व को प्रभावित करती है। मन में स्थाई भाव पैदा करती है, जो कभी खत्म नहीं होता। किताबें मित्रों में सबसे शांत, बुद्धिमान और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान है। एक किताब से ईमानदार मित्र कोई नही हो सकता और वह भी वैसा दोस्त जो कभी न लड़े, न नाराज हो। पुस्तकें हमारी सबसे बड़ी मित्र हैं। हमें हमेशा अच्छी पुस्तकों को अपने जीवन में स्थान देना चाहिए। पुस्तक हमारी प्रेरणा स्रोत हैं। महात्मा गाँधी भी भगवद्गीता को



पढ़कर प्रेरणा लेते थे। किताबें हमारे सोचने समझने की शक्ति को बढ़ाते हैं। किताबों से सबसे पहला परिचय स्कूल में होता है और फिर ताउम्र यह परिचय इतना गहरा होता जाता है कि किताबें ही सबसे अच्छी दोस्त बन जाती हैं। दुनिया कितनी भी बदल क्यों न जाए। इन किताबों की दुनिया हमेशा ही बरकरार रहेगी। बचपन के दोस्त जैसा होता है। जैसे जैसे आपको किताबें भाने लगती है उतना ही वे आपके ज्ञान, शिक्षा और क्षमता के संवर्धन में सक्रिय हो जाती है। किताबें ही है जिसे पढ़कर हम डाक्टर, इंजीनियर, अध्यापक, प्रोफेसर, वकील, लेखक या किसी कार्य से जुड़ अपना और समाज का दायित्व संभालते है। किताबें आपके व्यावसायिक, प्रशासनिक कानूनी और सभी तरह की जानकारियाँ समेटे सदैव आपकी मदद को हाजिर रहती है। आजकल तो हम हर तरफ उपकरणों से घिरें हैं। सबको चलाने के लिए, बिजली की जरूरत पड़ती है। चार्ज खत्म होने पर ये उपकरण बन्द हो जाते है किंतु किताबों की चार्जिग कभी खत्म नही होती है बल्कि आपके दिमाग को सीधा चार्ज करती है। यह जीवन की बाधाओं को दूर करने की मार्ग दिखाती है।किताबें पढ़ने से बुद्धि का विकास होता है। साथ ही आपकी रूचि और नजरिया विकसित होता है। खुद को बेहतर बनाने और अपडेट करते रहने के लिए किताबें बहुत अच्छा माध्यम है। आप इसे अपनी आदत बनाने की कोशिश करें। किताब पढ़ने के लिए रोजाना एक नियमित समय निर्धारित करें और उस निर्धारित समय पर प्रतिदिन कोई न कोई किताब जरूर पढ़ें।

किताबें ज्ञान का सबसे बड़ा स्रोत होती हैं। जीवन जीने के संदर्भ में आपकी दोस्ती इन किताबों से हो गई तो समझ लीजिए कि इनके जरिए आप काफी कुछ सीख सकते हैं। किताबें ज्ञान का अद्भुत स्रोत होती है और इनके माध्यम से आप दुनिया के उन हिस्सों की संस्कृतियों का दर्शन समझ पाते हैं, जहां आप पहुंच न पाए हो। कई बार तो यह जिंदगी की दिशा और दशा भी तय कर देती है। सोच को बदल कर रख देती है। यह कभी भी आपको अकेला नहीं छोड़ती है। साथ ही बदले में यह हमेशा कुछ नहीं चाहती है। किताबें सोच को विस्तार देती है। कन्फिडेन्स बढ़ती है। किताबें ही है जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विचारों और विचारकों से हमारा अनमोल परिचय करवाती हैं। इन किताबों के जरिए आप पन्नों के माध्यम से अनंत यात्रा करते रहते हैं। इसलिए जरूरी है कि किताबों से दोस्ती करें। उन्हें पढ़ हैं और ऐसी संस्कृति को बढ़ावा दें।

साहित्य



## जननी जिसकी जन्मभूमि हो, वसुन्धरा ही काशी हो...


**जयशंकर**

जननी जिसकी जन्मभूमि हो;  
वसुन्धरा ही काशी हो  
विश्व स्वदेश, भ्रातृ मानव हों, पिता  
परम अविनाशी हो  
दम्भ न छुए चरण-रेणु वह धर्म  
नित्य-यौवनशाली  
सदा सशक्त करों से जिसकी  
करता रहता रखवाली  
शीतल मस्तक, गर्म रक्त, नीचा  
सिर हो, ऊँचा कर भी  
हँसती हो कमला जिसके करुणा-  
कटाक्ष में, तिस पर भी  
खुले-किवाड़-सदृश हो छाती  
सबसे ही मिल जाने को  
मानस शांत, सरोज-हृदय हो  
सुरभि सहित खिल जाने को

## झरोखा



जो अछूत का जगन्नाथ हो,  
कृषक-करों का दृढ़ हल हो  
दुखिया की आँखों का आँसू और  
मजूरों का कल हो  
प्रेम भरा हो जीवन में, हो जीवन  
जिसकी कृतियों में  
अचल सत्य संकल्प रहे, न रहे  
सोता जागृतियों में  
ऐसे युवक चिरंजीवी हो , देश बना  
सुख-राशी हो  
और इसलिये आगे वे ही महापुरुष  
अविनाशी हो



## राशिफल

**मेषः-** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनो के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**बृषभः-** सामाजिक संबंधों में ब्यस्तता बढ़ेगी। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। कुछ नये संबंधों के प्रति मन उत्साहित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को खुश रखेगी।

**मिथुनः-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओ को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। घर में खुशहाली रहेगी।

**कर्कः-** नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयास करें।

**सिंहः-** अपने पद एवं मर्यादा ख्याल रखते हुए उच्छृंखल मन को नियंत्रित करें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**कन्याः-** कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्य के प्रति सचेत रहें। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुलाः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य एवं नये कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता बरते।

**वृश्चिकः-** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य मिलेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में मन उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति खुश रखेगी।

**धनुः-** वाक्यपटुता एवं व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**मकरः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः इसमें सुधार लायें। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कुंभः-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। घर-परिवार में वातावरण उत्साहित होगा।

**मीनः-** महत्वपूर्ण कार्य की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओ पर भरोसा रख महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अवसर प्रदान करेगी।

# उत्तर भारत जोड़ो यात्रा काल की कांग्रेस

कांग्रेस अधिवेशन से पहले जिस तरह दिल्ली एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को नाटकीयता के साथ असम पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वह लोकतंत्र के लिए अच्छे लक्षण नहीं हैं। रायपुर में 24 से 26 तारीख तक कांग्रेस का अधिवेशन हो रहा है, जिसमें हिस्सा लेने के लिए देश भर से कांग्रेस नेता पहुंच रहे हैं। अगले आम चुनाव और उससे पहले इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों के लिहाज से यह अधिवेशन काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी की चुनावी रणनीति और संगठनात्मक मजबूती के मद्देनजर कई अहम फैसले अधिवेशन में लिए जा सकते हैं। यह अधिवेशन भारत जोड़ो यात्रा के बाद हो रहा है। पांच महीनों में चार हजार किमी की दूरी तय करने वाली राहुल गांधी और उनके साथियों की इस पदयात्रा ने भारतीय राजनीति में इतिहास तो रचा ही है, यह कांग्रेस के लिए भी एक निर्णायक मोड़ सिद्ध हुई है। अपने जन्म से लेकर अब तक कांग्रेस ने कई अहम पड़ाव देखे हैं और इसमें अलग-अलग नेताओं के काल का फर्क भी साफ महसूस किया जा सकता है। कांग्रेस का अभी जो दौर चल रहा है, उसे उत्तर भारत जोड़ो यात्रा काल कहा जा सकता है। जो पूर्व भारत जोड़ो यात्रा काल कांग्रेस का था, उसमें उसके हिस्से बड़ी-बड़ी हार, हताशा और बगावत थी। हालांकि तब भी राहुल गांधी मोदी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे। नोटबंदी से लेकर जीएसटी और कोरोना लॉकडाउन से लेकर कृषि विधेयकों तक हर मुद्दे पर उन्होंने हर गलत बात को उजागर किया। इस दौरान सोशल मीडिया ट्रोल आर्मी और मीडिया के बड़े वर्ग ने राहुल गांधी के खिलाफ नैरेटिव तैयार करने में कोई कमी नहीं की गई।उन पर निजी हमले किए गए, उनका मखौल उड़ाने वाले संबोधनों का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया गया और चरित्र हनन करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। क्योंकि इस तबके ने पहले ही राहुल गांधी की मजबूती को भांप लिया था। जब भारत जोड़ो यात्रा हुई, तब भी इसी तबके ने यात्रियों को हतोत्साहित करने की सारी तरकीबें भिड़ाई, हालांकि फिर भी यात्रा इस तरह संपन्न हुई, जिसकी कल्पना न भाजपा ने की थी, न राहुल गांधी के विरोधियों ने। यात्रा जब तक चलती रही, मुख्यधारा के मीडिया ने तो उस पर खास कवरेज नहीं किया, लेकिन सोशल मीडिया के जरिए पल-पल की खबर और तस्वीरें अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का काम कांग्रेस की मीडिया टीम ने किया और इसमें पवन खेड़ा के योगदान को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। उत्तर भारत जोड़ो यात्रा काल की कांग्रेस पहले से अधिक आक्रामकता और जोश के साथ भाजपा से सवाल कर रही है। बीबीसी डाक्यूमेंट्री पर रोक, हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद अडानी समूह में गड़बड़ी के आरोपों की जांच की मांग, बीबीसी कार्यालयों पर आयकर का सर्वे, इजरायली की जासूसी फर्म की चुनावों में दखलंदाजी और मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए विपक्ष के बारे में गलत खबरें फैलाने का खुलासा, हाल में इन तमाम मुद्दों पर कांग्रेस ने पूरे तथ्यों के साथ अपने सवाल रखे हैं और मोदी सरकार से जवाब मांगा है। संसद के बजट सत्र में भी कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने जो सवाल उठाए, उन्हें असंसदीय करार देते हुए सदन की कार्यवाही से ही हटा दिया गया है। इस फैसले को भी कांग्रेस ने अलोकतांत्रिक करार दिया था। राहुल गांधी बार-बार यही कहते हैं कि उन्हें संसद में बोलने नहीं दिया जाता, मीडिया में उन्हें स्थान नहीं मिलता, इसलिए उन्हें जनता के बीच जाकर अपनी बात कहनी पड़ती है।



राहुल गांधी और कांग्रेस के आरोपों का भाजपा कोई जवाब नहीं दे रही। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में राहुल गांधी के पूछे गए किसी सवाल का जवाब नहीं दिया, बल्कि वे बात को राहुल गांधी, सोनिया गांधी के सरनेम तक ले गए और पूछा कि इन्हें नेहरू सरनेम रखने में क्या शर्मिंदगी है। इस बात की कांग्रेस ने आलोचना जरूर की, लेकिन शायद कहीं कोई एफआईआर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ दर्ज नहीं करवाई। वैसे इससे पहले भी सोनिया गांधी का नाम लिए बिना उन्हें कांग्रेस की विधवा कहना, संसद में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह के लिए रेनकोट पहनकर नहाना जैसी निम्न स्तरीय टिप्पणियां श्री मोदी ने की, लेकिन उनकी गिरफ्तारी की मांग कांग्रेस ने नहीं की और भाजपा ने भी संस्कारों की दुहाई देते हुए इसकी आलोचना करना जरूरी नहीं समझा। लेकिन अभी पवन खेड़ा की गिरफ्तारी की वजह उनके द्वारा दिया गया एक बयान ही है, जिसमें उन्होंने श्री मोदी के पिता का नाम पहले गलत लिया था, लेकिन बाद में उसे सुधार भी लिया था। पवन खेड़ा ने इसे अपनी गलती बताया था, लेकिन भाजपा ने इसे मौके की तरह लपका। क्योंकि इससे पहले जब भी श्री मोदी पर कोई निजी हमला हुआ, भाजपा ने उसे सहानुभूति हासिल करने के लिए भुनाया। बहुत से विश्लेषकों का मानना है कि इससे भाजपा को चुनावी फायदा हुआ। अभी फिर देश में चुनाव का माहौल है और भाजपा एक बार फिर उसी रणनीति पर चलती दिख रही है। पवन खेड़ा के बयान पर गृहमंत्री अमित शाह ने नगालैंड की चुनावी रैली में इशारों-इशारों में राहुल गांधी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि राहुल गांधी के आने के बाद से उनके नेताओं का स्तर गिरा है। यह बयान भी उत्तर भारत जोड़ो यात्रा काल का असर है। क्योंकि राहुल गांधी तो 20 साल से राजनीति में हैं, लेकिन अमित शाह अब उनके स्तर के बारे में बात कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के पिता का नाम गलत बताने पर पवन खेड़ा पर एक नहीं कई जगह पर कानूनी शिकायत दर्ज हुई और गुरुवार को उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया गया। देश में हर दिन कई गंभीर अपराध होते हैं और अगर पुलिस ऐसी ही तत्परता दिखाए, तो देश को अपराधमुक्त बनाया जा सकता है। फिलहाल पवन खेड़ा को तीन दिन की जमानत मिल गई है। मामला अब अदालत में है और इस बीच रायपुर में अधिवेशन के लिए कांग्रेस तैयार है। ये तय है कि पवन खेड़ा की गिरफ्तारी के बाद अब कांग्रेस और अधिक आक्रामकता के साथ भाजपा की घेराबंदी करेगी। उत्तर भारत जोड़ो यात्रा काल की कांग्रेस को दबाने के लिए भाजपा की पुरानी रणनीतियां अब शायद काम न आएं।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# बोर्ड परीक्षा : डीएम ने कई परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

खीरी में चल रही यूपी बोर्ड परीक्षा 2023 को निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शातिपूर्ण संपंन कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने परीक्षा केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज व गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज पहुंचकर चल रही परीक्षा का औचक निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने यूपी बोर्ड परीक्षा के सुचारू संचालन के संबंध में एग्जामिनेशन रूम परीक्षा पर्यवेक्षकों की व्यवस्था को भी देखा।

डीएम ने परीक्षा केंद्रों में स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम, केंद्र व्यवस्थापक कक्ष सहित विभिन्न परीक्षा कक्षों का जायजा लिया, सभी व्यवस्थाएं मुकम्मल मिली। डीएम ने कंट्रोल कक्ष से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का अवलोकन भी किया। सुरक्षा के लिए तैनात अधिकारियों को निर्देश दिया कि बोर्ड

- डीएम के निर्देश पर एडीएम समेत सभी एसडीएम ने देखे परीक्षा केंद्र, परखी व्यवस्थाएं

परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा केन्द्रों के आस-पास शान्ति व्यवस्था, सुरक्षा एवं प्रश्नपत्रों की गोपनीयता को बनाये रखने हेतु अपने उत्तरदायित्वों का संजीदगी के साथ निर्वहन करें।

परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान संबंधित डीएम ने परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न पत्रों व उत्तर पुस्तिकाओं को रखने, परीक्षा की निगरानी हेतु स्थापित किये गये क्लोज़ सर्किट टीवी की क्रियाशीलता, प्रश्नपत्रों को खोलने तथा उत्तर पुस्तिकाओं को सील्ड करते समय बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों इत्यादि के बारे में केन्द्र व्यवस्थापकों से आवश्यक जानकारी



प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों का पूरी कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में एडीएम संजय कुमार सिंह ने भी जिला मुख्यालय के कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। सदर तहसील क्षेत्र में एसडीएम श्रद्धा सिंह ने राजकीय इंटर कॉलेज, अबुल कलाम गर्ल्स इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज एवं पलिया में एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने छाजू राम इंटर कॉलेज भीरा, तहसीलदार आशीष सिंह ने आदर्श इंटर कॉलेज, नायब तहसीलदार ने बलदेव वैदिक इंटर कॉलेज, संपूर्णानगर पब्लिक इंटर कॉलेज सहित खजुरिया के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जहां अफसरों ने उपस्थित प्रधानाचार्यों, केंद्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट को पारदर्शी परीक्षा संपन्न कराने के लिए दिशा-निर्देश दिया। निघासन में एसडीएम राजेश कुमार ने राजा प्रताप विक्रम शाह इंटर कॉलेज सिंगाही गांधी इंटर कॉलेज बेलरायां, सरस्वती विद्या मंदिर बेलराया, मोहम्मदी में एसडीएम पंकज श्रीवास्तव ने पीडी भारतीय इंटर कॉलेज, जेपी इंटर कॉलेज, रामाश्रय इंटर कॉलेज, नायब तहसीलदार लल्लूराम शुक्ला ने नालंदा शिक्षण संस्थान मछेछा, नालंदा शिक्षा निकेतन बनका, अमर निशा इंटर कॉलेज जसमणी, आप इंटर कॉलेज सहदेवा सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निर्देश दिए कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा दिये गये निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन कराएं। यदि किसी भी केंद्र व्यवस्थापक या सह केंद्र व्यवस्थापक द्वारा लापरवाही बरतने की शिकायत मिली तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मितौली में एसडीएम विनीत उपाध्याय ने राजा लोने सिंह इंटर कॉलेज, चंद्रिका देवी इंटर कॉलेज, राठौर मिशन बालिका इंटर कॉलेज एवं धौराहरा में एसडीएम धीरेंद्र सिंह ने कलावती बाल विद्या मंदिर, सीताराम मनावर इंटर कॉलेज, श्रीमती चंद्रप्रभा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज खमरिया का औचक निरीक्षण कर चल रही परीक्षाओं का जायजा लिया, संबंधित को शासन की मंशानुसार पूरी शुचिता के साथ नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

गोला गोकरननाथ में एसडीएम अनुराग सिंह ने पब्लिक इंटर कॉलेज, लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज, गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना मितौली का किया आकस्मिक निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात्रि 23 फरवरी 2023 को पुलिस अधीक्षक श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना मितौली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। मालखाने में माल मुकदमाती के व्यवस्थित रख-रखाव तथा नियमानुसार माल का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई व महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को



फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए एवं प्रत्येक जनशिकायत का फीडबैक स्वयं प्रभारी निरीक्षक को करने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### बीते दिनों जिला सहकारी बैंक में चोरी के अभियुक्तों से पूछताछ हेतु उड़िसा पुलिस पहुंची खीरी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** बीते 16 जनवरी 2023 को कोतवाली सदर क्षेत्रान्तर्गत जिला सहकारी बैंक, राजापुर मण्डी शाखा के लॉकर को काटकर चोरी की घटना घटित हुई थी जिसके के सम्बन्ध में थाना कोतवाली सदर पर मुकदमा बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा घटना की गम्भीरता को देखते हुए घटना के शीघ्र अनावरण हेतु क्षेत्राधिकारी सदर, श्री सन्दीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया था। जिसके क्रम में दिनांक 26 जनवरी 2023 को पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन में पुलिस टीमों द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 नफर अन्तर्राज्यीय बैंक कटर सरगना को उसके 02 साथियों के साथ बैंक चोरी के रुपये व चोरी करने के उपकरण बरामद कर गिरफ्तार किया गया था।आज 24 फरवरी 2023 को उड़िसा राज्य के जनपद संबलपुर स्थित थाना सासन पर पंजीकृत मुकदमा (एटीएम मशीन काटकर गाड़ी से ले जाने से संबंधित) से संबंधित चोरी की घटना को लेकर सीसीटीवी की मदद से हुई पहचान के आधार पर उक्त अभियुक्तों से पूछताछ हेतु थाना सासन से 01 निरीक्षक व 02 आरक्षीगण की पुलिस टीम आई है जिनके द्वारा अभियुक्तों से पूछताछ करके उपरोक्त मुकदमें से संबंधित साक्ष्य संकलन किया जाएगा।

### विकास भवन में आज से सजेगी श्री अन्न प्रदर्शनी

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** जनपद खीरी में अंतराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के अवसर पर 25 फरवरी से 06 मार्च तक विकास भवन परिसर में मिलेट्स (श्री अन्न) की प्रदर्शनी का आयोजन होगा। जिसमे आटा, चावल आदि उपलब्ध रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी उप कृषि निदेशक अरविंद मोहन मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि श्री अन्न के अलावा प्राकृतिक खेती के किसानों द्वारा तैयार उत्पाद भी स्टाल पर बिक्री हेतु उपलब्ध होंगे। स्टाल पर श्री अन्न के बारे में जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। श्री अन्न से निर्मित भोज्य पदार्थ सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं, विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाते है। श्री अन्न में मानव शरीर के लिए उपयोगी अति आवशयक पोषक तत्व पाए जाते हैं। उन्होंने जनपद वासियों से अनुरोध करते हुए कहा कि स्टाल पर पधारकर श्री अन्न तथा प्राकृतिक कृषि उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त करे। उपलब्ध उत्पादों का अपने उपयोग के लिए क्रय भी कर सकते हैं।

### 20 लीटर कच्ची शराब व बनाने के उपकरण तथा एक चाकू सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** 24 फरवरी 2023 को थाना सम्पूर्णानगर पुलिस द्वारा ग्राम गोविन्दनगर से 01 नफर अभियुक्त सुखविन्दर सिंह पुत्र कश्मीर सिंह नि0 बाजारघाट थाना हजारा जनपद पीलीभीत को 02 अदद प्लास्टिक की पिपिया मे करीब 20 ली0 अवैध कच्ची शराब,शराब बनाने के उपकरण व 01 अदद अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना सम्पूर्णानगर पर आबकारी अधिनियम व आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई ।इस मौके पर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 अभिषेक सिंह (चौकी प्रभारी खजुरिया) थाना सम्पूर्णा नगर, हे0का0 बृजमोहन थाना सम्पूर्णानगर, का0 चमन सिंह थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी मौजूद रहे।

# खनन माफिया हुये बेलगाम

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

संपूर्णानगर थाना क्षेत्र के बेलगाम खनन माफिया को बताया जाता है कोतवाली प्रभारी सियाराम का खुला संरक्षण कोतवाली के सामने से गुजरती मिट्टी बालू भरी ट्राली दे रही कानून को चुनौती।थाने के सामने से धड़ धड़ाती निकल रही मिटटी भरी ट्रॉलीओं को देखकर भी खामोश संपूर्णानगर पुलिस।

पुलिस और खनन माफिया के गठजोड़ से हलकान नागरिक।सूत्रों की माने तो संपूर्णानगर थाना क्षेत्र त्रिकौलिया महंगापुर परसपुर बमनगर संपूर्णानगर समेत तमाम क्षेत्रों में धड़ल्ले से हो रहा अवैध मिट्टी खनन।



सूत्रों की माने तो सुबह 3:00 बजे से सुबह 8:00 बजे तक धड़ल्ले से चलता है खनन का खेल। और हद तो तब हो गई कि नवागत थाना प्रभारी के आते ही माफियाओं के हौसले हुए बुलंद दिन में भी सरपट दौड़ रही थाने के सामने से ही मिट्टी लदी ट्रॉलियां।मामले की जांच के लिए एसडीएम पलिया ने भेजा हल्का लेखपाल।

# शारदा नगर में भी हटेगा अतिक्रमण, प्रशासन ने दिया अल्टीमेटम

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर जनपद खीरी के सभी तहसीलों में व्यापक जनहित में अतिक्रमण हटाओ अभियान बदस्तूर जारी है, जिसकी तहसीलवार प्रतिदिन समीक्षा एवं अनुश्रवण डीएम स्वयं कर रहे हैं।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह ने शारदा नगर पहुंचकर वहां अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण की पड़ताल की। इसके बाद उन्होंने राजस्व, पुलिस, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई विभाग के आला अफसरों के साथ बैठक कर अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसने



- शारदानगर में 3 मार्च तक स्वयं हटाए अतिक्रमण, अन्यथा जेसीबी से हटेगा अतिक्रमण
- एसडीएम ने अफसरों के साथ बनाई रणनीति, आमजन से किया संवाद

की रणनीति पर मंथन किया। बैठक में एसडीएम ने अतिक्रमणकारियों को 03 मार्च तक शारदा नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का वक्त दिया। इसके बाद प्रशासन स्वयं जेसीबी के जरिए बिना किसी भेदभाव के अतिक्रमण हटवाएगा। जिसके वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। बैठक के उपरांत एसडीएम श्रद्धा सिंह ने वहां के नागरिकों एवं संभ्रांत व्यक्तियों से संवाद किया। उन्हें अतिक्रमण से होने वाले दुर्घटनाओं, सुगम यातायात में अतिक्रमण के कारण आने वाली कठिनाइयों के विषय में विस्तार से बताया। लोगों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन बिना किसी भेदभाव के अतिक्रमणकारियो पर शिकंजा कसेगा। 3 मार्च के बाद प्रशासन अतिक्रमणकारियों से सख्ती से पेश आएगा।

# कैंप का आयोजन कर अधिशासी अधिकारी ने लोगों की सुनी समस्याएं




**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी के आदेश अनुसार नगर पंचायत तंबौर कम अहमदाबाद मोहल्ला ठाकुररन टोला वार्ड संख्या 15 में कैंप लगाकर अरविंद सिंह अधिशासी अधिकारी द्वारा लोगों की समस्याएं सुनी गई और कैंप का निरीक्षण भी किया गया इसमें स्ट्रीट लाइट पेयजल एवं साफ सफाई की समस्याओं को मौके पर उनका निस्तारण भी कराया गया तथा हाउस टैक्स वसूली भी की गई एवं सूखा एवं गीले कचरे के निस्तारण के कर्मचारियों को निर्देश दिए लोगों को कूड़ा अलग अलग करने के लिए प्रेरित किया गया नगर पंचायत कर्मचारी सुहान अली संतोष कुमार अली मोहम्मद शिबू मोहम्मद यूनुस एवं जलकल मिस्त्री बिजली मिस्त्री एवं सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# एमडीएम मेन्यू से रोटी गायब, जिम्मेदार अन्जान

- बर्तन धोते देखे गये बच्चे, खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कोई बात नहीं सरकार ने स्वीकार किया बच्चे अपना कार्य स्वयं करें

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**

सरकार की महत्वपूर्ण योजना है प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए मीनू के अनुसार मध्याह्न भोजन दिया जाता है परन्तु कुछ अधिकारियों के अनदेखी के कारण यह योजना अब भ्रष्टाचार की भेट चढ़ती जा रही है।इसका एक नहीं कई उदाहरण मिल जाएंगी और कई खबरें भी प्रकाशित हुई है उसके बाद भी लगातार मध्यान्ह भोजन की




गुणवत्ता सन्तोष जनक नहीं है।मामला ग्राम पंचायत माझा तरहर ब्लाक झंझरी के कम्पोजिट विद्यालय, कलन्दरपुर तोर गोन्डा की है यह भी मध्याह्न भोजन मानकविहीन नौनिहालों के हिस्से में आता है। बच्चों ने बताया की लगभग कई दिनों से रोटी नहीं मिली है। कम्पोजिट विद्यालय की रसोइया ने बताया की कई महीने से मध्याह्न भोजन में रोटी नहीं दिया जा रहा है।इसका मतलब है कि बच्चों के खाने पर भ्रष्टाचारियों की नजर पड़ गई है और बच्चों के मध्याह्न भोजन की गेहूं डकार गये है।वहीं बच्चों से खाने के बर्तन भी धुलवाऐ जाते हैं जिससे यह प्रतीत होता है की विद्यालय के जिम्मेदारों की बच्चों के प्रति कोई सहानुभूति नहीं है।

### फ्रेंडली शौचालय में गन्दगी ही गन्दगी

वहीं विद्यालय में बने लाखों के लागत से फ्रेंडली शौचालय जो बच्चों के लिए स्वास्थ्य और स्वच्छता के मुताबिक सरकार ने बनवाया था गन्दगी के हवाले हो गया है जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है की सफाई कर्मचारी भी कई कई महीनों से विद्यालय में सफाई करने नहीं आते हैं। इस सम्बन्ध में खण्ड शिक्षा अधिकारी झंझरी कोमल यादव ने बताया की जानकारी मिली है जांच की जाएगी बच्चों के बर्तन धोने वाली बात पर कहा कि सरकार ने स्वीकार किया कि बच्चे खुद अपना काम कर रहे हैं जैसे बर्तन धोना ।अब सवाल यह उठता है की बच्चो के बर्तन धोने पर यह बात खण्ड शिक्षा अधिकारी कहते हैं तो बच्चों के भविष्य का क्या।

## ग्रामीण ने पूर्व प्रधान व भाई पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी कैलाश पुत्र कल्लू ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर पूर्व प्रधानपति सहित उसके भाई पर जानबूझकर कार से बाइक में टक्कर मारने व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं। बीबीपुर गांव निवासी कैलाश ने तहरीर देकर बताया कि 23 फरवरी को लखनऊ से मजदूरी कर अपने घर वापस लौट रहा था तभी गांव के ही पूर्व प्रधानपति होरीलाल व उनका भाई रजनीश उर्फ बल्लू ने ठाकुर की दुकान के पास टक्कर मार दी। टक्कर लगने से खंती में जा गिरा और पैर में गंभीर चोट आ गई। जिसके बाद रजनीश ने जान से मार देने की धमकी देकर मौके से भाग निकले। इस संबंध में इंस्पेक्टर राजेश सिंह ने बताया कि कैलाश की तहरीर के आधार पर विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित का मेडिकल कराकर जांच की जा रही है। इसके पहले भी कैलाश को पूर्व प्रधानपति सहित वर्तमान जिला पंचायत सदस्य इंद्रमोहन व उसके भाई ने निर्वस्त्र कर खंभे में बांधकर मारा पीटा था। जिसपर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसकी जांच चल रही है।

# टीबी के मरीजों को खोजने के लिए अभियान चलाएगा स्वास्थ्य विभाग

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

टीबी के मरीजों को खोजने के लिए सक्रिय क्षय रोग खोजी अभियान 24 फरवरी से चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत 8 लाख 96 हजार की आबादी को कवर किया जाएगा। इसे लेकर एक समीक्षा बैठक जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि 24 फरवरी से 5 मार्च तक सक्रिय क्षय रोग खोजी अभियान चलाया जाएगा। इसे लेकर एक समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई थी। वहीं इस अभियान को व्यापक रूप से चलाने और इसकी मॉनिटरिंग को लेकर भी प्लान बनाया गया है। 24 फरवरी से शुरू होने वाले सक्रिय क्षय रोग खोजी अभियान को सफल बनाने के लिए 302 टीमें लगाई गई हैं। जिसमें 60 सुपरवाइजर 22 (एमओटीसी) सेक्टर सुपरवाइजर कार्य करेंगे। यह अभियान 22 टीबी यूनिट के अंतर्गत चलाया जाएगा और इससे जिले की 20 प्रतिशत आबादी करीब 8 लाख 96 हजार को जोड़ा जाएगा। अभियान के अंतर्गत गांव-गांव तक पहुंच कर टीबी के मरीजों को खोजा जाएगा। वहीं उनकी जांच भी कराई जाएगी। इसी के साथ जो भी टीबी के मरीज मिलेंगे। उन्हें पूर्ण उपचार के साथ निश्चय पोषण योजना का भी लाभ दिया जाएगा और गरीब मरीजों को पोषण किट योजना से लाभान्वित किया जाएगा।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कमियों को दुरुस्त करने पर हुई चर्चा

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** स्वास्थ्य अस्पताल अभियान टीम के सहयोगी साथियो अतुल त्रिवेदी, ग्राम पंचायत टिकरा के प्रधान रंजीत वर्मा से मुलाक़ात की, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टिकरा में कमियों को दुरुस्त करने, और अब तक आये बदलाव पर विस्तार से चर्चा हुआ, ग्राम प्रधान वर्मा ने कहा आपके प्रयास से काफ़ी बदलाव हुआ हैं, पानी, कैम्पस साफ, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी,6 बेड, छत पर पानी की टंकी से पानी की सफलाई, लैब टेक्निशियन की तैनाती, वाटर कूलर में शुद्ध पानी पीने के लिए, ओपीडी में बढ़ोतरी हुई हैं, समय सारिणी वाल पर दर्ज हो गई हैं!उन्होंने बताया एनम सेंटर का प्रस्ताव व क्षेत्र पंचायत से महिला व पुरुष के लिए अलग अलग शौचालय का प्रस्ताव गया हैं उम्मीद हैं जल्द ही यह सुविधा भी जल्द ही हमारे स्वास्थ्य केंद्र को मिल जाएगी, उन्होंने कहा हमारे क्षेत्र के लोगो को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं मिले यही हमारा आपके माध्यम से प्रयास है।

# मोमबत्ती की ज्वाला से एक गुब्बारा फूटा दूसरा क्यों नहीं

- ऐसा क्या है संतरे व पेट्रोल में जिससे गुब्बारा फूट गया

**मनकापुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

शुक्रवार को शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कंपोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम में बच्चों को विज्ञान के प्रयोग देखने व समझने को मिले। विज्ञान शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया ने बच्चों को विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों के जरिए विज्ञान के रहस्य को उजागर करने का काम किया। इस क्रम में शिक्षक ने पहले प्रयोग के लिए बच्चों से दो गुब्बारे मंगवाए।एक गुब्बारे में एक कप पानी भरा जबकि दूसरे गुब्बारे में केवल हवा।हवा भरा गुब्बारा ज्वाला के सम्पर्क में आने से फूट गया। जबकि दूसरा गुब्बारा जिसमें हवा के साथ पानी भी भरा था काफी देर ज्वाला के सम्पर्क में रहने पर



भी नहीं फूटा।इसी प्रकार दूसरे प्रयोग के लिए तीन गुब्बारे मंगवाए गए। बच्चों ने गुब्बारे में हवा भरी। लेकिन यह क्या जैसे ही संतरे के छिलके का रस पड़ा गुब्बारा फूटा गया।इसी प्रकार दूसरे गुब्बारे पर पेट्रोल की बूंद डालने पर वह भी फूट गया। शिक्षक ने दोनों प्रयोग में गुब्बारे फटने या न फटने की वैज्ञानिक धारणा को स्पष्ट किया। बच्चे प्रयोग को देखकर अचंभित महसूस कर रहे थे। प्रयोग में छात्र सूरज,शिवम,अमन,खुशनाज,केश्मी,काजल,अमन, लक्ष्मी, पूनम, कृष्णा, अनामिका, अमर, दिनेश आदि ने हिस्सा लिया।इस अवसर पर शिक्षक सुरेश कुमार, अमर ज्योति, पूनम यादव,राम अनुज शताब्दी वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जन आकांक्षाओं को पूरा करने वाला तथा विकास के नए कीर्तिमान बनाने वाला बजट : संजीव

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजीव मिश्रा ने योगी सरकार द्वारा अमृत काल के पहले बजट को जन आकांक्षाओं को पूरा करने तथा उत्तर प्रदेश में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करने वाला शानदार बजट बताया।

प्रदेश प्रवक्ता ने यह बात भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा के आवास पर कल शाम कही। वह यहां एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे।

उन्होंने कहा यूपी की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में यह बजट नींव का पत्थर साबित होगा। बजट में प्रदेश के सर्वांगीण विकास का खाका सरकार द्वारा खींचा गया है तथा समाज के सभी वर्गों,सभी क्षेत्रों का इस बजट में पूरा ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा की प्रदेश के 6 शहरों में मेट्रो सेवा चालू करने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है वही किसानों को ट्यूबवेल का बिल सौ प्रतिशत माफ करने का भी इसमें प्रावधान किया गया है।

युवाओं के लिए रोजगार के अधिक से अधिक अवसर मुहैया कराने और उन्हें कौशल विकास मिशन के द्वारा तकनीकी शिक्षा से दक्ष करने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किया गया है। चिकित्सा, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने पर बल दिया गया है। महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के द्वारा आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया गया है।

आज अपराधी अपराध करने से कांपते हैं प्रदेश की जनता आज योगी सरकार में अपने को सुरक्षित महसूस कर रही है। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष दीपक शुक्ला, युवा भाजपा नेता शुभम शुक्ला, विभम् शुक्ला,राजेंद्र प्रसाद, विनीत आदि मौजूद रहे।

# लक्ष्मी हत्याकाण्ड का खुलासा, प्रेमी ने ही की थी हत्या

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

असोहा थाना क्षेत्र के तिवारीखेड़ा में सरसों के खेत में युवती की हत्या कर फेंके गये शव के मामले में पुलिस ने काल डिटेल के आधार पर घटना का खुलासा करते हुए आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसने किसी दूसरे से अफेयर की जानकारी होने पर लक्ष्मी की हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

बता दें कि तिवारीखेड़ा निवासी 20 वर्षीय लक्ष्मी का शव 22 फरवरी को गांव के बाहर सरसों के खेत में मिला था। लक्ष्मी की हत्या उसी की लैगिंग से गला घोंटकर की गई थी। हत्या के बाद युवती के हाथ-पैर लैगिंग से ही बांध दिए गए

- बर्थडे पर न रुकने व किसी और से बात से था नाराज

थे। साथ ही उसका दुपट्टा भी उसपर डाल दिया गया था। पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार सुबह गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया, फोन डिटेल के माध्यम से हम लोग आरोपी तक पहुंच पाए हैं। आरोपी विकास अपनी प्रेमिका लक्ष्मी की हत्या करने के बाद उसको फोन अपने साथ ले गया था लेकिन जब हम लोगों ने फोन डिटेल निकलवाई तो उसमें सबसे ज्यादा डायल नंबर विकास का ही मिला। जिसके बाद हम लोगों इसके बारे में लक्ष्मी के घरवालों से बात की। उन्हीं लोगों ने विकास का घर



बताया था। पुलिस ने यह भी बताया लक्ष्मी के गले पर चोट के निशान थे। विकास ने बताया, मेरे और लक्ष्मी के अफेयर को 3 साल से ज्यादा हो चुके थे। मैं उसको बहुत चाहता था। हमारे बीच में सब कुछ अच्छा चल रहा था लेकिन इधर कुछ दिनों से लक्ष्मी का व्यवहार बदल गया था। वो मुझसे कम मिलती, कम बात करती। मैसेज भी नहीं भेजा करती थी। कई बार वो मुझसे रात में सोने की बात कहकर चली जाती थी लेकिन जब मैं उसको देर रात फोन करता तो उसको फोन बिजी जाता था। जब मैं उससे पूंछता कि तुम किससे बात कर रही थी तो वो झूंठ बोल देती। मुझे धीरे-धीरे लक्ष्मी पर शक होने लगा। मैंने अपने दोस्तों से उसपर नजर रखने के लिए कहा। जिसके बाद मुझे पता चला कि लक्ष्मी का अपने भाई के साले के साथ अफेयर हो गया है। मैं यह बात लक्ष्मी से पूंछना चाहता था। मैंने उसको बात करने के लिए अपने बर्थडे पर भी बुलाया लेकिन वो बस 15 मिनट रुकी और फिर चली गई। मैं उसको रोकता रहा लेकिन वो मेरी बात नहीं मानी। उसके बाद 22 तारीख को मैंने उसको फिर खेत पर बुलाया। वहां मैंने उसका फोन उससे छीन लिया। उसके फोन में मुझे बहुत सारी चीजें मिली। जो देखकर मुझे बहुत गुस्सा आया। जिसके बाद मैंने पहले उसका गला रॉड से दबा दिया। जब वो मर गई तो उसके शव को उसकी लेगिंग से बांध दिया। मैं उसको दफनाने वाला था लेकिन मैंने किसी की खेत पर आने की आवाज सुनी। जिसके बाद मैं उसका फोन, अंगूठी और रॉड लेकर मौके से भाग गया। पहले मैंने उसके फोन को घर में छुपाया फिर बाहर निकल गया। मामले में सीओ संतोष सिंह ने बताया, आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से सामान भी बरामद कर लिया गया है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल लिया है। मामले की जांच कर आरोपी विकास के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गांधी का ग्राम स्वराज्य पर आयोजित हुई विचार संगोष्ठी

## नफरत मुक्ति, नशा मुक्ति, भेद मुक्ति, हिंसा मुक्ति, भूख मुक्ति, बेरोजगारी मुक्ति वाला गांव ही गांधी का ग्राम स्वराज्य : रमेश शर्मा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

जल बिरादरी, बाराबंकी के संयोजन में बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छन्दवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल में गांधी का ग्राम स्वराज्य विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।



मुख्य अतिथि गांधी शांति प्रतिष्ठान नई दिल्ली के पूर्व निदेशक श्री रमेश शर्मा, अध्यक्षता कर रहे पर्यावरणविद, अमेठी जल बिरादरी के संयोजक डॉ0 अर्जुन पांडेय विशिष्ट अतिथि डॉ बलराम वर्मा, कवि विष्णु कुमार शर्मा ÷कुमार÷ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री रमेश शर्मा ने कहा कि गांधी कि नफरत मुक्ति, नशा मुक्ति, भेद मुक्ति, हिंसा मुक्ति, भूख मुक्ति, बेरोजगारी मुक्ति वाला गांव ही गांधी का ग्राम स्वराज्य है। श्री शर्मा ने कहा कि पूज्य गाँधी जी के ग्राम में बच्चों के खेलने, हंसने, गाने, खाने और हर युवाओं के हांथो में काम हो, समता, बंधुत्व भाईचारा हो, वही गांधी का ग्राम स्वराज्य है। श्री शर्मा ने बच्चों से खूब बातें की और कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है। जल संकट और पर्यावरण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जल के प्रति लोगों को जागरूक होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की होड़ में लोगों को भागने की नही, दौड़ने की जरूरत है। श्री शर्मा ने बच्चों से कई खेल-गतिविधियां कराई और उन्हें पढ़ने, आगे बढ़ने के लिए देश प्रेम व प्रेरणा गीतों व नारों से प्रेरित किया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए अमेठी जल बिरादरी के संयोजक डॉ अर्जुन पांडेय ने कहा कि गांव बचेगा तभी देश बचेगा। भारत की आत्मा गांवों में बसती है, गांधी जी गांव को स्वावलंबी बनाना चाहते थे, ऐसा गांव चाहते थे जहां, भय, भूख, दासता न हो। वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बलराम वर्मा ने गोष्ठी को सम्बोधित किया, कहा कि युवाओं, छात्रों को गांधी जी दर्शन को समझना चाहिए। गांधी जी के सपनो का भारत बनाने में युवाओं को जागरूक होना पड़ेगा। गायत्री शक्ति पीठ के कवि विष्णु कुमार शर्मा, ÷कुमार÷ ने अपनी कविताओं को प्रस्तुत किया और बच्चों, अभिभावकों को शिक्षा व संस्कार बताए। समाजसेवी व वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय के प्रबंधक दिनेश कुमार सिंह, समाजसेवी गुलज़ार फाउंडेशन की प्रमुख गुलज़ार बानो, आईपी सिंह, नेहरू युवा संगठन की स्वयं सेविका सुलोचना यादव ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर बाराबंकी जल बिरादरी के संयोजक स्कूल के प्रबंधक, गोष्ठी के आयोजक रत्नेश कुमार ने गोष्ठी का संचालन किया तथा सभी अतिथियों का स्वागत, सम्मान किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, शिक्षिका वन्दना वर्मा, शारदा रावत, पूनम रत्नाकर, उमेश कुमार, स्कूल स्टाफ से जियालाल, सरोज, सरस्वती, चाइल्ड लाइन टीम सदस्य अखिलेश कुमार, प्रदीप कुमार, अंचल कुमार, अंजली जायसवाल, वन्दना सहित सैकड़ों अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# खाद्य कारोबारियों के लाइसेंस होंगे आज पंजीकृत

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग जनपद बाराबंकी द्वारा तहसील हैदरगढ़ में खाद्यकारोबार के सम्बंधित प्रतिष्ठानों का लाईसेन्स/पंजीकरण का कार्य स्थान-भिटरिया रोड-हैदरगढ़ बैक के समाने) के पास दिनांक-25.02.2023 को समय प्रातः 11 बजे से शाम 05 बजे तक कैम्प लगाकर किया जायेगा, तहसील हैदरगढ़ के समस्त खाद्यकारोबारकर्ताओं एवं आमजनमानस से अपील है कि कैम्प के माध्यम से आपने खाद्य सम्बन्धी प्रतिष्ठानों का लाईसेंस/पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

# बाप्रशिक्षुओं को वितरित किये गए प्रमाण पत्र

**बाराबंकी।** सिलाई-कढ़ाई, मेहंदी व ब्यूटी पार्लर के प्रशिक्षुओ को एक भव्य समारोह में प्रमाण पत्र आदि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि समृद्ध जन कल्याण सामाजिक संस्थान द्वारा समय समय पर सिलाई-कढ़ाई, मेहंदी व ब्यूटी पार्लर आदि के तीन माह व छह माह के प्रशिक्षण आयोजित किये जाते हैं। संस्थान के अध्यक्ष एडवोकेट अमित सिंह सूर्यवंशी ने बताया कि सिलाई-कढ़ाई, मेहंदी व ब्यूटी पार्लर आदि के अंतर्गत 120 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया है, जिन्हें समारोह में प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह 26 फरवरी रविवार को देवा रोड पर बंकी ब्लॉक के सामने स्थित गांधी भवन में दोपहर 12.30 बजे सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद उपेंद्र रावत, विशिष्ट अतिथि विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार श्रीवास्तव हैं। कार्यक्रम नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन रंजीत बहादुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। श्री सूर्यवंशी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान संस्थान के संरक्षक एडवोकेट भानु प्रताप सिंह, सचिव एडवोकेट दीपा सिंह, अनुपम वर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# ग्राम चौपाल लगाकर बीडीओ ने सुनीं समस्याएं

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** शासन की मंशा के अनुसार स्थानीय विकास खंड की शरीफाबाद ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन खंड विकास अधिकारी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी के अलावा सचिव ज्ञान सिंह ,प्रधान जगपता, डीसी मनरेगा बृजेश कुमार त्रिपाठी लेखपाल दीपचंद आंगनबाड़ी सुमित्रा एडीओ आईएसबी मोहित चतुर्वेदी रोजगार सेवक बलराम यादव ब्लॉक मनरेगा कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे इस अवसर पर जहां कुछ ग्रामीणों द्वारा आवास की माँग की गई तो वही कुछ ग्रामीणों ने खड़ंजा और नाली का निर्माण कराए जाने का मुद्दा उठाया। खंड विकास अधिकारी ने औचक निरीक्षण करके निर्माण कार्य पूर्ण कराने के आदेश दिए पंचायत भवन में ओपन जिम लगाने के निर्देश दिए । चौपाल कार्यक्रम में 7 शिकायतें आई थी जिनमें चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत

## पिकप चालक गम्भीर रूप से घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

स्थानीय कोतवाली अंतर्गत बीती रात दो अलग-अलग सड़क हादसों में जहां दो लोगों की मौत हो गई वहीं एक पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को जहां ट्रामा सेंटर भेजा गया है वही परिजनों को जानकारी देकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार पहला सड़क हादसा लखनऊ- सुल्तानपुर हाइवे पर टोल प्लाजा के निकट हुआ।कोतवाली क्षेत्र के रौनी गांव निवासी राम सूरत की पांच वर्षीय बेटी मोहिनी को लेकर परिजन बाइक से घर जा रहे थे।टोल प्लाजा के समीप यह बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।दुर्घटना में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई।परिजन उसे सीएचसी हैदरगढ़ लेकर आए।यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दूसरा हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार की सुबह लगभग चार बजे 38 वे किमी पर हुआ। जानकारी के अनुसार जनपद बुलंदशहर के मुबारकपुर निवासी उदय बीर 40 वर्ष डीसीएम लेकर जा रहा था कि तभी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के 38 प्वाइंट पर पहले से खराब खड़े ट्रक में डीसीएम धड़ाम से टकरा गई । टक्कर इतनी जोरदार थी कि डीसीएम का चालक उदयबीर अपने क्षतिग्रस्त वाहन में बुरी तरह फंस गया।मौके पर पहुंचे एन एच आई व पुलिस कर्मियों ने चालक उदयबीर को वाहन से निकाल कर इलाज के लिए सीएचसी हैदरगढ़ पहुँचाया। जहाँ डाक्टरों ने उदयबीर को मृत घोषित कर दिया।इस दुर्घटना के बाद एन एच आई कर्मी जब तक डीसीएम को किनारे करते।इसी बीच एक पिकअप भार वाहन ने खड़ी डीसीएम में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें पिकअप चालक लखनऊ के लालकुऑ निवासी मनोज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।उसे इलाज के लिए सीएचसी हैदरगढ लाया गया।यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए ट्रामा सेन्टर लखनऊ भेजा गया है।

# दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का विधायक ने किया शुभारंभ

**त्रिवेदीगंज बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

क्षेत्र के जरौली गांव में दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत द्वारा फीता काट कर किया गया।

उद्घाटन अवसर पर विधायक ने कहा खेलकूद प्रतियोगिताओं से ना सिर्फ बच्चों के शारीरिक विकास होता है बल्कि गांव में छिपी प्रतिभाएं उभर कर सामने भी आती हैं इसलिए खेलकूद हमारे जीवन में बड़ा महत्वपूर्ण है।

भाजपा सरकार खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए गांव-गांव में स्टेडियम बनवाने का लगातार काम कर रही हैं। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में 32 टीमें भाग ले रही हैं फाइनल मैच आखिरी दिन खेला जाएगा इस अवसर पर त्रिवेदीगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन वर्मा, प्रधान प्रदीप यादव, प्रधान राधेश्याम तिवारी,अजय रावत,विमल तिवारी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया गया मैथिली रमण राम का 13वां प्रकाटयोत्सव

**अयोध्या।** रायकोट स्थित प्रसिद्ध पीठ श्रीरामाश्रम में विराजमान भगवान मैथिलीरमण राम का प्राकट्योत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया।यह भगवान का 13वां प्राकट्य महोत्सव था।महोत्सव को पीठ के वर्तमान पीठाधीश्वर महंत जयराम दास वेदांती महाराज ने अपनी सानिध्यता प्रदान की।प्राकट्य महोत्सव में कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह भी सम्मिलित हुए जिन्होंने भगवान श्री मैथिलीरमण राम का पूजन अर्चन कर उनके प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा निवेदित की।इस महोत्सव से मंदिर प्रांगण आहलादित व उल्लासित नजर आया।इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय वातावरण रंगा रहा जिसमें भक्तगण सराबोर होकर गोता लगा रहे थे।

# ग्राम चौपाल में आई सात शिकायतें

**मसौली बाराबंकी।** ग्रामीणों को उनके आसपास ही न्याय दिलाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाली ग्राम पंचायत स्तर की ग्राम चौपाल का आयोजन शुक्रवार को ग्राम पंचायत ईचौलिया एव शाहपुर में सम्पन हुई। चौपाल में 7 शिकायते आयी। अवर अभियंता आर ई डी अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत शाहपुर में आयोजित चौपाल में धनीराम पुत्र खुशीराम, सतीश चंद्र पुत्र राम भरोसे, सीताराम पुत्र राममनोहर, राजरानी पत्नी झगरू, इंद्राज पुत्र भुलाई ने किसान सम्मान निधि न मिलने की शिकायत की वही कमलेश पुत्र झबीले ने परिवार रजिस्टर नकल की मांग की जिसे तुरन्त बनाकर दी गयी। बीईओ पीआरडी विकास तिवारी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत ईचौलिया में आयोजित चौपाल में मायादेवी पत्नी लल्ला ने किसान सम्मान निधि न मिलने की शिकायत की। इस मौके पर शाहपुर ग्राम प्रधान नीतू वर्मा, प्रधान ईचौलिया गुरुप्रसाद, पंचायत सचिव महेश प्रताप सिंह, आशीष वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# समाज व राष्ट्र की आवश्यकताओं के अनुकूल है राष्ट्रीय शिक्षा नीति

**गोरखपुर।** मैकाले की शिक्षा नीति युवाओं को कार्यालयीय सहायक की भूमिका तक सीमित करने वाली थी। इसमें न तो समाज का हित निहित था और न ही राष्ट्रीयता का पुट था। मैकाले की शिक्षा नीति के दिन लद गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 समाज व राष्ट की आवश्यकताओं के अनुकूल है। राष्ट्रीय सांस्कृतिक परिदृश्य को समाहित करते हुए सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास से देश को विश्व गुरु बनाना इसका लक्ष्य है। यह बातें इलाहाबाद विश्वविद्यालय में हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग के आचार्य डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने कही। वह महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के तहत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) में चल रहे बीएएमएस के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के 15 दिवसीय दीक्षा पाठ्यचर्या (ट्रांजिशनल करिकुलम) के दसवें दिन (शुक्रवार) के तृतीय सत्र को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर व्याख्यान देते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि 1947 के बाद मात्र कैलेंडर बदला था और कुछ नहीं। स्वतंत्र और स्वाधीन दोनों शब्दों का मंतव्य हमें स्पष्ट होना चाहिए। स्व के अधीन हो जाना स्वाधीन है और अपने तंत्र नीति के अनुसार चलना स्वतंत्र है। अभी तक हम अंग्रजो के बनाये हुए नियम या उनसे प्रभावित हुए लोगों द्वारा बनाये गये तंत्र के अनुसार संचालित थे। वर्तमान सरकार के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा के नीति के माध्यम से यह प्रयास है कि हम स्वाधीनता की तरफ बढ़ें। उन्होंने कहा कि अभी तक हम आयुर्वेद ज्ञान सहित तमाम शास्त्रीय ज्ञान-विज्ञान को दोयम दर्जे का मान कर चल रहे थे।

# कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को दी गयी जानकारी

**दुध्दी/सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

विकास खंड के अंतर्गत घिवही ग्राम पंचायत मे कृषक तेतरी देवी को सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सस्टेशन योजना के अंतर्गत रवि फार्म के तहत चने की खेती पर कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित होकर किसानों को कम पानी में खेती किस तरह से किया जाए किसके बारे में किसानों को जानकारी दी गयी कृषक तेतरी देवी को सम्मानित भी किया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित किसानों को चने की खेती की नवीनतम जानकारी को दिया गया तथा सिंचाई के विषय में यह कार्य स्कूल पर सिंचाई का कार्यक्रम आधुनिक यंत्रों द्वारा करके संपन्न कराए गए जिसमें उपस्थिति धर्मेंद्र कुमार (एसएमएस) सर्वेश कुमार सैनी (राजकीय कृषि बीज भंडार प्रभारी विनय कुमार सिंह (बी0टी0 एम0) नागेंद्र प्रसाद, चंद्रशेखर, अरुण कुमार सिंह (बी0टी0एम0) उपस्थित रहे।

# शिक्षक संघ की बैठक रामनगर पीजी कालेज में सम्पन्न

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

अनुमोदित शिक्षक संघ की एक विशेष बैठक रामनगर पीजी कॉलेज मे आयोजित की गई। जिस बैठक मे डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के द्वारा आयोजित सेमेस्टर एवं बैक पेपर परीक्षाओ को सकुशल संपन्न कराने एवं प्राचार्य का सहयोग करने के लिये आभार जताया गया।

उच्च शिक्षा के स्थाई शिक्षको की हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन से परीक्षाओ मे कोई व्यवधान न उत्पन्न हो इस कारण अनुमोदित शिक्षको ने परीक्षार्थियो के व्यापक हितो को लेकर यह निर्णय लिया कि सभी अनुमोदित शिक्षक तन मन से वर्तमान परीक्षा को संपन्न कराएंगे। अनुमोदित शिक्षको के इस निर्णय से प्राचार्य प्रोफेसर कौशलेंद्र विक्रम मिश्र ने शिक्षको की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहाकि संकट की स्थिति मे अनुमोदित शिक्षक संघ सदैव विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के साथ खड़ा रहा है। अतः शासन प्रशासन को भी इनकी समस्याओ को ध्यान देना चाहिए।

**बैठक**

इस आवश्यक बैठक में संघ के अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार सिंह,महामंत्री डॉ राम कुमार सिंह,जिला प्रतिनिधि डॉ केपी सिंह,डॉ अमरजीत सिंह,डॉ सुनीत कुमार जायसवाल,मीडिया प्रभारी डॉ संजय तिवारी,वरिष्ठ सदस्य डॉ सरोज कुमारी,आलोक राय,कोषाध्यक्ष गरिमा श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अनुमोदित शिक्षक संघ के पदाधिकारियो व सदस्यो ने महाविद्यालय के प्राचार्य को धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली मे परीक्षाओ को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया।

# स्क्रैपिंग सुविधा केंद्र स्थापना के लिए डीलरों संग आरटीओ ने की बैठक

**अयोध्या।** भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की योजना तथा शासन एवं परिवहन आयुक्त के दिशा निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन श्रीमती ऋतु सिंह की अध्यक्षता में जिले में स्क्रैपिंग सुविधा केंद्र की स्थापना के लिए जिले के सभी वाहन डीलरों की एक बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में डीलरों को स्क्रैपिंग सुविधा केंद्र खोले जाने के संबंध में पूर्ण जानकारी दी गई।बताया गया कि रजिस्ट्रीकृत यान स्क्रैपिंग सुविधा केंद्र(आरवीएसएफ)की स्थापना के लिए नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम(एनएसडब्ल्यूएस) पर आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।इसके साथ ही पुराने निष्प्रयोजन वाहनों की स्क्रैपिंग के लिए वाहन स्वामी द्वारा निक्षेपण प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने के सापेक्ष नया निजी यान क्रय किए जाने के बाद उसके पंजीयन पर मोटरयान पर देय एक बारीय कर में पंद्रह प्रतिशत छूट का प्राविधान किया गया है। इसके साथ ही व्यवसायिक यान क्रय किए जाने पर वाहन कर में आठ वर्ष तक संदेय कर पर दस प्रतिशत छूट प्रदान करने का प्राविधान भी है।

# एक हजार पिछड़ा वर्ग के संतों को आंदोलन से जोड़ने का लक्ष्य बहुत जल्द पूरा होगा

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

● सभी धार्मिक स्थलों के सन्तों को जोड़कर बड़ा सम्मेलन करने की रणनीति है

दूसरे दिन भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुर्जर ने सम्पर्क कर आंदोलन से मोहनदास जी महाराज, कृपया राम दास जी महाराज व गोपाल दास जी महाराज को जोड़ा भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन से। इस मौके पर बयान जारी करते हुए भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुर्जर ने कहा कि देश में अब बीजेपी के खिलाफ बड़े विकल्प की जरूरत है, जिससे आगामी समय में राजनीति के नए समीकरण तैयार किए जा सकें। बीजेपी ने देश की जनता को गुमराह किया है। भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन समाज में बड़ी एकता कायम कर सभी को सम्मान और अधिकारों की बात करता है। बीजेपी के लोग वैसे तो हिंदुत्व की बात करते हैं लेकिन इनको पिछड़े से बदबू आती है और पिछड़ों को ही साथ लेकर बीजेपी जिंदा है। यह पिछड़ों को समझने की जरूरत है। हमारा लक्ष्य पिछड़ा वर्ग के एक हजार सन्तो को आंदोलन से जोड़ने का है। अभी तक पिछड़ा वर्ग के एक सौ पचास सन्तो को हम जोड़ चुके हैं। मई तक एक हजार सन्तो को जोड़ने का लक्ष्य पूरा कर लेंगे। सभी धार्मिक स्थलो के सन्तो को जोड़कर बड़ा सम्मेलन करने की रणनीति है, जिसको हम जल्द पूरा कर लेंगे। यह देश सभी धर्मो और समाजों का है और सभी का इस देश पर अधिकार है फिर नाइंसाफी क्यों की जा रही है और नाइंसाफी भी वे लोग कर रहे हैं जिनका कोई आधार नहीं है, इसलिए जिसकी जितनी भागीदारी उतनी उसकी हिस्सेदारी यह हम लोग चाहते हैं।

# केंद्रीय बजट में नए भारत के सपनों की झलक : उपेंद्र रावत

## विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करेगा केंद्रीय बजट

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट भारत के सपनों को साकार करने की रूप रेखा खींचने वाला है।अमृत काल का यह पहला बजट विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नीव का निर्माण करेगा।सांसद शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में केंद्रीय बजट को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया से मुखातिब थे।उन्होंने केंद्र सरकार के 2023 -24 के बजट को वंचितों को वरीयता देने वाला एवम् हाशिए पर बैठे लोगों के उत्थान के लिए ऐतिहासिक बताया। कहा कि ये बजट भारत के आकांक्षी समाज, गांव, गरीब, किसान, मध्यम वर्ग सभी के सपनों को पूरा करेगा। कहा कि मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों की बदौलत भारत ने पिछले 9 वर्षो में विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की लंबी छलांग लगाई है। सांसद ने कहा कि आधुनिक युग के पैमानों पर भारत पिछड़ने का जोखिम नहीं उठा सकता इसीलिए बजट में तकनीक आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करने पर जोर दिया गया है।बताया कि बजट में दुनिया की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना का एलान करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था को विकास की धुरी बनाने की ओर मोदी सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं।कहा कि सरकार ने बजट में बुनियादी ढांचे और नए अवसरों पर फोकस किया है।केंद्रीय बजट में पीएम आवास,मुफ्त राशन,महिला सम्मान बचत पत्र,कृषि ऋण के लिए 20 लाख करोड़ व इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 10 लाख करोड़ का आवंटन सहित स्वास्थ्य,शिक्षा आदि पर निवेश के लिए की गई तमाम योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।उन्होंने बजट में बाराबंकी जंक्शन और हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन को धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शशांक कुसुमेश,जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत,जिला मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई,नवीन राठौर, सांसद प्रतिनिधि दिनेश रावत,आशुतोष अवस्थी मौजूद रहे।

# डालसा ने वृद्धाश्रम में लगाया विधिक साक्षरता शिविर

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के मंशानुरूप एवं रवीन्द्र नाथ दूबे जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाराबंकी के निर्देशन में शुक्रवार को मातृ पितृ सदन, तहसील नवाबगंज जनपद बाराबंकी में वृद्धजनों के अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में श्रीमती नाजनीन बानो अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार विषय पर बोलते हुए बताया गया कि हिन्दू अंगीकरण एवं भरण पोषण अधिनियम के अनुसार यदि माता-पिता के भरण पोषण में आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है तो बच्चों पर यह दायित्व आरोपित है कि वे माता पिता का भरण पोषण करें। भरण पोषण व देखभाल न करने की स्थिति में उनके लिए सजा का प्रावधान है। माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 के प्राविधानों पर विस्तार से चर्चा की गयी। वृद्धों एवं मां बाप के अधिकारों को तथा इस अवस्था में उनकी उचित देखभाल एवं कल्याण के लिए व्यापक कानूनी उपबन्ध किये गये है जिसमें वे अपने बच्चों, बेऔलाद होने की दशा में सम्पत्ति के प्रस्तावित उत्तराधिकारियों से भरण पोषण की मांग कर सकते हैं और प्रतिकूल दशा में वृद्धाश्रमों का आश्रय ले सकते हैं। साम्पत्तिक मामलों के अंतरण की दशा में लिखत को निरस्त कराने के लिए भी प्रार्थना पत्र देकर सम्पत्ति वापस प्राप्त कर सकते हैं। वरिष्ठ नागरिकों को प्राप्त निःशुल्क विधिक सहायता के उपबंधों तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के क्रियाकलापों के बारे में भी जानकारी दी गई। लोगों से विवाद को सुलह समझौते द्वारा लोक अदालत एवं मध्यस्थता के माध्यम से निपटाए जाने के बारे में भी बताया गया।

उक्त शिविर में वृद्ध राम प्रसाद द्वारा बताया गया कि उसके पुत्र ने उसको मार-पीट कर घर से भगा दिया है इस सम्बन्ध में उनको बताया गया कि वह अपने पुत्र के विरूद्ध इस सम्बन्ध में मुकदमा दायर कर सकते है। इस अवसर पर श्रीमती नाजनीन बानो अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव ने संस्था में रहने वाले बुजुर्गो को वरिष्ठ नागरिक से संबंधित जानकारी देकर जागरूक किया।

# लड़कियों के बीच जमकर हुई मारपीट

**गोरखपुर।** कैंट थाना क्षेत्र के जीडीए टावर में दो लड़कियां आपस में एक दूसरे का बाल नोचने लगी जीडीए टावर की दुकानदारों ने बताया कि दोनों लड़कियां मोमो की दुकान पर पहुंचकर मोमो खाने का आर्डर देती हैं किन्ही बातों को लेकर आपस में भिड़ जाति हैं कड़ी मशक्कत के बाद एक दूसरे से अलग किया जाता है पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई ने बताया कि जीडीए टावर में लड़कियों को लड़ते हुए वीडियो वायरल हो रहा है जांच के आदेश दे दिया गया है तहरीर मिलने पर वैधानिक कारवाही किया जायेगा दोनो लडकियो को महिला थाने पर कौंसलिग के लिए बुलाया गया है। गोलघर स्थित जीडीए टावर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां दो लड़कियों के गुटों में जमकर मारपीट हो गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# सम्राट ऑटो सेल्स हीरो एजेंसी का हुआ उद्घाटन

**करमा, सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

स्थानीय विकास खण्ड करमा के पगिया रोड तिराहे पर आज विधिविधान से पूजन कर सम्राट ऑटो सेल्स का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण सिंह पटेल के द्वारा निर्धारित समय पर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज जिलापंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण सिंह पटेल के द्वारा निर्धारित समय से विधिविधान से पूजन कर नारियल तोड़ रिबन काट कर सम्राट ऑटो सेल्स हीरो होंडा पगिया रोड एजेंसी का किया गया उद्घाटन।इस अवसर श्री पटेल ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों को हीरो वाइक खरीदने में मदद मिलेगी।अब स्थानीय लोगों को



### ग्राहकों को उचित मूल्य पर मिलेंगी हीरो बाइक : अरुण सिंह

दूर नहीं जाना पड़ेगा।समय की बचत के साथ उचित मूल्य पर वाइक मनपसंद की मिल जायेगी। इस दौरान अरुण सिंह पटेल, एजेंसी के प्रोपराइटर सतेन्द्र मौर्य, बबलू मौर्य, अब्दुल मेराज खान, विमलेश गिरी, बंसनारायन, सेठी खान, रोहित सिंह, सहित आदि क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत गूजरपुर गहलवार वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0

पत्रांकः-मीमो/ग्र0पं0/मनरेगा/राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त/टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2022-23 — दिनांक 23/02/2023

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में ग्राम पंचायत गूजरपुर गहलवार की स्वीकृत कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 24/02/2023 से दिनांक 02/03/2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 02/03/2023 सायं 4 बजे निर्माण समिति द्वारा निविदा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में ) | जमानत धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य (रु0) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा/राज्य व केंद्रीय वित्त | आंगनवाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य | प्राकलन के अनुसार | 6.09 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

(बबली) ग्राम प्रधान-गूजरपुर गहलवार, राजेपुर — (आशुतोष दुबे) सचिव-गूजरपुर गहलवार, राजेपुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत कुबेरपुर कुतुलुपुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0

पत्रांकः-मीमो/ग्र0पं0/15वां वित्त/राज्य वित्त/ टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2022-23 — दिनांक 23/02/2023

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

15वां वित्त/राज्य वित्त के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में ग्राम पंचायत कुबेरपुर कुतुलुपुर की स्वीकृत कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 24/02/2023 से दिनांक 02/03/2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 02/03/2023 सायं 4 बजे निर्माण समिति द्वारा निविदा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में ) | जमानत धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य (रु0) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य वित्त व 15वां वित्त | अमृत सरोवर से पंचायत घर तक इंटरलाकिंग कार्य | प्राकलन के अनुसार | 2.46 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

(संध्या सिंह ) ग्राम प्रधान-कुबेरपुर कुतुलुपुर, राजेपुर — (अशोक कुमार) सचिव-कुबेरपुर कुतुलुपुर, राजेपुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत सरीफपुर छिछनी वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2022-2023 — दिनांक 24/02/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सरीफपुर छिछनी द्वारा कराये जाने वाले निर्माण सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 25/02/2023 से 03/03/2023 तक अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 03/03/2023 को अपरान्ह 3 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत प्राकलन के अनुसार (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | मुन्ना सिंह की बैठक से देशराज के घर तक नाली निर्माण कार्य | 1.46 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | मुन्ना सिंह की बैठक से देशराज के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.41 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | मेन रोड जैतपुर से हरिपाल के घर तक मिट्टी, नाली व इंटरलकिंग कार्य | 3.84 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | मेन रोड जैतपुर से नन्हेलाल नाई की जगह तक नाली व इंटरलकिंग कार्य | 3.88 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | रामकिशन नाई की जगह से रामरहीस के मकान तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.88 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते–** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(पर्वत सिंह) प्रधान — (मो0 जीशान) सचिव

ग्राम पंचायत सरीफपुर छिछनी विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रुखाबाद।

# सैकड़ों किसानों को अंग वस्त्र भेंटकर किया सम्मानित

- गोखरही में आयोजित किया गया किसान सम्मान दिवस

**तिंदवारी। समृद्धि न्यूज**


किसान सम्मान दिवस को संबोधित करते बालमुकुंद शुक्ला — समृद्धि न्यूज

**प्रधानमंत्री किसान** सम्मान निधि के सफलतम 4 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा किसान मोर्चा द्वारा तिंदवारी मंडल के ग्राम गोखरही में आयोजित किसान सम्मान दिवस कार्यक्रम में किसान सम्मान निधि पाने वाले एक सैकड़ा किसानों को अंग वस्त्र भेंट कर मुंह मीठा कराया गया।

शुक्रवार को ग्राम गोखरही के बड़े देव बाबा मंदिर प्रांगण में आयोजित रुक जा कार्यक्रम में वक्ताओं ने किसानों के हित में लिए गए केंद्र व प्रदेश सरकार की प्रमुख निर्णयों की जानकारी देते हुए किसानों को जैविक खेती गांव आधारित प्राकृतिक खेती तथा मोटे अनाज के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा बालमुकुंद शुक्ला ने कहा कि किसानों ने ही भारत को आत्मनिर्भर बनाया है। क्योंकि किसानों की वजह से ही भारत अब निर्यातक देश बन रहा है। उन्होंने बताया कि खाद्य तेल के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर होने के लिए केंद्र की मोदी सरकार तथा उत्तर प्रदेश की योगी सरकार मिशन मोड में काम कर रही हैं। भाजपा ने चुनाव के लोक कल्याण संकल्प पत्र का वादा पूरा करते हुए बीते वर्ष 2022 तथा 2023 में किसानों के निजी नलकूपों के विद्युत बिलों में 50 प्रतिशत की दी गई छूट अब 100 प्रतिशत कर दी गई है। यह किसानों की आय दोगुनी करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ी भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि गौ आधारित प्राकृतिक खेती के लिए बुंदेलखंड के सभी जिले शामिल किए हैं। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक विकासखंड में क्लस्टर बनाए जाएंगे। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए पुनरुद्धार योजना के तहत 55.60 करोड़ रुपए की व्यवस्था की है। इस योजना के अंतर्गत बाजरा, ज्वार, सावा, कोदों, रागी, काकून की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित भाजपा जिला संयोजक संजय सिंह ने कहा कि किसान बही, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि सहित किसान ऋण माफी योजना यह सभी भाजपा सरकारों की देन है। मोटा अनाज आज पूरे विश्व की आवश्यकता बन गया है। हम गौ आधारित प्राकृतिक खेती के माध्यम से क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकते हैं। किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विजयविक्रम सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस अवसर पर अतिथियों ने किसान सम्मान निधि पाने वाले किसानों को अंग वस्त्र भेंट कर उनका मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अतुल सिंह द्वारा की गई जबकि संचालन किसान मोर्चा के जिला महामंत्री रामनरेश मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय प्रताप सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि भूरेलाल फौजी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवा त्रिपाठी,पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश चंद्र पांडे, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार शुक्ला तथा विवेक सिंह कछवाह, जिला मंत्री सत्येंद्र प्रताप सिंह तथा राजा तिवारी, किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी शिव विलास शर्मा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष राखी सिंह, आशीष मिश्रा, चंद्रभूषण सिंह पटेल, सुधीर गर्ग, चंद्रशेखर सिंह पटेल, सुंदर सिंह परिहार, स्वतंत्र त्रिपाठी,दीपक सिंह परिहार, धर्मेंद्र सिंह, मनोज अवस्थी, महानारायण शुक्ला, ज्ञान सिंह, छविनाश शर्मा, अमित अवस्थी, नीरज सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# किशनी करहल मार्ग पर किए जा रहे वृक्षारोपण का सहायक वन रक्षक ने किया निरीक्षण

- सडक के दोनों ओर समान से किशनी चौराहे तक बनाये जा रहे ट्री गार्ड

**मैनपुरी। समृद्धि न्यूज**



**पर्यावरण** को शुद्ध रखने तथा प्रदूषण को कम करने के अहुआयामी उद्देश्य के दृष्टिगत शासन के आदेश पर किशनी करहल मार्ग पर समान से किशनी जटपुरा चौराहे तक बृक्षारोपण किया जा रहा है। इसके लिये पौधों को आबारा पशुओ से सुरक्षित बनाये रखने के लिये वन विभाग द्वारा 1296 ट्री गार्ड का निर्माण ईटों द्वारा किया जा रहा है। वन बिभाग के अधिकारियों ने समान से किशनी तक की जमीन को सुरक्षित कर साफ सफाई कर ट्री गार्ड का निर्माण शुरू करा दिया है। इन ट्री गार्ड के निर्माण में किसी प्रकार की कोताही न हो इसकी जांच के लिये शुक्रवार को फिरोजाबाद से सहायक वन संरक्षक स्वतन्त्र कुमार श्रीवास्तव समान आये और रेंजर महेन्द्र कुमार को साथ लेकर बनाये जा रहे ट्री गार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने कुछ खराब पडी ईटों के बारे में जानकारी की तो रैंजर ने बताया कि भट्टे के मजदूर जब ईटों को वाहन में लोड करते हैं तो कई बार खराब ईटें भी भेज देते हैं। परन्तु वह खराब ईटों का प्रयोग ट्री गार्ड के निर्माण में नहीं होने दे रहे हैं। उनकी भट्टे के मुनीम से बात हो चुकी है कि खराब ईटों को वह बापस लेकर अच्छी ईटें देगा। निरीक्षण के दौरान सही मात्रा में सीमेन्ट तथा मौरंग के प्रयोग को देखकर अधिकारी संतुष्ट दिखे। रैंजर महेन्द्र सिंह ने बताया कि कई पौधे जिनको पूर्व में रोपा गया था और वह पौधे स्वस्थ्य नहीं हैं उनके स्थान पर पीपल, पाकड, बरगद, गूलर, जामुन, चितवन तथा कदम आदि के नये व स्वस्थ्य पौधे रोपे जायेंगे। वन अधिकारी ने मौजूद कई ग्रामीणों से भी बात की जानकारी ली। सभी ग्रामीण भी कार्य के प्रति संतुष्ट दिखे। निरीक्षण के उपरान्त भी सहायक वन संरक्षक ने रैंजर से कार्य में शिथिलता न बरतने का आदेश दिया।

## ज्वैलर्स की दुकान से सामान लेकर महिला गायब

**बांदा।** शहर के चौक बाजार स्थित ज्वलैर्स की दुकान में शुक्रवार की सुबह चार महिलाएं खरीददारी के उद्देश्य से दुकान पहुंच गई। दुकानदार ने चांदी के आभूषण दिखाए। इस पर नजर चूकते ही एक महिला पायल लेकर दुकान से गायब हो गई। दुकानदार ने महिलाओं की मंशा भांप तीन महिलाओं को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। अब सर्राफा दुकानों में भी महिलाओं ने टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर दिया है। चौक बाजार निवासी दिलीप सोनी कोतवाली के ही समीप ज्वैलर्स की दुकान किए है। शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे दिलीप और उसके पुत्र सुमित सोनी ने दुकान खोली। दुकान खोलने के बाद अगरबत्ती लगाने लगे। इसी बीच दो-दो करके चार महिलाएं दुकान के अंदर आ गई।

# 553 निराश्रित गौवंश पकड़ कर गौशालाओं में संरक्षित कराये गये



**मैनपुरी।** प्र. जिलाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि 03 दिवसीय विशेष अभियान के तहत उप जिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों के नेतृत्व में कुल 553 निराश्रित गौवंश पकड़ कर गौशालाओं में संरक्षित कराये गये। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों, पशु चिकित्साधिकारियों, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जो गौवंश अभियान के दौरान विभिन्न गौशालाओं में संरक्षित कराए गये हैं, उनकी उचित देखभाल की जाये, उन्हें समय से भूसा-चारा खिलाया जाये, पशु चिकित्साधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की संचालित गौशालाओं का प्रतिदिन भ्रमण कर संरक्षित पशुओं के स्वास्थ्य को देखें, गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में पशुओं के लिए दवाएं उपलब्ध रहें, संरक्षित गौवंशों को प्रतिदिन हरा चारा खिलाया जाये, भूसा-चारा खिलाते समय कोई जिम्मेदार व्यक्ति मौके पर रहे, उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की गौशालाओं का नियमित रूप से भ्रमण कर व्यवस्था देखें। कुमार ने कहा कि निराश्रित गौवंश के कारण किसानों को असुविधा का सामना न करना पड़े, किसानों की फसलें सुरक्षित रहें इसलिए नियमित रूप से अभियान चलाकर निराश्रित गौवशों को पकडकर गौशालाओं में संरक्षित किया जाये, कोई भी निराश्रित गौवंश सड़कों पर दिखाई न दे। उन्होने बताया कि आज अभियान के तीसरे दिन उप जिलाधिकारी सदर के नेतृत्व में 35, उप जिलाधिकारी किशनी के नेतृत्व में 12, उप जिलाधिकारी घिरोर के नेतृत्व में 22, उप जिलाधिकारी करहल के नेतृत्व में 38, उप जिलाधिकारी कुरावली के नेतृत्व में 20 तथा खंड विकास अधिकारियों के निर्देशन में विकास खंड करहल से 23, विकास खंड बरनाहल, कुरावली से 06-06, विकास खंड सुल्तानगंज से 18, विकास खंड बेवर से 02, विकास खंड किशनी से 10 तथा विकास खंड मैनपुरी से 11 निराश्रित गोवंश को पकडकर गौशालाओं में संरक्षित कराया गया है।

# पुलिस ने तमंचाधारी को चोरी की बाइक समेत पकड़ा

**मैनपुरी।** बारातियों ने चेन स्नेचर को दबोचा तो पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर आरोपी को जेल भेज दिया। मंगलवार को शादी के अवसर पर नगर के एक मैरिज होम पर बारातियों की भीड द्वारा एक संदिग्ध को मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया गया था। आरोप था कि उसने किसी महिला के गले से चौन खींचने का प्रयास किया था। सूचना मिलते ही थाना पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और आरोपी को हिरासत में ले लिया था। पुलिस आरोपी का मेडिकल करबा कर थाने ले आई और विस्तृत पूछताछ की। आरोपी कुलदीप उर्फ अजीत उर्फछोटू कनौजिया पुत्र रघुनाथ कनौजिया निवासी मदनापुर थाना कोतवाली तिर्वा जनपद कन्नौज ने पुलिस की पूछताछ के दौरान कबूला कि वह अपने दोस्त सुल्तान पुत्र सतीश कुमार यादव निवासी आशानन्दपुर थाना बसरेहर जनपद इटावा के साथ मिलकर चोरी की बाइक पर तमंचों से लैस होकर पहले रैकी करते हैं तथा बाद में वहां पर बाइक तथा महिलाओं के गले से चौन अथवा किसी भी कीमती चीज पर हाथ साफ कर रफूचक्कर हो जाते हैं। बाद में किसी को चोरी की चीज बेचकर पैसे बांट कर अपने घर का गुजारा करते हैं। आरोपी ने स्वीकार किया कि मंगलवार को भी वह अपने दोस्त सुल्तान के साथ किशनी रैकी करने आया। उसने बाइक पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाई हुई थी जिसे उसने झाडियों में छिपा दिया। इसके बाद दोनों एक मैरिज होम में चले गये। पर उस पर शक होते ही बारातियों ने उसे पकड लिया और अच्छी तरह से धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया।

## खबरें एक नजर में

### वाणिज्य एवं कम्प्यूटर की परीक्षा में 33 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

**इटावा।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं कड़ी सुरक्षा एवं चाक-चैबंद व्यवस्था के साथ गुरूवार को सम्पन्न कराई गई। प्रथम पाली में हाईस्कूल के वाणिज्य विषय की परीक्षा 18 परीक्षा केन्द्रों पर एवं द्वितीय पाली में इण्टर मीडिएट के कम्प्यूटर विषय की परीक्षा 7 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। प्रथम पाली में हाईस्कूल के 378 पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष 355 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 23 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में इण्टरमीडिएट के 67 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 57 परीक्षार्थी उपस्थित रहे 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में कुल मिलाकर 33 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। आज सम्पन्न हुई बोर्ड परीक्षा में जनपद के किसी भी परीक्षा केन्द्र पर कोई भी नकलची नहीं पकड़ा गया। परीक्षा केंद्रों के मुख्य गेट पर ही परीक्षार्थियों की तलाशी ली गई तथा यह सुनिश्चित करने के बाद की परीक्षार्थी के पास कोई अनधिकृत सामग्री नहीं है उसे परीक्षा कक्ष में जाने दिया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक राजू राणा एवं राजेश दीक्षित प्रधानाचार्य के द्वारा असित इका गंगापुरा, शिवनारायण इका इटावा, शिवाजी शिक्षा निकेतन इका इटावा एवं ज्ञान मंदिर इका फ्रेण्ड्स कालौनीद्व इटावा का निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान दोनों पालियों में अधिकारियों तथा उड़न दस्तों ने लगातार चेकिंग की। सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट बनाए गए थे और स्टैटिक मजिस्ट्रेट बनाए गए अधिकारी पूरी परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र पर ही मौजूद रहे तथा नामित सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट ने भी आवंटित परीक्षा का निरीक्षण किया।

### चित्रकूट के 84 कोसीय परिक्रमा का हुआ शुभारंभ

**चित्रकूट।** परमहंस संत रणछोड़दास जी महाराज की संस्थापित श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के रघुवीर मन्दिर बड़ी गुफा से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दस दिवसीय श्री चित्रकूटधाम 84 कोसीय परिक्रमा प्रारम्भ हुई। जिसमें देश के विभिन्न प्रान्तों से आये साधु, संत, महन्त, श्रद्धालु बढ़चढ़ कर सम्मिलित हुए। यह परिक्रमा प्रतिवर्ष फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया से प्रारंभ होकर द्वादशी तक चलती है। इस वर्ष लगभग नौ सौ यात्री इस परिक्रमा में शामिल हुए जो पैदल चलकर भगवान राम की विहार स्थली चित्रकूट के चारो ओर 84 कोस यात्रा कर वापस रघुवीर मन्दिर पहुंचेंगें। परिक्रमा का आरंभ रघुवीर मन्दिर से संतों व सदगुरु ट्रस्ट रघुवीर मन्दिर के कार्यकर्ताओं ने विधिविधान से पूजन कर रवाना किया। यह परिक्रमा स्फटिक शिला, टाठी घाट, सती अनुसूइया आश्रम, गुप्त गोदावरी, मड़फा पहाड़, भरतकूप, कर्वी, गणेश बाग, कोटतीर्थ देवांगना, हनुमान धारा, रामघाट होते हुए रघुवीर मन्दिर आएगी। जहाँ सभी यात्रियों का स्वागत सत्कार व भंडारा आयोजित किया जाएगा।

### महिला को मारपीट कर किया घायल

**बकेवर/इटावा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सराय नोधना में चार लोगों ने एकराय मिलकर घर में घुसकर एक महिला के साथ लात घुसो से मारपीट की जिससे उसके पेट में अंदरूनी चोटें आई। वही जानकारी के अनुसार ग्राम सराय नोधना के अंकित पुत्र राजीव कुमार निवासी नोधनाने थाने में आकर मुकदमा पंजीकृत कराया बताया कि मेरी पत्नी ऑपरेशन करा के घर में थी जो कि रिंकू पुत्र रविंद्र मिथुन व छोटे पुत्र रविंद्र गुड्डी पत्नी रविंद्र एक राय होकर गाली गलौज देते हुए भारी पत्नी के पेट में लात घुसा से घायल कर दिया जो अपनी जान बचाकर खाने भागी और सूचना दी सभी थानाध्यक्ष ने तत्काल मेडिकल कराकर मुकदमा संगीन धाराओं में पंजीकृत किया वहीं जांच जारी है।

### खेत पर करंट लगने से हैंडपम्प मिस्त्री की मौत

**जसवन्तनगर/इटावा।** खेत पर लगे करंट वाले तार से चिपक कर सिरसा गांव में 45 वर्षीय हैंडपम्प मिस्त्री की मृत्यु हो गई। बताते हैं कि उक्त गांव निवासी रामनरेश यादव गुरुवार की सुबह 6 बजे अपने खेत में पानी लगाने गया था तभी पास के खेत में लगे तारों की बैरिकेटिग में करंट आ जाने से वह किसी तरह उस पर गिर गया जिससे वह बुरी तरह चिपक गया और उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के भाई राम सहाय ने बताया है कि मृतक के दो बेटे सूरज उम्र 14 वर्ष, संदीप उम्र 1 वर्ष तथा एक पुत्री संध्या 3 वर्ष की है वह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। इस घटना के बाद से मृतक की पत्नी रेखा तथा अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक मुकेश सोलंकी ने बताया मामला संज्ञान में आया है पीड़ित पक्ष द्वारा जो तहरीर दी जाएगी उसके अनुसार कार्रवाई करेंगे।

### बाइकों की भिड़ंत में चार लोग हुए घायल

**जसवंतनगर/इटावा।** दो बाइकों की आपसी भिड़ंत में 4 लोग घायल हो गए जिनमें दो की हालत गंभीर बताई गई है। घटना देर शाम की है जब बलरई रोड पर राजपुर नहर पुल के निकट दो बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई इस दौरान नगला विशुन निवासी संजीव 28 वर्ष पुत्र नेमीचंद व आलोक 25 वर्ष पुत्र अशोक कुमार तथा नगला लच्छी निवासी किशन कुमार 45 वर्ष पुत्र रामदास व वीरम सिंह 38 वर्ष पुत्र महेश चंद्र घायल हुए जिनमें संजीव एवं वीरम की हालत गम्भीर बताई गई है।

### महिला की गला घोंटकर हत्या

**बांदा।** जिले में हत्याओं की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के मुरवल पुलिस चौकी के समीप गुरुवार की रात अज्ञात महिला की साड़ी से गला घोंटकर हत्या कर दी गई। शव को सड़क किनारे फेंक दिया गया। सुबह होने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और चौकीदार ने देखा तो घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसपी, अपर पुलिस अधीक्षक, डाग एस्कवायड, फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। मुरवल चौकी के समीप शुक्रवार की सुबह अज्ञात 40 वर्षीय महिला का शव सड़क किनारे पड़ा पाया गया। वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने देखा तो चौकीदार को सूचना दी। सूचना पाकर चौकीदार पुलिस समेत गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। महिला की साड़ी से गला घोंटकर हत्या की गई थी। कुछ ग्रामीणों ने उसके साथ दुष्कर्म होने की भी आशंका जताई थी। सूचना पाकर अपर पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंच गए।

# निखिल की हत्या में आरोपी युवक-युवती गिरफ्तार

**चित्रकूट।** अपहरण कर हत्या की घटना का अनावरण करते हुए पुलिस ने आरोपी युवक-युवती को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि कोतवाली कर्वी के बरवारा गांव निवासी निखिल पटेल पुत्र लखपत घर से लापता था। जिसके सम्बन्ध में आठ फरवरी को कोतवाली कर्वी में गुमशुदगी दर्ज हुई। मामले में 21 फरवरी को कमल उपाध्याय पुत्र धर्मजीत, शनि पुत्र पप्पू निवासीगण बरवारा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई। कोतवाली पुलिस ने कृपाशंकर उपाध्याय उर्फ कमल पंडित की निशानदेही पर गांव के ही नहर के किनारे बांस कोठी के नीचे बने गड्ढे से निखिल पटेल का शव बरामद किया था। पूछताछ में कमल ने बताया कि गांव की युवती से पूर्व में ही निखिल के अवैध सम्बन्ध थे। बाद में उसके भी अवैध संबंध हो गया। तीन जनवरी की रात्रि करीब 11 बजे जब युवती गांव के बाहर मान सिहं के खेत में थी। तब वहां पर निखिल पटेल भी पहुंच गया। इसके बाद फोन कर युवती ने कमल को भी बुला लिया। निखिल पटेल काफी नशे में था और उन्हें बदनाम करने की धमकी देने लगा। इस पर दोनो ने मिलकर निखिल की गर्दन में गमछे का फंदा डालकर दोनों तरफ से कसकर हत्या कर दी थी। बाद में वह शव को अपने कंधे में लेकर बरवारा नहर के अन्दर झाड़ियों के बीच डालकर चला गया था। लाश को छिपाने के लिए अगले दिन रात्रि करीब आठ बजे नहर के किनारे बांस की कोठी के नीचे फावड़ा से गहरा गड्ढा खोदा और दोनो मिलकर शव को उठाकर गड्ढे में रखने के बाद एक बोरी नमक डालकर मिट्टी से ढ़क दिया था। इस दौरान निखिल का मोबाइल उसकी शर्ट की जेब में था। मिट्टी दबाते समय वहीं गिर गया था। अंधेरा होने के कारण खोज नही सका। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। घटना में संलिप्त आरोपी युवती को पुलिस ने उसके घर से जुर्म से अवगत कराकर गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी दीपेन्द्र कुमार सिंह, निरीक्षक अपराध प्रभूनाथ यादव, उप निरीक्षक राधेश्याम सिंह, सदानन्द सिंह, मुन्नीलाल, विनय विक्रम सिंह, मुख्य आरक्षी फरजन्द अली, आरक्षी वीरपाल, धीरेन्द्र किशोर, महिला आरक्षी स्वाती, प्रीति दीक्षित, रचना यादव, पूजा सिंह रहे।

# अफसरों ने विद्यालयों का निरीक्षण कर परखी उत्कृष्टता

**चित्रकूट। समृद्धि न्यूज**



**भारत सरकार** की योजना लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के तहत मौके पर अध्ययन करने के लिए खनिज निर्देशक संजीव वर्मा, एमएनआरई निर्देशक असीम कुमार व जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की उपस्थिति में प्राथमिक विद्यालय बंबिया, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरैया, इंग्लिश मीडियम विद्यालय सोनार का पुरवा, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शिवरामपुर का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय बंबिया के निरीक्षण के दौरान कक्ष संख्या 4-5 में उन्होंने कक्षा अध्यापक से पूछा कि स्मार्ट क्लास के लिए बिजली मिलती है कि नहीं। इसके लिए क्या बैकअप है। जिस पर कक्षा अध्यापक ने बताया कि सोलर सिस्टम से बैकअप लिया जाता है। उन्होंने माडल क्लास देखा। निर्देशक ने एसएमसी रजिस्टर का भी अवलोकन किया। कैंपस के बारे में उन्होंने सराहना किया। कहा कि छोटा है लेकिन बहुत ही अच्छा है। बच्चों के अभिभावकों से वार्ता किया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर मेडिकल जांच भी बच्चों का कराते रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल के मैदान भी मनरेगा से बनवाया जा रहा है। सरैया पूर्व माध्यमिक विद्यालय मानिकपुर स्कूल के स्थापना के बारे में पूछा। एमडीएम, हैंडवाश स्थल, बालक बालिका शौचालय, किचन रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा हाल के सभी दीवारों पर चार्ट लगवाएं। जिससे बच्चों को मोटिवेशन के लिए अच्छा रहेगा। प्रिंसिपल से कहा कि बच्चों को डराएं नहीं, प्रोत्साहित कर पढ़ाएं। उन्होंने मीना मंच प्रोफाइल भी देखा। इंग्लिश मीडियम सोनार का पुरवा शिवरामपुर के संबंध में जानकारी की। बच्चों से पूछताछ की। विद्यालय में बने लाइब्रेरी का अवलोकन किया। कहा कि बच्चों को घर पर पढ़ने के लिए भी किताबें दे। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के वार्डन कविता मिश्रा से सुरक्षा के बारे में भी जानकारी की। छात्रावास कैंपस को भी देखा। डायरेक्टर खनिज ने कहां की छोटा कैंपस होते हुए भी अच्छा बनाया गया है। इस अवसर पर सीडीओ अमृतपाल कौर, बीएसए लव प्रकाश यादव, बीईओ साहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एसएमजीआई जेनरो में छात्र-छात्रों ने बिखेरा जलवा

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

- जय विजय सचान ने स्टैंडअप प्रस्तुति से मचाया धमाल



**एसएमजीआई** में देर शाम आयोजित हुए जेनरो 23 के भव्य समागम में संस्थान में अध्यनरत विभिन्न कोर्स के छात्र छात्राओं ने जेनरो के मंच से अपनी विभिन्न शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। जेनरो 23 के भव्य समागम का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन करने के साथ एसएमजीआई के संस्थापक रहे स्व0 मदनलाल जी एवम उनकी धर्मपत्नी स्व0 राम बेटी यादव जी के चित्र पर पुष्प अर्पण कर हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे एसडीएम सदर विक्रम राघव एवम एसएमजीआई के चेयरमैन डॉ विवेक यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारभ किया। डॉ विवेक यादव ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि, सन 2006 में हमारे इस तकनीकी कैंपस की स्थापना हुई थी तब से लेकर आज तक हमारा यह जेनरो 23 वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संस्थान से जुड़े नए पुराने छात्र छात्राओ का एक दूसरे से परिचय प्राप्त करने का भी एक सशक्त माध्यम बना है। उन्होंने कहा कि,इस प्रकार के आयोजन में प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ अपनी छुपी हुई खेल और विभिन्न सांस्कृतिक प्रतिभाओ को भी निखारने का मौका मिलता है। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पधारे एस डी एम सदर विक्रम राघव ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि, जीवन में हमे किसी न किसी प्रतियोगिता में अवश्य ही शामिल होना चाहिए और पढ़ाई में भी हमे अपना लक्ष्य कभी भी नही भूलना चाहिए। इसी के साथ उन्होंने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओ द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। सबसे पहले नारी शशक्तिकरण पर दिल बोले हडिप्पा के सामूहिक नृत्य में छात्राओ के डांस ग्रुप ने अपनी शानदार प्रस्तुति देते हुए मंच पर उपस्थित जन समूह को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। तत्पश्चात तेरा रंग बल्ले बल्ले..... गाने पर बालिकाओं ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर पंजाबी सुरों और भांगड़ा नृत्य का तड़का लगा दिया। मैं कुड़ी लुधियाने की.....गाने पर छात्राओ ने मंच पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। राजस्थानी गाने आ रा रा रा आयो रे मारो ढोलना.... के गाने पर नृत्य कर छात्राओ मंच पर राजस्थान की संस्कृति की खुशबू बिखेरी। इसके बाद मेरा पिया घर आया ओ राम जी डोला रे डोला मन डोला.... के गाने पर हुबहु नृत्य कर बॉलीवुड क्वीन माधुरी दीक्षित की ही मंच पर याद दिला दी।

तेरी उंगली पकड़ के चला.... तुझे सब है पता है मेरी मां के गाने पर भावात्मक ग्रुप परफोर्मेस देकर सभी लोगों को भावुक कर दिया। इसी बीच सभी ने डॉ विवेक यादव की माता जी स्व0 राम बेटी यादव को याद कर दो मिनट का मौन रख कर प्रणाम कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अगले क्रम में बूमरो बूमरो श्याम रंग बूमरो.... गाने पर विभिन्न छात्राओ ने जम्मू कश्मीर की संस्कृति को संजोया। डोला रे डोला गाने पर पश्चिम बंगाल की संस्कृति से सभी का परिचय कराया। छात्र भी पीछे नहीं रहे मंच पर असीम ऊर्जा का परिचय देते हुए विभिन्न प्रस्तुतियों देकर सभी युवाओ ने अपने सभी साथियों में जोश भर दिया। भारतीय संस्कृति के आध्यात्मिक पहलू से रूबरू कराते हुए छात्राओ ने देवा श्री गणेशा के गाने पर महाराष्ट्रीयन पोशाक में बेहतरीन प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्थान के छात्र दीपक तिवारी ने रावण की भेष भूषा में शिव तांडव स्तोत्र पढ़कर संस्कृत और संस्कृति का बेजोड़ संगम बिखेरा। वहीं छात्र छात्रा कपिल और अंशिका ने सुंदर कपल डांस प्रस्तुत किया। मंच पर रैंप वॉक सेशन में छात्र छात्राओं ने संस्थान में चल रहे विभिन्न कोर्स जिनमे बीबीए,बीसीए,एमबीए, बी फार्मा, डी फार्मा, बीएड, बीटीसी, डीएलएड, बीएससी नर्सिंग, एएनएम, जीएनएम की विभिन्न पोशाकों में मंच पर आकर व्यक्तित्व और विशेषता का परिचय दिया। इसी के साथ सेव बर्ड्स की थीम पर प्रकृति और वन्यजीव संरक्षण का सुंदर संदेश देते हुए छात्र छात्राओं ने विभिन्न पक्षियों की रंग बिरंगी वेशभूषा में मंच पर आकर शिक्षा और प्रकृति संरक्षण से युवाओं को जोड़ने का सुंदर प्रयास किया जिसमे वे विभिन्न प्राणियों की पोशाकों में सभी लोगों का मन मोह रहे थे। इसी के साथ छात्राओ ने दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी,काली सहित नव दुर्गा के विभिन्न रूप में मंच पर आकर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी क्रम में एकता में अनेकता का परिचय देते हुए छात्र छात्राओं ने देश के विभिन्न राज्यों की वेशभूषा में मंच पर आकर भारत की विभिन्न संस्कृतियों के रंग एक ही मंच पर बिखेर दिए। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में प्रियंका सक्सेना व पूजा कुशवाहा प्रमुख रही। जेनरो कार्यक्रम में पधारे कपिल शर्मा शो के फाइनलिस्ट रहे सुप्रसिद्ध। मिमिक्री आर्टिस्ट जयविजय सचान ने विभिन्न फिल्मों कलाकारों की हुबहू आवाजों की नकल करके कैंपस में उपस्थित लोगों को दातों तले उंगलियां दबाने पर मजबूर कर दिया।

# जिले में नकलविहीन व शुचितापूर्ण सम्पन्न कराई जा रहीं बोर्ड परीक्षाएं

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

- हाई स्कूल कृषि विज्ञान की परीक्षा में 14 व इण्टरमीडिएट अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 2664 परीक्षार्थी रहे रणछोड़दास
- डालचंद इंटर कॉलेज लुखरिया के परीक्षा केन्द्र के सीसीटीवी कैमरे ऑनलाइन शो न होने पर डिप्टी कलेक्टर ने जारी किया नोटिस





परीक्षा केन्द्र पर निरीक्षण करते डीआईओएस राजेन्द्र बाबू व जिला कन्ट्रोल रूम से निगरानी करते डिप्टी कलेक्टर अविनाश कुमार गौतम व सह प्रभारी आशीष कुमार शुक्ला

**सरकार** की मंशानुसार यूपी बोर्ड प्रयागराज द्वारा हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं को नकलविहीन एवं शुचितापूर्ण संम्पन्न कराए जाने को लेकर दृढ़ संकल्पित जिला प्रशासन कड़ी चौकसी बरत रहा है। जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेड्टों की टीम लगातार परीक्षा केन्द्रों पर पहुंच कर निरीक्षण कर रही हैं तो वहीं जिला मुख्यालय पर स्थापित कन्ट्रोल रुम में बैठे अधिकारियों द्वारा निगरानी की जा रही है। शुक्रवार को प्रथम पाली में जिले के 15 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित हुई। प्रथम पाली में हाई स्कूल कृषि विज्ञान विषय की परीक्षा में 322 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 308 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 14 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में जिन परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा हुई उनमें बीडी तिवारी इंटर कॉलेज जलालाबाद, सुशीला शर्मा इंटर कॉलेज, भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज अकबरपुर, एसबीएस इंटर कॉलेज कन्नौज, सार्वजनिक किसान उ0 मा0 विद्यालय जगदीशपुर भंवराजपुर, भारतीय जनता इंटर कॉलेज पट्टी हसेरन, कन्हैया लाल सरस्वती विद्या मंदिर मकरंद नगर कन्नौज, पंडित द्वारिका प्रसाद इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर तिर्वा, आरबीएसडी इंटर कॉलेज गागेमऊ, मुन्नी देवी इंटर कॉलेज छिबरामऊ, श्यामा देवी आदर्श जनता इंटर कॉलेज, कुंवर योगेंद्र सिंह इंटर कॉलेज सिकंदरपुर, जागृति पब्लिक स्कूल तालग्राम में परीक्षा आयोजित हुई। कंट्रोल रूम सह-प्रभारी आशीष कुमार शुक्ला ने बताया कि द्वितीय पाली में जनपद के 105 परीक्षा केंद्रों पर इंटरमीडिएट अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। द्वितीय पाली में कुल 23391 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 20727 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 2664 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में डिप्टी कलेक्टर अविनाश कुमार गौतम ने शहर के विद्यालय मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज, सुशीला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, केके इंटर कॉलेज, जेपी गर्ल्स इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र बाबू ने सौरिख ब्लॉक के आशा देवी इंटर कॉलेज, आदर्श शिक्षा सदन इंटर कॉलेज अलीपुर सौरिख, आदर्श बाल विकास इंटर कॉलेज कायमपुर का निरीक्षण किया। कंट्रोल रूम कन्नौज एवं कंट्रोल रूम लखनऊ द्वारा डालचंद इंटर कॉलेज लुखरिया के सीसीटीवी कैमरे ऑनलाइन शो न करने के कारण कंट्रोल रूम से केंद्र व्यवस्थापक को कई बार फोन किया गया, इसके बावजूद समस्या का समाधान न होने पर डिप्टी कलेक्टर द्वारा नोटिस जारी किया गया है। जिला कंट्रोल रूम में कन्ट्रोल रुम प्रभारी डिप्टी कलेक्टर अविनाश कुमार गौतम व सह प्रभारी आशीष कुमार शुक्ला, परीक्षा प्रभारी अखिलेश वर्मा, अनुज कुमार कटियार, सस्मित द्विवेदी, आशीष कुमार शर्मा, मृदुल मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, प्रतीक व रमन लगातार सभी 105 परीक्षा केंद्रों की सतत निगरानी करते रहे।

## दुष्कर्म का वीडियो वायरल करने की धमकी देने का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** विगत 6 माह पूर्व एक युवती के साथ गांव के ही एक युवक ने जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर वीडियो बना लिया और वायरल करने की धमकी देते हुए कई बार दुष्कर्म किया। युवती द्वारा विरोध करने पर माता पिता की हत्या की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़िता द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत जन्माष्टमी की शाम खेत से लौट रही थी। तभी गांव के ही गोलू पुत्र नवाब ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और उसका अश्लील वीडियो बना लिया। वायरल करने की धमकी देकर ना सिर्फकई बार दुष्कर्म किया। बल्कि यह बात किसी को बताने पर उसके माता-पिता को जान से मार देने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# पूर्व प्रधान व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि की अभद्रता से नाराज सचिवों ने दिया धरना

- हसेरन ब्लॉक का मामला, खण्ड विकास अधिकारी के हस्तक्षेप के बाद सचिवों ने धरना किया समाप्त

कन्नौज,समृद्धि न्यूज




धरने पर बैठे ब्लाक क्षेत्र के सचिव — समृद्धि न्यूज

**पूर्व प्रधान** व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा अभद्र व्यवहार करने तथा धमकी देने से नाराज हसेरन ब्लाक के सचिवों ने ब्लाक परिसर में धरना प्रदर्शन किया। हांलाकि वीडीओ और डीडीओ के समझाने-बुझाने पर सचिवों ने धरना समाप्त कर दिया।

पूर्व प्रधान राजेश शाक्य व हसेरन ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पुष्पेंद्र शाक्य पर अभद्रता से पेश आने व आए दिन धमकाने का आरोप लगाते हुए ग्राम सचिवों ने एकत्रित होकर ब्लाक परिसर में धरना प्रदर्शन किया। ब्लॉक परिसर में दरी बिछाकर धरने पर बैठे सचिवों का आरोप था कि हसेरन ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि व पूर्व प्रधान अभद्रता से पेश आते हैं और धमकी भी देते है। सचिवों के धरने पर बैठने की जानकारी होते ही खंड विकास अधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए धरने पर बैठे सचिवों से वार्ता की। काफी समझाने व बुझाने के बाद सचिवों का आक्रोश शान्त हुआ। बताया गया कि ब्लॉक मुख्यालय पर प्रधानमंत्री सामूहिक विवाह योजना का कार्यक्रम चल रहा था। उसी दौरान विकासखंड के ग्राम सचिवों ने दरी बिछाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। खण्ड विकास अधिकारी व ब्लाक के अन्य कर्मचारियों ने सचिवों व पूर्व प्रधान तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि को बैठा कर वार्ता की और दोनो में समझौता करा दिया, जिसके बाद धरना समाप्त हो सका।

# होम्योपैथी चिकित्सा शिविर में मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**जलालाबाद,समृद्धि न्यूज़।** कस्वा जलालाबाद मोहल्ला पठकाना में ÷आयुष आपके द्वार÷ के तहत होम्योपैथिक चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यहां लोगों ने पहुंच कर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। मुख्य चिकित्साधिकारी कानपुर मंडल एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी कन्नौज के निर्देशन में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कुसुमखोर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अनामिका श्रीवास्तव द्वारा साप्ताहिक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आये 66 मरीजों को परीक्षण के बाद दवाएं भी दी गई। जिसमें 23 पुरुष 43 महिलाएं कुल 66 रोगियों का होम्योपैथिक औषधियों से उपचार किया गया। शिविर में आउटसोर्सिंग कर्मचारी अंकित ने भी सहयोग प्रदान किया। इस दौरान महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गीता पाठक समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## बैनामा करने से मना करने पर पुत्र ने पिता को दी धमकी

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** कलयुगी पुत्र ने पिता पर बैनामा करने का दबाव बनाते हुए धारदार हथियार लेकर हमलावर होने पर धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम इंदुइयागंज निवासी ऋषि पाल सिंह पुत्र स्वर्गीय जगतपाल सिंह द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि गुरुवार की शाम वह घर के दरवाजे पर बैठा था। तभी उसका पुत्र वीरेंद्र सिंह उर्फछोटे आया और उससे जमीन का बैनामा कराने की बात कही। उसके द्वारा मना करने पर उसका पुत्र चाकू लेकर हमलावर हो गया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## पुलिस ने तीन घंटे में बरामद किया चोरी हुआ ट्रैक्टर

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम मुरादगंज से ट्रैक्टर चोरी होने की सूचना पर हरकत में आई कोतवाली पुलिस द्वारा खोजबीन कर मात्र 3 घंटे में ट्रैक्टर को बरामद कर ट्रैक्टर स्वामी के सुपुर्द कर दिया। जिससे उसकी खुशी का ठिकाना न रहां। शुक्रवार की सुबह क्षेत्र के ग्राम मुरादगंज में घर के बाहर खड़े पावर टेऊक ट्रैक्टर को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। जिस पर पीड़ित ट्रैक्टर स्वामी ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मझपुरवा चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र पाल ने तत्परता दिखाते हुए हमराह सिपाहियों के साथ ट्रैक्टर की खोजबीन शुरू कर दी और 3 घंटे बाद बाईपास हाईवे पर ग्राम मदारपुर के सामने ट्रैक्टर को बरामद कर लिया। जिसे चोर डीजल खत्म हो जाने पर वही छोड़ गए थे। चौकी प्रभारी द्वारा ट्रैक्टर मालिक तिर्वा रोड निवासी मनोज कुमार के सुपुर्द कर दिया। जिस पर ट्रैक्टर स्वामी ने भावुक होते हुए पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## महिला को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते एक महिला के साथ गांव के ही दो लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला अफसरी निवासी गीता देवी पत्नी सुखदेव द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि गुरुवार की शाम वह अपने दरवाजे पर बैठी थी। तभी मोहल्ले के ही इंद्रदेव व संगीता देवी आए और उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## चार शातिर अपराधियों के खिलाफकी गई गैगेंस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक कुवर अनुपम सिंह के निर्देश पर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराध एवं अपराधियो पर नियंत्रण रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत सदर कोतवाली में पंजीकृत मुकदमों के अन्तर्गत चार शातिर अपराधियों के खिलाफगैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। अपराध एवं अपराधियों पर लगाम लगाए जाने हेतु एसपी के निर्देशन में जिले भर में पुलिस अभियान चला रही है। गुरुवार को एसपी के निर्देश पर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला देविन टोला निवासी संगम दुबे पुत्र सूरज प्रसाद दुबे तथा मोहल्ला कुतलूपुर निवासी रेसू गिहार पुत्र मुन्ना गिहार व मोहल्ला अलाउद्दीनपुर मकरन्द नगर निवासी सुजीत कुमार कुशवाहा उर्फबउआ पुत्र मूलचन्द तथा मोहल्ला कचहरी टोला निवासी साहिले आलम पुत्र तसीरुद्दीन के खिलाफगैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## शातिर अपराधी के खिलाफहुई हिस्ट्रीशीटर की कार्रवाई

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के निर्देश पर थाना तालग्राम पुलिस ने एक शातिर अपराधी के खिलाफहिस्ट्रीशीटर घोषित किएजाने की कार्यवाही की है। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा कानून व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाये रखने हेतु जनपद में एचएस व घोषित अपराधिक माफिया के विरुद्ध पंजीकृत अभियोगों की कार्यवाही के क्रम थाना तालग्राम प्रभारी निरीक्षक ने क्षेत्र के ग्राम कुशलपुर्वा निवासी तोताराम पुत्र मुंशीलाल के खिलाफ हिस्ट्रीशीटर घोषित किये जाने की कार्यवाही की है।

# त्योहारों के मद्देनजर शातिर अपराधियों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

- दस लोगों के खिलाफ हुई गुण्डा एक्ट की कार्रवाई

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**आगामी** त्यौहारों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिकोण से तथा प्रभावी पुलिसिंग कार्यवाही के तहत थाना तालग्राम, कोतवाली कन्नौज व ठठिया पुलिस ने थाना क्षेत्र निवासी 10 लोगों के विरुद्ध गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

आगामी त्यौहारों में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के दृष्टिगत व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शातिर किस्म के दुस्साहासिक अपराधी जिनके विरूद्ध कोई भी गवाही देने का साहस नहीं करता है। इनके विरुद्ध थाना तालग्राम तथा कोतवाली कन्नौज में विभिन्न अपराध पंजीकृत हैं। उच्चाधिकारियों के अनुमोदनोपरांत धारा 3/5 गुण्डा एक्ट निवारक अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गयी है। कार्यवाही के तहत शातिर अपराधी अकबर पुत्र सादिक, निहाल पुत्र मंसूद .इलियास पुत्र अनवर, रियाज पुत्र अनवर, महफूज पुत्र सलीम, आसिफपुत्र इलियास, गुलजार पुत्र बाबूखां सभी निवासी रसूलाबाद थाना तालग्राम तथा रामचंद्र पुत्र धनीराम निवासी मवई, आलोक पुत्र हरिराम निवासी रिहायक थाना कन्नौज व लालू पुत्र रामगोपाल निवासी सिमरापुर थाना कोतवाली कन्नौज एवं नितीश पुत्र सुभाष चंद्र निवासी बँगलियापुर थाना ठठिया के खिलाफ गैंगेस्टर के तहत कार्यवाही की गई है।

# डीएम ने उद्यमियों व निवेशकों के साथ की बैठक





बैठक में निर्देशित करते डीएम व मौजूद अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

- इन्वेस्टर समिट में प्राप्त इन्वेस्ट के प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की कवायद
- समीक्षा बैठक में डीएम ने कहा-जले हुये भू-अभिलेखों के कार्य तीव्र गति से किये जाये

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में इन्वेस्टर समिट में प्राप्त इन्वेस्ट के प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के दृष्टिगत उद्यमियों व निवेशको के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने उद्यमियों व निवेशको की समस्याओं एवं सुझावों को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना तथा संबंधित विभाग के अधिकारियो को समस्याओ के त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग के योजनाओं की विस्तृत एवम् अद्यतन जानकारी रखें और उद्यमियों को भी प्रदान करें। निवेशको को योजनाओ की जानकारी सुगमता से उपलब्ध कराये। निवेशको की समस्याओ का संबंधित विभाग त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। तदोपरांत जिलाधिकारी ने जले हुये भू-अभिलेखों के गांव की साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि जले हुये भू-अभिलेखों के कार्य तीव्र गति से किये जाये। उन्होंने कहा है कि लोगों को विश्वास में लेकर निष्पक्षता के साथ वर्षो पुरानी समस्या का निस्तारण यथाशीघ्र किया जाए। कहा है कि मनलकर कार्य करें और गांव वालों की संतुष्टि लेकर उक्त कार्य को फाइनल करें। बैठक में उप जिलाधिकारी न्यायिक राकेश कुमार त्यागी, उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह, बंदोबस्त अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सीएमओ ने सर्वे किट देकर स्वास्थ्य टीमों को किया रवाना

- क्षय रोगियों की खोज का दूसरा चरण शुरू
- पहले चरण में 4678 लोगों की स्क्रीनिंग में मिले तीन क्षय रोगी

कन्नौज,समृद्धि न्यूज




स्वास्थ्य टीमों को सर्वे किट देते सीएमओ विनोद कुमार — समृद्धि न्यूज

**राष्ट्रीय** क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान चल रहा है। पहला चरण 20 फरवरी से 23 फरवरी तक चला। वही अभियान का दूसरा चरण शुक्रवार से शुरू हुआ है जो 5 मार्च तक चलेगा। पहले चरण में जेल, मदरसा, वृद्धाश्रम, नवोदय विद्यालय, ईट भट्ठा में कुल 4678 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। इसमें 38 लोगों के बलगम के नमूने लिए गए जिसमें तीन लोगों में क्षय रोग की पुष्टि हुई। तीनों ही लोगों का इलाज शुरू कर दिया गया है। शुक्रवार को विनोद दीक्षित चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विनोद कुमार ने स्वास्थ्य टीमों को क्षय रोग सर्वे किट प्रदान कर अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत की। इस दौरान सीएमओ ने कहा कि क्षय रोग असाध्य नहीं है। अगर इसका समय से उपचार हो जाए तो मरीज़ स्वस्थ हो सकता है। स्वास्थ्य टीम जब आपके घर आए और स्वास्थ्य सम्बन्धी कोई सवाल पूछे तो उसका सही जवाब जरूर दें। जिससे इस रोग को खोज कर इलाज शुरू किया जा सके। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. केपी त्रिपाठी ने बताया कि किसी भी व्यक्ति को अगर दो सप्ताह से खांसी, बुखार आ रहा है साथ ही बलगम में खून, वजन कम हो रहा हो, छाती में दर्द और भूख न लग रही हो तो अपने पास के सरकारी अस्पताल में जांच कराकर इलाज शुरू कर दें। उन्होंने बताया की घर-घर टीबी रोगी खोज अभियान की शुरूआत हो गई है, इसके लिए 125 टीमों को रवाना किया गया है। टीमों की निगरानी के लिए 25 सुपरवाइजर लगाए गए हैं। जिले की कुल आबादी की 20 प्रतिशत यानि 3,18,842 लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी। जिसमें से संभावित क्षय रोग के लक्षण वाले व्यक्ति का बलगम का नमूना लिया जाएगा। जांच उपरांत अगर कोई व्यक्ति इस रोग से ग्रसित निकलता है तो उसका इलाज शुरू कर दिया जायेगा। जिला कार्यक्रम समन्वयक रंजीत सिंह ने बताया कि मदरसा में 3445 लोगों की स्क्रीनिंग में 12 लोगों में टीबी के लक्षण मिले। इसमें कोई भी क्षय रोगी नहीं निकला, नवोदय विद्यालय में 315 लोगों की स्क्रीनिंग में 2 लोगों के बलगम के नमूने लिए गए। कोई भी टीबी रोगी नहीं मिला है। जेल में 750 लोगों की स्क्रीनिंग में 24 लोगों के बलगम के नमूने लिए गए जिसमें तीन क्षय रोगी मिले। वृद्धाश्रम में 58 की स्क्रीनिंग में 10 लोगों के नमूने लिए गए जिसमें से कोई भी क्षय रोगी नहीं निकला। ईट भट्ठा में 110 लोगों की स्क्रीनिंग में किसी में भी क्षय रोग के लक्षण नहीं निकले स इस दौरान एसीएमओ डॉ धीरेंद्र आर्या, डाटा एंट्री ऑपरेटर अजहर सहित आशा कार्यकर्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रशासन आपके द्वार योजना के तहत आयोजित हुई चौपाल

जलालाबाद,समृद्धि न्यूज़




चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते वीडीओ निरंजन त्रिवेदी व अन्य

**विकासखंड** जलालाबाद के ग्राम कुलापुर व फ़रिकापुर में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनकी कुछ समस्या का निस्तारण किया गया। जबकि अन्य समस्याओं का निदान जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। शुक्रवार को ग्राम कुलापुर में खंड विकास अधिकारी निरंजन त्रिवेदी की अध्यक्षता में व ग्राम फरिकापुर में एडीओ पंचायत रमेश चंद शर्मा की अध्यक्षता में चौपाल लगाई गई। जिसमें ग्राम फरिकापुर में गामीणों ने आवास, शौचालय, किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था पेंशन व तालाब को लेकर समस्याएं रखी। ग्राम कूलापुर में शरद कटियार ने 25 पात्र लोगों को आवास दिए जाने व श्रीराम ने गांव में घूरे के गड्ढों पर कब्जा हटवाने की मांग की। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और जल्द निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार रूप से जानकारी दी। चौपाल में पशु विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय आजीविका मिशन समेत विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए, जिसमें विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख संरक्षक राजाराम, एडीओ आईएसबी राजीव दीक्षित, प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी डा. मेहर सिंह, सचिव शैलेन्द्र कुमार, प्रमोद कुमार, प्रधान अमीरुल हसन, गोपीकृष्ण, रोजगार सेवक सुशांन्त कटियार, बजरुल हसन, बीएमएम अमित कुमार, नाज़मीन बानो, पंचायत सहायक अंजलि समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

# ड्रोन कैमरे की मदद से पुलिस ने पकड़ी कच्ची शराब



पकड़ी गयी लहन के साथ पुलिस

- सीओ ने हजारों लीटर नष्ट करायी लहन
- अचानक छापेमारी से अवैध कारोबारियों में मचा रहा हड़कंप

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** ड्रोन कैमरा की मदद से पुलिस ने हजारों लीटर लहन पकड़कर नष्ट कर दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव महरूपुर रावी में सीओ अमृतपुर की अध्यक्षता में ड्रोन कैमरा से गिहार बस्ती की निगरानी की गई। जिसमें गांव के किनारे बने हुए एक तालाब में गांव वालों के द्वारा बनाई गई कच्ची शराब व हजारों लीटर लहन पकड़ा। सीओ ने लहन को पुलिस वालों की मदद से नष्ट किया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर सीओ समेत थाना अध्यक्ष अमरपाल की पूरी टीम मौजूद रही। अचानक हुई छापेमारी से शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

# भारतीय किसान यूनियन ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन भानू गुट ने किसानों की समस्याओं को लेकर अमृतपुर तहसीलदार को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गयी कि ग्राम उदयपुर कंचनपुर तहसील अमृतपुर में गाटा संख्या 218 व 219 में अभी तक कब्जा नहीं हटाया गया और न ही कब्जा धारकों पर मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही की गयी। एसडीएम अमृतपुर द्वारा पुनःपैमाइश करायी गयी, परन्तु समस्या का निस्तारण नहीं हुआ। अवधेश सिंह द्वारा कई प्रार्थना पत्र दिये गये, किन्तु पैमाइश भूमाफिया रामवरन के इच्छानुसार की गयी। एक पक्षीय सुनवाई हुई। शिवरतन सिंह का कोई दस्तावेज नहीं देखे गये। अवधेश सिंह द्वारा अपनी पैतृक जमीन की आबादी दर्ज है। वह निर्माण करने की कोशिश करते हैं। भू-माफिया रामवरन निर्माण नहीं होने दे रहा है। ऐसे में कोई अप्रिय घटना हो सकती है। जिलाधिकारी को भी इस संबंध में ज्ञापन दिया जा चुका है। शीघ्र निस्तारण नहीं हुआ, तो संगठन के लोग अनिश्चितकालीन के लिए आमरण अनशन करेंगे इससे पूर्व भी सम्पूर्ण समाधान दिवस में भी ज्ञापन दिया जा चुका है।

# मान्यवर काशीराम महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की बैठक सम्पन्न

- प्राचार्या डॉ0 शिलिनी द्वारा बनायी गयी सलाहकार समिति
- विशेष शिविर लगाये जाने पर बैठक में हुई चर्चा



राष्ट्रीय सेवा योजना की बैठक में मौजूद प्राचार्या व प्राध्यापकगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मान्यवर काशीराम राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 शालिनी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किये जाने वाले विशेष शिविर की बैठक सम्पन्न हुई।

महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ0 शालिनी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की समिति बनायी गयी है। जिसमें सुंदर लाल कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के आग्रह पर सलाहकार समिति बनी है। जिसमें समिति द्वारा माह मार्च में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किये जाने वाले विशेष शिविर पर चर्चा हुई। जिसमें सभी प्राध्यापकगण व शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे। डॉ0 सुंदर लाल ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई समिति के तहत जो भी कार्य होंगे, उसके तहत महाविद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में उच्चतम पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। ऐसे में सभी लोग सहयोग करें, ताकि विद्यालय का नाम रोशन हो। इस मौके पर प्राध्यापक शिल्पी सिंह, महेश कुमार, डा0 सुनील कुमार, सत्येन्द्र कुमार, डा0 अनामिका सक्सेना, डा0 अमित कुमार के साथ-साथ शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रा0वि0 जनैया सिठैया में स्मार्ट क्लास का हुआ शुभारम्भ



प्रा0वि0 जनैया सिठैया में बीईओ द्वारा सम्मानित होते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ब्लाक बढ़पुर के प्रा0वि0 जनैया सिठैया में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी बढ़पुर यासमीन रहमान ने किया।

ब्लाक बढ़पुर के जनैया सिठैया के प्राथविक विद्यालय को निपुण लक्ष्य प्राप्त कर चुके बच्चों को पुरस्कृत करते हुए खण्ड शिक्षाधिकारी यासमीन रहमान ने उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के सभी शिक्षकों को बधाई दी कि निपुण लक्ष्य के तहत बच्चों को पढ़ायें। जिससे वह अच्छी तालीम पाकर विद्यालय का नाम रोशन करें। स्मार्ट क्लास के शुभारंभ पर प्रधानाध्यापिका निशीवाला यादव व संकुल शिक्षक उत्कर्ष यादव का भी उत्साहवर्धन किया। इस दौरान बच्चों को उपहार देकर खण्ड शिक्षा अधिकारी यासमीन रहमान द्वारा सम्मानित किया गया।

इस मौके पर सहायक अध्यापिका निधि मिश्रा, अंजू यादव, डोली देवी, पूनम श्रीवास्तव, मकसूदन लाल, राजपूत व एसएमसी अध्यक्ष जीतपाल आदि लोग मौजूद रहे।

# अपर जिला जज ने जिला कारागार का किया निरीक्षण, बंदियों के लिये हालचाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद के अध्यक्ष जिला जज अश्वनी कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में जिला कारागार फतेहगढ़ का अपर जिला जज सचिव नरेंद्र प्रकाश ने जेल बिजिट के दौरान निरीक्षण किया।



जेल अस्पताल का निरीक्षण करते अपर जिला जज नरेंद्र प्रकाश

जेल निरीक्षण के समय जेल में बने बंदियों की बैरिक, पाठशाला का निरीक्षण किया। चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान भर्ती बंदियों से जानकारी ली गयी तथा उनके बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों को निर्देशित किया गया। चिकित्साल में कुल भर्ती 24 बंदी बताये गये। जिसमें अर्जुन पुत्र बाबूराम, रामलड़ैते पुत्र फकीरे, राम किशोर पुत्र मातादीन आदि बंदियों द्वारा समस्यायें बतायी गयीं। जिनके निराकरण के लिए कारागार के चिकित्सक डॉ0 विजय अनुरागी को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान विचाराधीन बंदियों के खाने में आज के मीनू के अनुसार सुबह के नास्ते का मीनू मीठा दलिया बताया गया। दोपहर खाने में राजमा, दाल, पालक, आलू की सब्जी व रोटी, रात के खाने का अरहर की दाल, फूलगोभी, सब्जी आदि बताया गया। निरुद्ध बंदी लक्ष्मन, सुशील, रजत, धीरेंद्र आदि बंदियों की समस्याओं के निराकरण हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया।

जेल लोक अदालत में 8 विचाराधीन बंदियों के मामले प्रस्तुत किये गये। जिनमें तीन बंदियों के मामले अपर जिला जज शिवम कुमार ने जेल में बितायी गयी अवधि के आदेश पर रिहायी के आदेश दिये। इस मौके पर जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद, कारापाल अखिलेश कुमार, शैलेश कुमार सिंह सोनकर, कृष्ण कुमारी, सरोज देवी, अमरेश प्रताप, यादवेद्र मोहन के अलावा अधिवक्ता, जेल बिजिटर श्यामवीर सिंह सोमवंशी, मोहम्मद अताउल हक कासफी आदि लोग मौजूद रहे। साथ ही जेल में दिये जा रहे भोजन की निरीक्षण के दौरान न्यायिक अधिकारियों ने सराहना की।

# मेला रामनगरिया गंगा परिसर को स्वच्छ कराया जाये

- मेला प्रशासन के खिलाफ गंगा भक्तों में रोष
- जब प्रशासन गंगा परिसर से करता है कमाई, तो उसे कराये स्वच्छ



पांचाल घाट पर लगा गंदगी का अंबार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचाल घाट मेला रामनगरिया क्षेत्र में मेला समाप्त होने के बाद गंदगी का अंबार लगा हुआ है। वैसे तो बहुत लोग गंगा स्वच्छता अभियान की कसमें खाते हैं और वीड़ा उठाने के लिए अखबार में फोटो छपवाकर खानापूर्ति करते हैं। आज भी रामनगरिया क्षेत्र के परिसर में बनाये गये लेट्रीन के टैंक के गड्ढे बने हुए हैं। उनमें गंदगी पड़ी है। किसी ने भी उन गड्ढों को भरना उचित नहीं समझा है, बल्कि यही रामगरिया मेला हर साल लोगों को रोजगार देती है और सरकारी राजस्व में भी बढ़ोत्तरी होती है। नमामि गंगे प्रगल्प के जिला संयोजक रवी मिश्रा व गंगा समग्र के संयोजक आदित्य दीक्षित ने मेला प्रशासन के खिलाफ इस गंदगी को लेकर असंतोष प्रकट किया है। मेला समाप्त हुए एक माह हो चुका है। फिर भी प्रशासन ने उस क्षेत्र को स्वच्छता प्रदान नहीं की है। ऐसा लगता है कि प्रशासन गंगा स्वच्छता के नाम पर गोष्ठियां कराकर खानापूर्ति कराता है। काफी जगहों पर मल मूत्र व गंदगी का अंबार है। ऐसे में हमारी गंगा मोक्षदायिनी कैसे बन पायेगी। लाखों लोग हर साल गंगा स्नान करने भागीरथी के तट पर आते हैं। लेट्रीन टैंकों की सफाई, गड्ढों को बंद कराना, यह प्रशासन की प्राथमिकता है। तत्काल कूड़े के ढेरों को उठवाया जाये। जिससे संक्रमण बीमारी न फैले। जर्जर पैंटून पुल को शीघ्र हटवाया जाये। नही तो कोई अनहोनी हो सकती है। गंगा परिसर क्षेत्र को सम्पूर्ण स्वच्छ कराया जाये। इस संबंध में पहले भी रवी मिश्रा द्वारा प्रशासन को ज्ञापन दिया जा चुका है। ऐसे मे इस समस्या को लेकर प्रशासन ध्यान दे। या तो मेला प्रशासन ध्यान दे, तभी इस गंदगी से निजात मिल पायेगा। लेट्रीन के टैंकों में गाय व जानवर गिरकर फंस रहे हैं। इसकी जवाबदेही मेला प्रशासन कीहै। स्वच्छता अभियान को तेज गति देकर मां गंगा परिसर को स्वच्छ बनाया जाये, क्योंकि इसी गंगा परिसर से मेला प्रशासन कमाई करता है।

# बहनजी ने सर्व समाज के हितों को ध्यान में रखकर किया था कार्यः अभिषेक गौतम



बैठक को संबोधित करते अभिषेक गौतम

- भाजपा, कांग्रेस व सपा आदि पार्टियों की कथनी, करनी में फर्क है
- गांव चलो अभियान के तहत बहुजन समाज पार्टी की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी की बैठक सदर विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर 26 के दीवान मुबारक मोहल्ले में सम्पन्न हुई। बैठक में गांव चलो अभियान के तहत कानपुर मंडल प्रभारी मुख्य अतिथि अभिषेक गौतम व विशिष्ट अतिथि विनोद गौतम ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोग संगठन से जुड़ें और गांव चलो अभियान के तहत पार्टी को मजबूत करें।

जिला उपाध्यक्ष अब्दुल रहमान, रामरतन गौतम, जहांगीर मंसूरी, अवधेश गौतम, प्रमोद यादव, मनोज श्रीवास्तव, अश्वनी गौतम ने बैठक में विचार रखे। मुख्य अतिथि अभिषेक गौतम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी, काग्रेस, समाजवादी पार्टी आदि पार्टियों की कथनी और करनी में फर्क है। बहन मायावती की सरकार में रीति और नीति के तहत हर समाज के लिए कार्यों को किया गया था। काशीराम कालोनियां, महामाया पेंशन योजना के तहत युवाओं को रोजगार, हर समाज के लोगों को सम्मान बिना भेदभाव किये दिया गया था। आज हर समाज का तबका भाजपा सरकार से पीड़ित है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नागेंद्रपाल जाटव ने की।

# आलू के भाव में लगातार हो रही गिरावट से किसान परेशान, लागत नहीं हो रही सीधी



सातनपुर मंडी में आलू की होती बिक्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आलू की दुर्दशा दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। जनपद में आलू की पैदावार पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष ज्यादा होने के कारण आलू के भाव में लगातार गिरावट आ रही है, जबकि सरकार दावा कर रही है कि आलू का निर्यात करेंगे और किसानों को वाजिब मूल्य मिलेगा। बजट के दौरान लोगों को उम्मीद जागी थी जैसे-जैसे बजट आया उसके बाद आलू के भाव में कोई खास इजाफा न होने के कारण आलू किसान कर्जीला होता जा रहा है। सरकार ने समय रहते ध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय में आलू किसान पूरी तरह बरबाद हो जायेगा। शुक्रवार को सातनपुर आलू मंडी में आमद 200 मोटर रही। भाव पिछले दिनों की अपेक्षा स्थिर रहा। सामान्य गड्डु आलू 231 से 311 रुपए कुंटल, छट्टा आलू 351 से 451, सुपर छट्टा आलू 471 से 501 रुपए कुंटल में बिका। शुक्रवार को भी लिवाली सुस्त रही। चिप्सोना आलू मंडी में कम आने से भाव में सामान्य आलू से लगभग 150 से 200 रुपए कुंटल ज्यादा दाम रहे। चिप्सोना गड्डु आलू लगभग 501 रुपए कुंटल, छट्टा आलू 701 रुपए कुंटल तक में बिक्री हुई। आलू आढ़ती अरविंद राजपूत ने बताया कि ऐसी स्थिति में आलू की रैक एक दो लदकर रवाना हो जाये, तो आलू के भाव में उछाल आ जायेगा और किसान को लागत मिल जायेगी।

# विद्युत संविदा कर्मचारियों ने अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन

- होली से पहले कर्मचारियों का हो भुगतान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गयी 3/11 के विद्युत उप केंद्रों पर आउटसोर्स कर्मचारियों के माध्यम से कार्य कर रहे हैं। संविदा कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाये। ज्ञापन में मांग की गयी वर्ष 2022 मार्च तक 38 उप केंद्रों पर 630 कर्मचारी कार्यरत थे, जबकि वर्ष 2022 मई में भारत इंटरप्राइजेज के द्वारा मात्र 587 कर्मचारियों का भुगतान किया जा रहा है। इससे पूर्व वर्ष 2022 अगस्त से 45 कर्मचारियों को हटा दिया गया। जिनका चार माह का भुगतान नहीं किया गया। समस्याओं को ध्यान में रखते हुए शीघ्र भुगतान किया जाये और जनवरी, फरवरी का भुगतान 04 मार्च से पहले होली को ध्यान में रखते हुए कर दिया जाये। संविदा कर्मचारी 08 घंटे के हिसाब से 26 दिन का वेतन दिया जाता है। प्रबंधन के आदेश हैं कि इसके स्थान पर 12 से 24 घंटे के हिसाब से 30 दिन कार्य किया जा रहा है। 03 मार्च 2023 से संविदा कर्मियों की संख्या बढ़ायी जाये। हटाये गये समायोजित किया जाये, जनपद में 41 विद्युत उपकेंद्र हैं। फीडरों की संख्या 193 है। इसके हिसाब से संविदा कर्मचारियों की संख्या बढ़ायी जाये। साथ ही अन्य मांगों को भी ज्ञापन में रखा गया है। जिन्हें पूर्ण कराने की बात कही गयी। अधीक्षण अभियंता ने कर्मियों को उनकी समस्यायें हल कराने का भरोसा दिया।

# बुराई कितनी भी बड़ी क्यों न हो अच्छाई के सामने टिक नहीं सकतीः निराला

- श्रीरामकथा ने पाया विराम, हुआ भंडारे का आयोजन
- बड़ी संख्या में पहुंचकर भक्तों ने पाया प्रसाद



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्तगण

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बा में स्थित भारत दास बाबा के पावन स्थल पर बीते 9 दिवस से श्रीराम कथा का आयोजन चल रहा था। जिसमें कथावाचक संत निराला जी महाराज ने राम राज्याभिषेक की कथा सुनाते हुए कहा कि व्यक्ति को कभी अहंकारी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राम के नाम का स्मरण करते रहना जीवन को सन्मार्ग पर ले जाता है। संसार में बुराई चाहें कितनी भी बड़ी क्यों ना हो वह अच्छाई के सामने कभी टिक नहीं सकती।

अच्छाई और सच्चाई की सदा ही विजय होती है। पापियों के पाप का घड़ा आखिर भरता ही है और उसके पाप ही उस व्यक्ति के अंत का कारण बन जाते हैं। उसी प्रकार भगवान श्री रामचंद्र जी ने रावण का अंत कर लंका विजय प्राप्त कर अयोध्या को वापस लौटे थे। सभी अयोध्या वासियों ने भगवान श्री रामचंद्र के आने पर पूरे नगर में खुशियां मनाई। आपस में एक दूसरे से गले मिल एक दूसरे को बधाइयां दी। कथा के विराम दिवस के उपरांत सभी आयोजकों ने हवन पूजन कर भंडारे का आयोजन किया। जिसमे क्षेत्र की सैकड़ों कन्याओं, पुरुषों, महिलाओं आदि ने प्रसाद ग्रहण किया। इसमें मुख्य रूप से उमेश चंद्र अवस्थी (लेखपाल), राजीव अग्निहोत्री, महेश चंद्र अवस्थी, बजरंग दल राजेपुर प्रखंड के अध्यक्ष रोहित अवस्थी, राजन शुक्ला, मोहित अवस्थी, शिवम अवस्थी, कुन्नू अग्निहोत्री, प्रशांत अवस्थी, सचिन अवस्थी, मुकुल बाजपेई, शिवम सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

# आईजीआरएस के सरसरी निस्तारण में संबंधित पर होगी कार्यवाहीः डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस शिकायत निस्तारण के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी आईजीआरएस के शिकायती प्रकरणों में सुस्पष्ट आख्या लगाकर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें, यदि सरसरी निस्तारण किया गया तो सम्बन्धित की लापरवाही मानते हुए कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

सभी अधिकारी आख्या चेक कर पोर्टल पर अपलोड कराए। बिना अधिकारी के देखे आख्या अपलोड न किया जाए। डिफाल्टर होने से तीन दिन पूर्व ही शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। आवास शिकायतों की समस्त खंड विकास अधिकारी स्वयम जांच करें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, संबंधित सभी अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# महारानी लक्ष्मीबाई गाइड कंपनी का दीक्षा कार्यक्रम सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय राजेपुर के प्रांगण में महारानी लक्ष्मीबाई गाइड कंपनी की छात्राओं को उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड के जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा द्वारा विद्यालय में पंजीकृत एक सैकड़ा छात्राओं को दीक्षा कार्यक्रम संपन्न कराया गया। उक्त कार्यक्रम प्रादेशिक कार्यालय उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड लखनऊ के दिशा-निर्देश में जनपद में शासन द्वारा निःशुल्क पंजीकृत विद्यालयों की श्रंखला में समस्त कस्तूरबा विद्यालयों को भी सम्मिलित किया गया है। शुक्रवार को संस्था के पदाधिकारी सहायक जिला कमिश्नर अनिल सिंह प्रधानाचार्य गंगा पार महात्मा गांधी इंटर कॉलेज राजेपुर की अध्यक्षता में समस्त छात्राओं को दीक्षा कार्यक्रम में सम्मिलित करते हुए दीक्षा कार्यक्रम संपन्न कराया गया। जिसमें अरुणा देवी, ममता रानी, सुकीर्ति बघेल, अरुणा राठौर, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, कुमारी श्रुति की उपस्थिति में सभी छात्राओं को गाइड प्रतिज्ञा कराई गई।



दीक्षा कार्यक्रम के समापन अवसर पर मौजूद कस्तूरबा विद्यालय की छात्रायें व शिक्षक

मैं मर्यादा पूर्वक प्रतिज्ञा करती हूं कि मैं यथाशक्ति ईश्वर और देश के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करूंगी। दूसरों की सहायता करूंगी और गाइड नियम का पालन करूंगी। जिसको सभी छात्राओं ने मनोयोग से स्वीकार करते हुए दीक्षा ली। दीक्षा के उपरांत विद्यालय की प्रभारी वार्डन के द्वारा समस्त छात्राओं को तिलक करते हुए एवं मिष्ठान खिलाकर पुष्प वर्षा की। कार्यक्रम को देखकर बहुत सी छात्राएं भावुक हो गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य अनिल सिंह के द्वारा सभी छात्राओं को मनोयोग से पढ़ाई करते हुए और अपने लक्ष्य निर्धारण करने हेतु प्रेरित किया तथा अवगत कराया की गाइड के नियमों का पालन बहुत ही जरूरी है। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा अभियान में विभिन्न प्रतियोगिताओं चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं प्रिया सक्सेना, मानसी, काजल, कोमल को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित कराया गया। जिला स्काउट मास्टर द्वारा अवगत कराया गया की अग्रिम ट्रेनिंग के रूप में सभी बच्चों को गाठें बंधन, ध्वज शिष्टाचार, टेंट निर्माण करना एवं बिना बर्तन के भोजन बनाना आदि गतिविधियां संपन्न कराई गयी।






# अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

◆ आलू लादने गया था मृतक


रोते बिलखते मृतक के परिजन

**अमृतपुर/राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव महमदपुर गढ़िया के निकट खेतों में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें चालक दबकर गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय वीरपाल पुत्र रामशरण सुरेश सुभाष निवासी घटियाघाट खेतों से आलू भरने राजेपुर गया था। महमदपुर गढ़िया के निकट ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें दबकर वीरपाल गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों की मौके पर काफी भीड़ लग गई और घायल को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भेजा गया। जहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया।

जानकारी होने पर मृतक की पत्नी गुड्डी देवी, पुत्र योगेश, आशीष आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंचे एसआई अजय यादव ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पूछने पर थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश ने बताया कि वीरपाल पुत्र रामशरण आलू भरने के लिए आया था, तभी यह दुर्घटना घट गयी।

# दोहरा हत्याकाण्ड: बर्खास्त पुलिस कर्मी व उसके भाई सेवानिवृत्त रेलवे गेटमैन को आजीवन कारावास

◆ मृतक सुधीर शुक्ला की पुत्री सुवी को प्रतिकर के रुप में 2 लाख 80 हजार रुपये दिया जायेगा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डबल मर्डर के मामले में अपर जिला जज ईसी एक्ट न्यायधीश राकेश कुमार सिंह ने राजवीर सिंह, नरेश सिंह पुत्रगण मोहार सिंह निवासी रारपट्टी एटा, श्रीकृष्ण पुत्र छविनाथ निवासी मोहनपुर कलांन शाहजहांपुर को दोषी करार देते आजीवन कारवास व 3 लाख 20 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

**इस घटना में विवेचक की घोर लापरवाही सामने आयी। जिस महिला मुंन्री देवी को मृतक दिखाया था, उसने 7 नवंबर 2022 को न्यायालय में आकर बयान दिया कि मैं जिंदा हूं और काफी पड़ताल के बाद जानकारी हुई कि मृतक मुंन्री देवी राजवीर की पहली पत्नी थी।**

विगत 20 वर्ष पूर्व थाना कमालगंज के क्षेत्र चौकीदार ने 12 जुलाई 2003 को पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि कतरौली पट्‌टी के निकट रेलवे ट्रैक के पास एक पुरुष अज्ञात शव पड़ा था और कुछ दिन बाद एक महिला का शव भी पड़ा मिला था। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया था। थाना कमालगंज के एसआई एचएल वर्मा ने साक्ष्य गवाह के आधार शिनाख्त सुधीर शुक्ला, मुंन्री देवी कानपुर के रुप में की थी। उस घटना का पुलिस ने राजवीर, नरेश पुत्रगण मोहर सिंह, श्रीकृष्ण, अमर सिंह, पवन गुप्ता के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। जिसमें मृतक महिला मुन्नीदेवी निवासी कानपुर का नाम विवेचक ने दिखाया था वह जिंदा निकली और मरने वाली महिला मुंन्री देवी राजवीर की पहली पत्नी थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता हरनाथ सिंह, अखिलेश कुमार, श्रवण कुमार की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला जज ईसी एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने श्रीकुष्ण, राजवीर, नरेश को दोषी करार देते आजीवन कारावास से दण्डित किया।



श्रीकृष्ण को कुल जुर्माना 1 लाख रुपये में से मृतक की पुत्री को 90 हजार दिया जायेगा। राजवीर के कुल जुर्माना 1लाख 10 में से 95 हजार मृतक की पुत्री को दिया जायेगा। नरेश के कुल जुर्माना 1 लाख 10 हजार में से 95 हजार रुपये मृतक की पुत्री को दिया जायेगा। मुकदमा विचारण के दौरान पवन गुप्ता की मृत्यु हो गयी थी। वहीं साक्ष्य के आभाव के कारण अमर सिंह को दोष मुक्त कर दिया गया। बीते बीस वर्ष पूर्व घटी घटना में शुक्रवार को न्याय मिलने से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है।

## बीडीओ ने अनुपस्थित सात कर्मचारियों का रोका वेतन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड अधिकारी 10:15 बजे कार्यालय पर पहुंचे तो देखा कि सभी कर्मचारी अनुपस्थित है। जिस पर उनका पारा चढ़ गया। बीडीओ गगनदीप सिंह ने मनरेगा से सेल तकनीकी सहायक कार्यालय, खंड प्रेरक कार्यालय सहित सभी का निरीक्षण किया। वहां सभी कर्मचारी नदारद मिले। बीडीओ ने मनरेगा सेल में एपीओ गौरव दिवाकर, राहुल चंदेल, आलोक पाठक, खंड प्रेरक कार्यालय पर दिनेश कुमार, योगेंद्र सिंह तथा नियोजन विभाग से इंदल सिंह, बीएमएम तथा वरिष्ठ लिपिक सुरेश कुमार सहित सभी तकनीकी सहायक के वेतन रोकने की कार्रवाई की गई, लेकिन स्थापना लिपिक आलोक दीक्षित के मुताबिक राहुल चंदेल तथा दो और कर्मचारी 11 बजे कार्यालय में उपस्थित हो गए। जिनको बीडीओ ने खरी-खोटी सुनाकर स्पष्टीकरण देने की बात कही। बीडीओ ने बताया कि कार्यालय पर किसी भी तरह के कार्यों में शिथिलता नहीं होनी चाहिए।

# हुड़दंग किया तो हवालात में मनेगी होली



शांति कमेटी की बैठक लेते थानाध्यक्ष

▸ थानाध्यक्ष ने ली शांति कमेटी की बैठक

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** आगामी त्योहार होली को लेकर थानाध्यक्ष अमृतपुर संत प्रकाश पटेल ने क्षेत्र के प्रधानों व संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली प्रेम व सौहार्द का त्यौहार है, सभी लोगों को मिल झुलकर मनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपराधी व अपराध करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। हुड़दंग करने वालों की जगह हवालात में होगी।

हुसैनपुर राजपुर में होली की जगह को लेकर विगत वर्ष हुए विवाद को लेकर थानाध्यक्ष सख्त दिखे। उन्होंने कहा कि इस बार अगर गड़बड़ी की तो तुरंत सीधे जेल भेज दिया जायेगा। वहीं नए गांव में होली की जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए चौकी इंचार्ज अमित शर्मा को निर्देश दिए। इस दौरान थानाध्यक्ष ने डीजे संचालकों को सख्त निर्देश दिये कि होली पर बिना अनुमति के डीजे न बजाये। इस दौरान प्रधान नगला हूषा रामवरन सक्सेना, प्रवीण कुमार कुशवाहा प्रधान मुजहा, राजकुमार प्रधान करनपुर दत्त, मुलायम सिंह प्रधान हुसैनपुर राजपुर, रोहित यादव प्रधान परतापुर, संदीप तिवारी प्रधान प्रतिनिधि फकरपुर, अनुराग शुक्ला प्रधान प्रतिनिधि अमृतपुर, कालीचरन वर्मा, दरोगा उदयवीर सिंह, दरोगा नरसिंह यादव, दरोगा कमलेश, चौकी इंचार्ज अमृतपुर आदि मौजूद रहे।

## छत से गिरकर बालिका घायल

**कायमगंज (सं.)।** जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव पितौरा निवासी सुग्रीव की 4 वर्षीय पुत्री ऐना छत पर खेल रही थी, तभी वह अचानक नीचे गिकर गंभीर घायल हो गयी। परिजनों ने आनन-फानन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद् में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार जारी है।

# हत्या के प्रयास में दो भाइयों को दस वर्ष का कारावास

▸ उधारी के 250 रुपये मांगने पर हुआ था विवाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उधारी के रुपये के मांगने पर दो सगे भाइयों ने दुकानदार के ऊपर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया था। अपर जिला जज प्रथम न्यायाधीश विष्णु चन्द्र वैश्य ने धारा 307 के मामले संतोष, दिनेश पुत्रगण रक्षपाल निवासी डूंगरपुर मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते 10 वर्ष कारवास 50-50 हजार रुपये के जुर्माना से दण्डित किया।

विगत 17 वर्ष पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम डूंगरपुर निवासी राजवीर ने पुलिस को दी गयी तहरीर में दर्शाया कि मेरा भाई अनिल मोहम्मदाबाद चौराहा पर मिठाई की दुकान किये हुए है। गांव के ही संतोष, दिनेश पुत्रगण रक्षपाल ने 250 रुपये की मिठाई उधार ली थी। कई बार रुपये मांगने पर रुपये नहीं दिए। 1 फरवरी 2006 को मेरा भाई अनिल संतोष, दिनेश से पैसे मांगने के लिए गया। वह लोग गाली-गलौज करने लगे। मौके पर भतीजा धीरेंद्र आ गया। उक्त लोगों ने लाठी-डंडों से धीरेंद्र का सर फोड़ दिया और मेरे भाई को जान से मारने की नियत से गोली मार दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेयी, तेज सिंह की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला जज प्रथम विष्णु वैश्य ने सन्तोष, दिनेश को दोषी करार देते हुए दोनों आरोपियों को 10-10वर्ष का कारवास व 50-50 हजार का अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया।



# खबरें चलते-चलते

## शराबी पुत्र ने मां को पीटा, निकाले रुपये

**नवाबगंज (सं.)।** शराबी पुत्र ने मां के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी और बक्से में रखी नौ हजार की नगदी लेकर फरार हो गया। पीड़िता ने घटना के संबंध में पुत्र के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव कढ़िउली निवासी हसीना बेगम पत्नी लियाकत खान ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उनका पुत्र जैनुद्दीन शराबी है। वह आये दिन उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट करता है। शुक्रवार सुबह पुत्र जैनुद्‌दीन शराब के नशे में आया और मारपीट कर बक्से में रखी 9 हजार की नगदी तथा जेवर निकाल लिये। जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस की शरण ली। बबना चौकी इंचार्ज ने पीड़िता को मामले की जांच कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## मार्ग दुर्घटना में चार घायल

**कायमगंज (सं.)।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में चार लोग घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। थाना क्षेत्र के गांव औजन नगला निवासी सुखराम व राम निवास नगर के मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा निवासी राजाराम, मोहम्मदाबाद के गांव शेखपुर निवासी आकाश मार्ग दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को आसपास के लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सुखराम को लोहिया के लिए रेफर कर दिया।

## मोहम्मदाबाद ब्लाक प्रमुख अमित दुबे की जमानत मंजूर

**फर्रुखाबाद (सं.)।** विगत वर्ष पूर्व में शहर कोतवाली में वादी शाशि पत्नी प्रमोद कुमार निवासी बिर्राबाग, सोबरन पुत्र राजकुमार निवासी आवास विकास, मोहन कुमार पुत्र छोटे सिंह निवासी पटेल पार्क गुरुशरण पैलेस के पास जमीन कब्जे को लेकर तहरीर दी थी। पुलिस ने पुलिस ने अनुपम दुबे, अमित दुबे, अभिषेक दुबे, अनुराग दुबे पुत्रगण महेश चंद्र दुबे व 1 अज्ञात के विरुद्ध धारा 147, 386, 447, 420, 467, 468, 471, 506 भारतीय दंड संहिता के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। जिसमें न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। उक्त सभी मामलों में जमानत याचिका मंजूर हो गयी है।

## खेत पर गई किशोरी लापता, अपहरण का मुकदमा दर्ज

**मेरापुर (सं।)।** नाना को खेत पर खाना देने गई किशोरी लापता हो गई। मेरापुर पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात में अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने अपनी 16 वर्षीय पुत्री के लापता हो जाने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें दर्शाया कि 20 फरवरी की शाम किशोरी अपने नाना को खेत पर खाना देने गई थी, लेकिन वापस घर नहीं आई। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। 23 फरवरी को एक नंबर से किशोरी का पिता के मोबाइल पर फोन आया, लेकिन बात नहीं हो सकी। ऐसे में परिजन और परेशान हो गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच संकिसा चौकी प्रभारी अच्छेलाल पाल को सौंप दी।

## दिल्ली से घर आ रहा युवक लापता, दी तहरीर

**नवाबगंज (सं.)।** दिल्ली से आए युवक ने नवाबगंज चौराहे पर होने की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों को युवक न मिलने पर काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। तब जाकर पीड़ित ने भाई के गायब होने की पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरु कर दी। थाना क्षेत्र के गांव राजा रामपुर मेई निवासी अंशु दीक्षित पुत्र प्रमोद दीक्षित ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसका 30 वर्षीय भाई मयंक दीक्षित जो कि दिल्ली में रहकर प्राइवेट फैक्ट्री में नौकरी करता है। 24 फरवरी को उसका भाई दिल्ली से घर वापस आ रहा था। उसने फोन पर सूचना दी कि वह नवाबगंज चौराहे पर आ गया है और उसको बुला ले जाओ। सूचना पर मैं बाइक से बुलाने नवाबगंज चौराहे पर पहुंचा तो भाई मयंक नहीं मिला और उसका मोबाइल भी स्वीचऑफ जा रहा है। काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने भाई के साथ कोई अनहोनी की आशंका जतायी है।

# श्रीकृष्ण की लीला सुन भक्त हुए भावविभोर


व्यासगद्दी की आरती करते बीडीओ

▸ बीडीओ ने पहुंचकर की पूजा अर्चना

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सैथरा में नवनिर्मित मंदिर पर ग्राम प्रधान हर्षद गंगवार ने ग्राम पंचायत के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया। जिसमें कथावाचक गोल्डी शास्त्री तथा एक अन्य शास्त्री के द्वारा अस्थल मंदिर पर श्री कृष्ण जन्म लीला की कथा का श्रवण कराया। वहीं बीडीओ गगनदीप सिंह ने श्रीमद् भागवत कथा स्थल पर पहुंचकर पूजा अर्चना कर आरती की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान तथा अन्य ग्रामीणों ने विकास खंड अधिकारी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

## पिन्कू की पत्नी ने मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज कराये बयान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते वर्ष दिसम्बर माह 2022 में पुलिस मुठभेड़ में चांदपुर निवासी पिकू उर्फ रिंकू उर्फ देवेंद्र की मौत हो गयी थी। इसी मामले की मजिस्ट्रेट जांच चल रही है। जिसमें मृतक की पत्नी अंशू भारती ने सदर एसडीएम के समक्ष पेश होकर अपने बयान दर्ज करवाये। मृतक रिन्कू की पत्नी ने बताया कि मेरा पति झोला छापने का काम दिल्ली में करता था। पुलिस उसे घर से बुला ले गयी और बता रही है कि मुठभेड़ में तुम्हारा पति मारा गया है। हम चाहते है जो भी दोषी हो उसे सजा मिले।

### चार वांछित गिरफ्तार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने वांछित शहजाद पुत्र लालबाबू निवासी कुंवरपुर, सलीम पुत्र मोहम्मद मियां, आरिफ पुत्र मोहम्मद मियां निवासीगण ग्राम शेखपुर रूस्तमपुर, किशोर पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम मिर्जा नगला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# कोर्ट ने दुष्कर्म का मामला दर्ज करने का आदेश

▸ शादी का झांसा देकर तीन वर्ष तक शारीरिक संबंध बनाने का मामला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती ने मोहल्ला चोवदारान निवासी युवक प्रेम, उसके भाई रजत व मां राकेश कुमारी के खिलाफ कोर्ट में अर्जी दायर की थी। इसमें कहा कि भांजे के साथ युवक प्रेम उसके घर आता जाता था। इस कारण प्रेम से घरेलू संबंध हो गए। मई 2020 को प्रेम घर पर आया। उस समय माता-पिता व भाई घर पर नहीं थे। वह घर पर अकेली थी। अकेला पाकर प्रेम ने उसके साथ जबरदस्ती गलत कार्य किया। जब माता-पिता घर पर आए तो उनको घटना की जानकारी दी। परिजनों ने प्रेम को घर पर बुलाया, तो प्रेम ने कहा कि वह शादी करेगा। इसके बाद प्रेम बराबर उसके घर आने लगा और शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरियन शारीरिक संबंध बनाता रहा। 11 नवंबर 2022 को बहनाई उसके घर शादी की बात व तारीख तय करने के लिए गए। प्रेम के बड़े भाई रजत ने बहनाई के साथ गाली-गलौज किया और शादी करने से इनकार कर दिया। सभी लोगों ने मिलकर बहनाई को मारपीट कर घर से भगा दिया। इसकी शिकायत शहर कोतवाली में की। पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया। वहां युवक प्रेम शादी करने के लिए तैयार हो गया। उसके भाई और मां ने आपसी समझौता पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद जब शादी करने के लिए कहा तो प्रेम, उसके भाई और मां ने पांच लाख रुपये देने की मांग की। रुपये न देने पर शादी करने से इनकार कर दिया। युवक तीन साल तक शारीरिक शोषण करता रहा, लेकिन शादी नहीं की। अर्जी पर सुनवाई के बाद सीजेएम प्रवीन कुमार त्यागी ने शहर कोतवाल को घटना की रिपोर्ट लिखने का आदेश दिया है।

## प्रधान पर रुपये लेने का लगाया आरोप, हुई मारपीट

### बीडीओ ने जन चौपाल बीच में ही की निरस्त

**नवाबगंज (सं.)।** जन चौपाल के दौरान मृत्यु प्रमाण के नाम पर रुपये लेने का आरोप ग्रामीणों ने प्रधान पर लगाया। इस दौरान विवाद होने लगा। इस दौरान मारपीट होने लगी। बीडीओ गगनदीप ने चौपाल का कार्यक्रम बीच में ही निरस्त कर दिया। हर शुक्रवार को 2 ग्राम पंचायतों में विकास खंड के द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया जाता है। जिसमें ग्राम पंचायत ज्योना तथा ग्राम पंचायत ज्योनी में ग्राम चौपाल का आयोजन होना था। बीडीओ गगनदीप सिंह ग्राम पंचायत ज्योना में जनता की समस्याएं सुन रहे थे, तभी ग्राम पंचायत ज्योनी के ग्रामीणों को सूचना मिली कि जन चौपाल का आयोजन होने जा रहा है। जिस पर ग्रामीण एकत्र हो गए और ग्राम प्रधान पर मृत्यु प्रमाण पत्र के नाम पर 6 हजार रुपये वसूली का आरोप लगाते हुए ग्राम प्रधान बबलू सिंह के साथ गाली-गलौज कर दिया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। सूचना मिलने बीडीओ ने चौपाल कार्यक्रम निरस्त कर दिया। इस मौके पर एडीओ आईएसबी प्रवेश राजपूत, नियोजन विभाग से इंदल सिंह, बीएमएम ममता पाल मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन को अमृत योजना में विकसित किया जायेगा: सांसद


रेडियंटों हॉस्पिटल में पत्रकार वार्ता करते सांसद मुकेश राजपूत मौजूद रुपेश गुप्ता, जितेन्द्र सिंह आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रेलवे को अमृत योजा में विकसित किया जायेगा। आम बजट में दस लाख करोड़ इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए दिया गया है। भारत में जीडीपी बढ़ रही है, जबकि अन्य देशों में जीडीपी घट रही है। यह बात सांसद मुकेश राजपूत ने भाजपा नेता जितेंद्र सिंह राजावत के लकूला रोड स्थित रेडियंटों हॉस्पिटल में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना में कई लाख लोगों को मकान सर ढकने के लिए दिए गए। उसके बाबजूद इस बजट में 66 प्रतिशत बजट पीएम आवास में फिर बढ़ाया गया और अस्सी हजार करोड़ की व्यवस्था की गई। उन्होने ने कहा कि रेलवे को बजट में 2.40 लाख करोड़ रुपया दिया गया। जो गत वर्ष से नौ गुना ज्यादा है। इस बजट से देश के 1271 रेलवे स्टेशनों को अमृत योजना में जिसमें फर्रुखाबाद स्टेशन भी शामिल है, को विकसित किया जायेगा। सांसद ने कहा कि मैंने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से किसान रेल को फर्रुखाबाद में चालू कराने का अनुरोध किया है। जिससे आलू की लोडिग लम्बे रूट के लिए हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में197 पैरामेडिकल कालेज में नर्सिंग कालेज खोले जायेंगे। जिससे नर्सो की कमी को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि अब सेप्टिक टैंक को सफाई कर्मचारियों द्वारा साफन करके मशीनों से साफ किया जायेगा, क्योंकि इससे पहले सेप्टिक टैंक को साफ करने से गैस में घुटकर सफाई कर्मचारियों की मृत्यु हो जाती थीं। उन्होंने कहा कि अब गरीबों को डाकघर में अल्प बचत में एक प्रतिशत ब्याज बढ़ाकर 8.50 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। डाकघर में ही इंदिरा विकास पत्र एवं किसान बचत पत्र की तरह केवल महिलाओ के लिए 7.50 प्रतिशत ब्याज के साथ महिला सम्मान बचत पत्र की शुरुआत की गई है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, ठाकुर जितेंद्र सिंह रजावत, हिमांशू गुप्ता, संजीव गुप्ता, शिवांग रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# उमेश गुप्ता बने आप व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष


स्वागत के दौरान मौजूद नव नियुक्त पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को सिंह वाहिनी कॉलोनी सातनपुर रोड पर आम आदमी पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ का गठन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष इंजीनियर नीरज प्रताप शाक्य रहे। अध्यक्षता ठाकुर सर्वेंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम में व्यापारी उमेशचंद्र गुप्ता को व्यापार प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष गोपाल वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा मोहम्मद साजिद खान को महासचिव मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष नीरज प्रताप शाक्य ने बताया कि जीएसटी की विसंगतियों को अभी तक दूर नहीं किया गया है। जनपद में व्यापार अंतिम सांसें ले रहा है और व्यापारी हैरान परेशान है। ऊपर से प्रशासनिक अत्याचार तथा बुलडोजर का डर व्यापारी को सता रहा है। आम आदमी पार्टी व्यापारियों का पूरा ख्याल रखती है और उनके हितों में दिल्ली में किया गया कार्य सराहनीय है। उमेश चंद गुप्ता ने व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बनने के बाद कहा कि हम सभी को जोड़ने का प्रयास करेंगे। नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। ठाकुर सर्वेंद्र सिंह ने कहा की व्यापारी देश के विकास में बहुत बड़ी भूमिका निभाता है, लेकिन सरकार चंद पूंजीपतियों ख्याल रखती हैं और आम व्यापारी के लिए मुसीबत का सबब बने हुए हैं। व्यापार में बढ़ोतरी हो तथा लोगों को रोजगार मिल सके इसके लिए व्यापार प्रकोष्ठ एक बहुत जरूरी कडी है। हम सभी को मिलकर आम आदमी पार्टी को आगे बढ़ाने की जरूरत है सभी देश का सर्वांगीण विकास होगा। इस मौके पर जिला महासचिव ठाकुर कुलदीप सिंह, आईटी सेल प्रभारी अंकित शाक्य, युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमन सिंह, प्रदीप सिंह, डॉ0 अजीत सिंह, सुनील सिंह, किशन कुमार, विनीत दुबे, राहुल दुबे, रघुराज सिंह, फौजी सुधीर कुमार, माजिद खान, शाहनवाज हुसैन, कुंदन सिंह तथा बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे। संचालन जिला महासचिव ठाकुर कुलदीप सिंह ने किया।